आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
* होलिका दहन”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 46 | उज्जैन, सोमवार 02 मार्च, 2026 | फाल्गुन शुक्ल 14 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

दो शिक्षिकाओं की उपस्थिति में छात्रा की ‘पगड़ी’ खुलवाकर देखी और ‘कृपाण’ उतरवाई

# पीएससी की ‘सेट’ परीक्षा में सिख अमृतधारी छात्रा की पगड़ी खुलवाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रविवार को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर की राज्य पात्रता परीक्षा के दौरान रतलाम में सिख छात्रा की पगड़ी खुलवाने पर हंगामा हो गया। सिख समाज ने इस पर आपत्ति जताते हुए विरोध किया। मामला सागोद रोड स्थित उत्कृष्ट स्कूल के परीक्षा केंद्र पर हुआ। छात्रा राजस्थान के चितौड़गढ़ से परीक्षा देने आई थी। विरोध की सूचना पर प्रशासनिक अधिकारी भी परीक्षा सेंटर पर पहुंचे। प्रशासन ने घटनाक्रम को लेकर समाजजनों से खेद व्यक्त किया।

### रतलाम सिख समाज ने केंद्र पर जाकर विरोध जताया, अधिकारियों ने माफी मांगी

परीक्षा के लिए रतलाम में 16 केंद्र बनाए गए। सागोद रोड स्थित उत्कृष्ट स्कूल के परीक्षा केंद्र में अमृतधारी छात्रा गुर्लिन कौर पिता महेंद्रपाल सिंह चितौड़गढ़ से परीक्षा देने आई थी। परीक्षा का समय दोपहर 12 से 3 बजे तक था। परीक्षार्थी जांच के दौरान छात्रा की भी महिला स्टाफ ने अलग रूम में ले जाकर जांच की। इस दौरान छात्रा के सिर पर दुमाला साहेब (पगड़ी) पहन रखी थी। जिसे उतरवा दिया गया। साथ में ही कृपाण (कटार) भी निकलवाई गई। छात्रा के साथ परीक्षा केंद्र पर रतलाम के परिजन वीरेंद्रसिंघ भी आए थे। इस बारे में उन्हें जानकारी लगी। तब उन्होंने समाज के अन्य लोगों को सूचना दी।

### समाजजन ने विरोध जताया

परीक्षा केंद्र पहुंचे सिख समाजजनों के समक्ष केंद्राध्यक्ष व स्कूल प्रिंसिपल सुभाष कुमावत के समक्ष आपत्ति जताई। इसके बाद एसडीएम आर्ची हरित, ग्रामीण एसडीएम विवेक सोनकर, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, डीडी नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव पहुंचे। समाजजनों ने अधिकारियों के समक्ष छात्रा की पगड़ी उतारने पर आपत्ति जताई। समाजजनों ने कहा हमारी भावनाएं आहत हुई है। परीक्षा के निर्देश पर ऐसा कही नहीं लिखा है कि पगड़ी उतारी जाए। समाजजन जांच करने वाली शिक्षिका पर कार्रवाई की मांग करने लगे। काफी देर तक समझाने के बाद अधिकारियों ने खेद जताते हुए माफी मांगी। तब जाकर मामला शांत हुआ।

- **अमृतपान धारी है छात्रा-** बकौल श्री गुरुसिंघ सभा न्यू रोड रतलाम अध्यक्ष अवतार सिंह सलूजा समाज की बच्ची अमृतपान धारी थी जिसके तहत उसने दुमाला पगडी पहन रखी थी। उसे धर्म नियमअनुसार 5 क का पालन करना ही है। उसकी दुमाला उतरवाई गई, कृपाण उतरवाई गई। इससे बच्ची को मानसिक यंत्रणा मिली है। इसके साथ ही धर्म चिन्हों का अपमान भी किया गया है। इस मामले पर समाजजन आगे बैठकर विचार विमर्श करेंगे। जिम्मेदारों ने अज्ञानतावश की गई गलती की माफी तो मांगी है।
- **राजस्थान में कभी ऐसा नहीं हुआ-** परीक्षा देकर बाहर आई छात्रा गुर्लिन कौर ने बताया परीक्षा के दौरान दस्तार खोल कर जांच की। कृपाण (कटार) भी निकलवाई गई। यह हमारा कल्चर है, इसे हम फॉलो करते हैं। पहले भी कई परीक्षा राजस्थान में दी है लेकिन कभी ऐसा नहीं हुआ।

अमेरिका-इजराइल ने ईरान पर 24 घंटे में 1200 बम गिराए

# सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत

## बेटी-दामाद, बहू-पोती भी मारी गईं, ईरान ने कहा खतरनाक बदला लेंगे

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव/तेहरान



इजराइल की वायु सेना का कहना है कि उसने अमेरिका के साथ संयुक्त हमले में पिछले एक दिन में ईरान पर 1,200 से ज्यादा बम गिराए हैं। इन हमलों में सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई है।

उनके ऑफिस कॉम्प्लेक्स पर शनिवार को 30 मिसाइलों से हमला हुआ था। हमले में उनकी बेटी-दामाद, बहू और पोती समेत कॉम्प्लेक्स में मौजूद 40 कमांडर्स भी मारे गए हैं। हमले के समय खामनेई कमांडर्स के साथ मीटिंग कर रहे थे। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने शनिवार देर रात खामनेई के मारे जाने की बात कही थी। इसके कुछ देर बाद अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी उनके मारे जाने का दावा किया था। रविवार सुबह ईरान की सरकारी मीडिया एजेंसी तसनीम और फार्स ने इसकी पुष्टि की।

खामनेई के मारे जाने पर ईरान में 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन की छुट्टी घोषित कर दी गई है। ईरानी इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने कहा, हमने एक महान नेता खो दिया है और पूरा देश शोक मना रहा है। इधर ईरानी सेना ने कहा कि वह सबसे खतरनाक अभियान की शुरूआत करने जा रही है। हमला कुछ देर में शुरू होगा और अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा।

### पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर हमले में 12 की मौत

### यूएन ऑफिस में आग लगाई कतर-दुबई में धमाके, भारत में 350 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल का ईरान पर लगातार दूसरे दिन हवाई हमला जारी है। ईरान भी इजराइल और मिडिल ईस्ट के 8 देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर रहा है। आज सुबह ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत की पुष्टि हुई। इसके विरोध में पाकिस्तान के कराची में हजारों शिया मुसलमानों ने सड़कों पर प्रदर्शन किया। इजराइल-अमेरिका के खिलाफ नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास में घुसने की कोशिश की। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों की फायरिंग में 12 से ज्यादा लोगों की मौत की खबर है। कई युवक घायल भी हैं। पाकिस्तान के ही स्कर्दू में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस पर आग लगा दी। ईरान का मिडिल ईस्ट के राज्यों पर लगातार हमला जारी है। आज सुबह से कतर, दुबई, अबू धाबी में मिसाइ-ड्रोन से अटैक हो रहे हैं। कतर में मौजूद भारतीयों ने हमले के वीडियो भी शेयर किए हैं।

### ईरान में 200 की मौत, 740 घायल

इजराइल और अमेरिका ने ईरान की राजधानी तेहरान समेत 10 बड़े शहरों को निशाना बनाया। हमलों से अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 148 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। ईरान ने भी देशों पर जवाबी हमले किए थे।

## भोपाल में लगे अमेरिका-इजराइल मुर्दाबाद के नारे



दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

अमेरिका और इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर भारत के शिया समुदाय में भी शोक की लहर है। भोपाल के करोंद स्थित शिया मस्जिद में रविवार को जोहर की नमाज के बाद श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

सभा को संबोधित करते हुए इमाम बाकर हुसैन ने कहा- पूरी दुनिया उस शख्सियत को जानती है, जिसने जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई और मजलूमों का साथ दिया। खामेनेई ने अपने जीवन में अत्याचार का विरोध किया और इस्लामी इंकलाब के सिद्धांतों को आगे बढ़ाया।

उन्होंने इमाम हुसैन की मौत का जिक्र करते हुए कहा- इतिहास गवाह है कि किसी विचारधारा या आंदोलन को किसी एक व्यक्ति के जाने से समाप्त नहीं किया जा सकता। इंकलाब की राह आगे भी जारी रहेगी और उसे आगे बढ़ाने वाले लोग मौजूद रहेंगे।

## नागपुर में बारूद कंपनी में ब्लास्ट से 17 लोगों की मौत

### 18 की हालत गंभीर, मटेरियल बनाते वक्त हुआ धमाका



एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र में नागपुर जिले के राउलगांव स्थित गोला-बारूद निर्माण कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में रविवार सुबह करीब 7 बजे धमाका हो गया।

हादसे में 17 कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 18 घायल हो गए। घायलों में से कई की हालत गंभीर है। हादसे की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और रेस्क्यू टीमें मौके पर पहुंची। फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पाने की कोशिश जारी है।

फायर ब्रिगेड ने बताया कि ब्लास्ट से कंपनी में चारों तरफ मलबा फैल गया है। मलबे में दबे कुछ कर्मचारियों को निकाला गया है। 15 घायलों को नागपुर के अस्पताल ले जाया गया है। वहीं पीएम मोदी ने घटना पर शोक जताया, साथ ही मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50 हजार की सहायता राशि देने की घोषणा की।

### सीएम फडणवीस ने खेद जताया

- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ट्वीट कर कहा- एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी घटनास्थल पर मौजूद हैं।
- 17 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। मैं मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। इस घटना में 18 लोग घायल हुए हैं। घायलों को तुरंत नागपुर ले जाया गया है। आपातकालीन आदेश जारी कर दिए गए हैं।

जीतू पटवारी की पीएम मोदी से अपील

## ईरान-इजराइल युद्ध के बीच फंसे प्रदेश के नागरिकों की सुरक्षित घर वापसी कराएं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अनुरोध किया है कि वे मध्य प्रदेश के 100 से अधिक नागरिकों सहित सभी भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करें, जो ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमले और जवाबी कार्रवाई के कारण दुबई और शारजाह हवाई अड्डों पर फंसे हुए हैं। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री से तत्काल हस्तक्षेप करने और फंसे हुए भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ उनकी शीघ्र घर वापसी की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। इजरायल और अमेरिका के हमलों के बाद, ईरान खाड़ी क्षेत्र को निशाना बना रहा है। ईरान लगातार कतर, जॉर्डन और दुबई पर हमले कर रहा है। इसी बीच, दुबई की प्रतिष्ठित बुर्ज खलीफा, जो दुनिया की सबसे ऊंची इमारत है, उसके पास भी एक ड्रोन हमला हुआ। मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सभी यात्रियों को उनके वतन वापस भेजने की व्यवस्था करने की अपील की है।

# इस महीने 18 दिन बैंकों में काम नहीं होगा

### 5 रविवार और 2 शनिवार के अलावा अलग-अलग जगहों पर 11 दिन बैंक बंद रहेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस महीने यानी मार्च में देश के अलग-अलग राज्यों में कुल 18 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। आरबीआई की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार, अगले महीने 5 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 11 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंक बंद रहेंगे।

इस महीने 3 मार्च को देश के ज्यादातर राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। ऐसे में अगर आपको अगले महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों को ध्यान में रखना होगा। यहां देखें मार्च 2026 में आपके राज्य या लोकेशन में बैंक कब-कब बंद रहेंगे।




**ऑनलाइन बैंकिंग के जरिए निपटा सकेंगे काम**

आप बैंकों की छुट्टी के बावजूद ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम कर सकते हैं। इन सुविधाओं पर बैंकों की छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा।

मार्च में शेयर बाजार में 12 दिन कारोबार नहीं मार्च 2026 में शेयर बाजार में 12 दिन कारोबार नहीं होगा। इसमें 9 दिन शनिवार और रविवार को कारोबार नहीं होगा। इसके अलावा शेयर बाजार 3 मार्च को होली, 26 मार्च को श्री रामनवमी और 31 मार्च को श्री महावीर जयंती पर भी बंद रहेगा।

1 मार्च से 4 अहम बदलाव लागू : एलपीजी सिलेंडर 31 रुपए महंगा

# व्हाट्सएप बिना सिम के नहीं चलेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नया महीना की शुरूआत 1 मार्च 2026 से 4 अहम बदलाव लागू होने जा रहे हैं। इसका सीधा असर आपकी जिंदगी पर पड़ेगा। आज यानी रविवार से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा हो गया है। वहीं एटीएस के दाम बढ़ने से हवाई सफर महंगा हो सकता है। इसके अलावा अब फोन में एक्टिव सिम के बिना वॉट्सएप जैसे मैसेजिंग एप्स काम नहीं करेंगे। रेलवे का अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) एप काम करना बंद कर देगा। आज से 19 किलो वाला कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 31 रुपए तक महंगा हो गया है। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी कोलकाता में हुई है, जहां अब सिलेंडर के लिए 1875.50 रुपये चुकाने होंगे। वहीं दिल्ली में कीमत 28 रुपए बढ़कर 1768.50 रुपये हो गई है। पहले यह 1740.50 रुपये में मिल रहा था।



**बिना एक्टिव सिम के नहीं चलेंगे वॉट्सऐप और टेलीग्राम-** आज से मैसेजिंग एप्स के लिए सिम-बाइंडिंग नियम लागू हो गए हैं। सरकार के इस नियम के बाद अब वॉट्सऐप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे मैसेजिंग एपस तभी काम करेंगे, जब फोन में वही सिम कार्ड एक्टिव मोड में लगा हो जिससे अकाउंट बनाया गया है। इसके अलावा अगर आप कंप्यूटर पर वॉट्सएप जैसे एप्स चलाते हैं तो लॉगिन वॉट्सएप भी 6 घंटे में लॉगआउट हो जाएगा। पहले ये एक बार लॉगिन करने पर हफ्तों तक चलता था।

**रेलवे का यूटीएस, एप बंद, अब रेलवन एप से होगी बुकिंग-** रेलवे का पुराना अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम आज से पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। अब जनरल, प्लेटफॉर्म और लोकल ट्रेनों की टिकट बुक करने के लिए यात्रियों को नए रेलवन एप का इस्तेमाल करना होगा। रेलवन एप को जुलाई 2025 में लॉन्च किया गया था। इस एप के बंद होने के बाद कई यात्रियों के मन में सवाल है कि उनके यूटीएस एप के वॉलेट में जमा पैसों का क्या होगा। रेलवे ने कहा कि आपके वॉलेट की राशि सुरक्षित है और इसे नए रेलवन एप में ट्रांसफर कर दिया जाएगा।

**रेलवन एप में मिलती है ये 3 बड़ी सर्विसेज-** रेलवन एक ऑल-इन-वन एप्लीकेशन है, जिसे यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

**हवाई सफर महंगा हो सकता है, एटीएफ के दाम 5,500 तक बढ़े-** ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने हवाई ईंधन (एटीएफ) की कीमतें 5,500 तक बढ़ा दी है। इससे आने वाले दिनों में हवाई टिकटों के दाम बढ़ने का अनुमान है। सबसे ज्यादा दाम चेन्नई में बढ़े हैं। यहां एटीएफ 94,781.99 रुपए किलोलीटर से बढ़कर 1,00,280 किलोलीटर हो गए हैं।




## देश विदेश

### पीएम ने तमिलनाडु-पुडुचेरी में 7,100 करोड़ के प्रोजेक्ट्स शुरू किए

**चेन्नई।** पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को पुडुचेरी और तमिलनाडु पहुंचे। पुडुचेरी में उन्होंने 2700 करोड़ और तमिलनाडु में 4,400 करोड़ रुपए से ज्यादा के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन किया। साथ ही तमिलनाडु में ही आठ नए बने अमृत भारत रेलवे स्टेशनों, तीन नए आकाशवाणी एफएम रिले ट्रांसमीटर का उद्घाटन किया। इसके बाद मोदी ने मदुरै में सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा, तमिलनाडु राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभाएगा। हमारा सामूहिक लक्ष्य एक विकसित भारत के लिए एक विकसित तमिलनाडु है। इसके बाद पीएम मदुरै के तिरुप्परनकुंद्रम स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर भी गए। वहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और दंडवत प्रणाम किया। मंदिर के पुजारियों ने पीएम को भगवान की तस्वीर भेंट की।

### कोर्ट का फैसला भाजपा के मुंह पर तमाचा : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कथित शराब घोटाले में कोर्ट का फैसला भारतीय जनता पार्टी के मुंह पर जोरदार तमाचा है। उन्होंने दिल्ली के जंतर मंतर पर रविवार को एक रैली में कहा कि आप को खत्म करने के लिए मोदी जी खुद इस केस की मॉनिटरिंग कर रहे थे। उन्होंने मोदी और शाह पर 4 साल तक परेशान करने का आरोप लगाया। शराब घोटाले में बरी होने के बाद इस रैली का आयोजन किया गया था। उन्होंने रैली में शराब घोटाले केस में कोर्ट के फैसले की तारीफ की। उन्होंने इसे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और देश के लोगों के पक्ष में बताया। बीजेपी नेताओं ने मुझपर 100 करोड़ रुपए लेने और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, लेकिन अदालत ने कहा कि केस फर्जी है। अदालत का फैसला मोदी, अमित शाह और बीजेपी के लिए करारा जवाब है।

यूएस-ईरान तनाव के बीच

### अबू धाबी में फंसी ईशा गुप्ता



मैं सुरक्षित हूं, समय बहुत कठिन है, एक्ट्रेस ने जल्द भारत लौटने की उम्मीद जताई

**मुंबई।** फिल्म जन्नत 2 फेम और एक्ट्रेस ईशा गुप्ता ने रविवार को बताया कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर मिसाइल हमलों के बाद बढ़े यूएस-ईरान संघर्ष के बीच वह इस समय संयुक्त अरब अमीरात के अबू धाबी में सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय डरावना है और उन्होंने उम्मीद जताई कि वह जल्द ही भारत लौटेंगी। ईशा ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, जो भी लोग हालचाल पूछ रहे हैं और मैसेज कर रहे हैं, मैं जवाब न देने के लिए माफी चाहती हूं। हम ठीक हैं और सुरक्षित हैं। समय डरावना है, बहुत कठिन है। उन्होंने आगे लिखा, भगवान हमारी रक्षा के लिए हैं। हमें भरोसा है कि संयुक्त अरब अमीरात का रक्षा मंत्रालय लोगों की सुरक्षा और बचाव के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ कर रहा है। सभी प्रभावित लोगों के लिए, जो भी फंसे हुए हैं, उनकी सुरक्षा के लिए सबसे बढ़कर प्रार्थना कर रही हूं। उम्मीद है जल्द ही घर लौटूंगी। बता दें कि इससे पहले शनिवार को उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी पर आसमान की तस्वीर शेयर कर अबू धाबी लिखकर अपनी लोकेशन की पुष्टि की थी। वहीं, एक्ट्रेस सोनल चौहान यूएई के दुबई में फंसी हुई हैं। हाल ही में ईरान ने यूएई समेत दुनिया के 8 देशों में हमला किया। इस स्थिति में दुबई की सभी उड़ानें रद्द कर दी गई हैं, जिससे एक्ट्रेस भारत लौटने में असमर्थ हैं। सोनल ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारत वापस लौटने के लिए मदद की अपील की। जन्नत फेम सोनल ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए बताया है कि वो दुबई में असुरक्षित महसूस कर रही हैं और जल्द भारत लौटना चाहती हैं।

### मृत पेंशनधारियों के खातों से 27.55 लाख रुपए हड़पे

**जबलपुर।** सतना स्थित इलाहाबाद बैंक में आउटसोर्स कर्मचारी रहे एक युवक ने ऐसा फर्जीवाड़ा किया कि जांच एजेंसी भी हैरान रह गई। मृत लोगों की पेंशन निकालने के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने आरोपी ब्रजेश तिवारी को चार साल की सजा सुनाई और 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। जस्टिस रुपेश गुप्ता की अदालत में चले इस मामले की जांच 2017 में जबलपुर सीबीआई ने शिकायत के आधार पर शुरू की थी। जांच में सामने आया कि आरोपी ने मृत खाताधारकों के खाते से करीब 27.55 लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए थे। सबूतों के अभाव में तीन बैंक अधिकारियों को बरी कर दिया गया।

### फर्जी मेल आईडी बनाकर किया 960 करोड़ का घोटाला

**जयपुर।** राजस्थान में जल जीवन मिशन घोटाले में एक हफ्ते पहले 10 गिरफ्तारियों और पूर्व आईएएस सुबोध अग्रवाल के फरार होने से मामला फिर सुर्खियों में है। जल जीवन मिशन के तहत ठेके लेने वाली कंपनियों के मालिक, दलाल और पीएचईडी (जलदाय विभाग) के इंजीनियरों पर मिलीभगत कर 960 करोड़ के घोटाले को अंजाम देने के आरोप हैं। ठेके लेने वाली दो कम्पनियों ने इरकॉन इंटरनेशनल कम्पनी के केरल में चले वाटर प्रोजेक्ट को पूरा करने के फर्जी सर्टिफिकेट लगाए थे। इसी फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर इन कम्पनियों को यहां ठेके दिए गए। एसीबी ने 2023 में जब मामला दर्ज किया तो एक नाम विजय शंकर ने काफी परेशान किया था।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### गजब चमकाया साहब ने बडे ठेकेदार को

खुसूर फुसूर

शहर में गंदे पानी के लिए लाईन डालने का काम ठेकेदार अपनी गति से कर रहा था। कई बार पेनल्टी और नोटिस देने के बाद भी काम में न तो संसाधन बढाए जा रहे थे और न हीं काम को द्रुत गति ही दी जा रही थी। अरबों का काम कुछ साल में पुरा होना था और इसमें सालों ठेकेदार ने लगा दिए हैं। मिली जुली कुश्ती में कागजों में काम कई प्रतिशत अधिक और धरातल पर बकाया काम कई प्रतिशत ज्यादा की स्थिति सामने रही है। आए दिन गड्ढों से आमजन हलाकान रहा और अभी भी है। काम की गति बढाने के लिए शहर की संस्था में आए युवा तुर्क बडे साहब ने ठेकेदार को प्रारंभिक रूप से समझाया और फिर भी नहीं मानने पर बडे ही रोचक ढंग से चमकाया है। आमजन को लगा कि इतने बडे ठेकेदार पर साहब ने जमकर कार्रवाई कर दी है और इसकी दुकान यहां से उठ गई है,लेकिन साहब ने चमक देने के लिए बडा ही निराला अंदाज अपनाया है। सांप भी कायम है और लाठी भी । साहब के ठेकेदार को ऐसा ब्लेक लिस्ट किया कि वह अपना पूरा काम करेगा ही साथ में अनुबंध के अनुसार अगले 10 साल काम का संधारण भी करेगा। पैसे तो वो पहले ही बहुत कुछ ले चुका है। ऐसे में उसी से काम करवाना मजबूरी भी थी। जोरदार तरीके से ब्लेक लिस्ट नामक तमंचा से मात्र आवाज की गई । कागज में उसे मात्र नए काम से रोक दिया गया वो भी कुछ सालों के लिए। साहब की चमकाने की नीति और बाद में काम में फूर्ति बराबर देखने में आई है। वैसे अभी शहर का बडा हिस्सा में लाईन डलने का काम बाकी है और उसके साथ ही घरो से उसे जोडना का काम तो नाम मात्र का ही हुआ है। खुसूर-फुसूर है कि साहब ने जैसे के साथ तैसा किया है लेकिन पूंछ को कितने भी साल भोंगली में रख लो वह सीधी नहीं हो सकती। ऐसा ही कुछ इस मामले में भी देखने में आ रहा है। पिछले सालों में न जाने कितने दिनों का शहर के नागरिकों का पानी इस ठेकेदार के कारण पाईप लाईनों में ही रिस गया है। आने वाले न जाने कितने दिनों का पानी अभी और इसके कारण मात्र पाईप लाईनों में ही सिमट कर रहने वाला है।

### ट्रेंडिंग




### महालक्ष्मी अपार्टमेंट की पेयजल लाईन कनेक्शन का कार्य आज ही पूर्ण करें - आयुक्त

**उज्जैन।** महालक्ष्मी अपार्टमेंट से जुडी पेयजल लाईन में सुधार कार्य को आज ही पूर्ण करें यह निर्देश आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा कोयला फाटक चौराहे से कंठाल चौराहे तक किये जा रहे चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करते समय पीएचई अधिकारियों को दिए गए।

आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा रविवार को कोयला फाटक से कंठाल चौराहे तक चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निजातपुरा स्थित महालक्ष्मी अपार्टमेंट के रहवासियों द्वारा आयुक्त को पेयजल सम्बंधित समस्या से अवगत कराया गया। आयुक्त द्वारा रहवासियों की समस्याओं को तत्काल संज्ञान में लेते हुए पीएचई कार्यपालन यंत्री वैभव भावसार को तत्काल महालक्ष्मी अपार्टमेंट की पेयजल सम्बंधित समस्या का निराकरण करने के निर्देश देते हुए ठेकेदार द्वारा डाली गई नवीन पाईन से टी कनेक्शन को जाड़े जाने हेतु कहा गया। आयुक्त मिश्रा द्वारा पीएचई अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि चौड़ीकरण मार्ग के समस्त लिकेजों का आज ही संधारण किया जाना सुनिश्चित करें ताकि सड़क की सतह निर्माण का कार्य आरंभ किया जा सके, आपने चौड़ीकरण कार्य संलग्न इंजिनियरों को निर्देशित किया कि मार्ग में जहां भी जल भराव की समस्या है वहां ठेकेदार से मोटर लगवाई जाकर पानी को खाली किया जाए तथा सड़क की सतह निर्माण का कार्य आरंभ किया जाए, नाली निर्माण में चेनल बनाकर पानी निकासी की व्यवस्था की जाए, नागरिकों को आवागमन में समस्या ना हो इसके प्रयास किये जाए।

10 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक की पिचकारियां विभिन्न डिजाइनों में उपलब्ध, रंग-गुलाल के साथ ही कई तरह के मुखौटे,टोपी, टी-शर्ट, मैजिक कप, भी बिक रहे

# होली को लेकर बाजार में रौनक रंग-गुलाल व पिचकारियों की सजी दुकानें



होली की खरीदारी को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ी, रंग-गुलाल और पिचकारियों की बिक्री जोरों पर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

होली नजदीक आते ही बाजार की रौनक बढ़ गई है। बाजार में खरीदारी को लेकर भीड़ बढ़ गई है। रंग-गुलाल एवं पिचकारियों की दुकानें सज गई हैं। 10 रुपये से 1000 रुपये तक की पिचकारियां विभिन्न डिजाइनों में उपलब्ध है। रंग-गुलाल के साथ ही कई तरह के मुखौटे, टोपी, हैप्पी होली लिखे टी-शर्ट, मैजिक कप, सिलेंडर भी बिक रहे हैं। हर्बल कलर भी उपलब्ध है। स्थायी दुकानों से लेकर फुटपाथ तक पिचकारी एवं मुखौटे की दुकानें लगायी गई है। बच्चों एवं युवाओं में होली को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। 4 मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा। होली की खरीदारी को लेकर बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। शहर की लगभग सभी दुकानों में रंग-गुलाल और पिचकारियों की बिक्री शुरू हो चुकी है।








#### नई वैरायटी के पानी के टैंक भी उपलब्ध

कंठाल चौराहे पर सती गेट गणेश मंदिर के समीप गुरुकृपा रंग गुलाल पिचकारी की दुकान लगाने वाले व्यापारी ओमप्रकाश पाटीदार (कायथा वाले) ने बताया कि इस बार गन के साथ पानी के टैंक की कई नई वैरायटी उपलब्ध हैं। छोटे बच्चों के लिए आधे से एक लीटर के टैंक और किशोरों के लिए पांच से आठ लीटर क्षमता वाले टैंक भी बाजार में हैं, जिनसे पानी भरकर लोग आसानी से पिचकारी से रंग फेंक सकते हैं। पानी व प्रेशर टैंक 150 से लेकर 700 तक की कीमत में उपलब्ध है।इसके अलावा, पारंपरिक पिचकारियों और रंगों से भी बाजार सजा हुआ है।

#### बच्चों के लिए कई वैरायटी में पिचकारी उपलब्ध

व्यापारी ओम प्रकाश पाटीदार ने बताया कि बच्चों के लिए पिचकारी बॉक्स भी इस बार विशेष रूप से उपलब्ध हैं। इनमें पिचकारी के साथ-साथ अलग-अलग रंग-गुलाल भी होते हैं। ये बॉक्स सुपरहीरो, कार्टून और अन्य डिजाइनों में उपलब्ध हैं। इसके अलावा, पिचकारियों में भी कई कार्टून कैरेक्टर, छोटा भीम ,बेटमेन स्पाइडर मैन, डोरेमोन, मिक्की माउस और अन्य वैरायटी बाजार में खास तौर पर मंगवाई गई हैं। साथ ही मैजिक कप व मैजिक आईस भी उपलब्ध है। मैजिक कप की खासियत यह है कि कप में पानी डालते ही कलर का पानी बन जाएगा कप में 50 बार पानी डालकर कलर बना सकते हैं। मैजिक आईस की खासियत यह है कि यह पानी डालते ही बर्फ बन जाएगा।

**डिजाइनर हैट व पारंपरिक पिचकारियों के साथ इलेक्ट्रॉनिक गन भी उपलब्ध:** आधुनिक बदलाव के साथ अब पारंपरिक पिचकारियों के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक पिचकारियों की भी बढ़ी हुई मांग है। यह गन पानी को बटन दबाने पर पंप की तरह दूर तक फेंकती है। इसकी कीमत 1200 रुपए से लेकर 2000 रुपए तक है।

#### अरारोट वाला हर्बल रंग की बढ़ी मांग...

फ्रीगंज में स्वास्तिक कलर के नाम से दुकान लगाने वाले रिटेल व्यापारी योगेंद्र जैन ने बताया कि होली पर अरारोट से बने हर्बल रंगों की अधिक डिमांड है। उनके अनुसार, ये रंग प्राकृतिक और हानिरहित होने के साथ-साथ पारंपरिक रंगों की तुलना में हल्के होते हैं। ये रंग पानी में आसानी से घुल जाते हैं और सफाई में भी कोई कठिनाई नहीं होती। विभिन्न शेड्स जैसे गुलाबी, केसरिया,हरा, पीला, नीला और लाल रंगप्रमुख हैं। योगेंद्र जैन ने आगे बताया कि हमारी दुकान में पिचकारियों की कई तरह की वैरायटी 20 से लेकर 2000 रूपए तक में उपलब्ध है। साथ ही मलिंगा केप 300 में, मुर्गा 250 रुपए में, सिलेंडर 1000 से 2000 तक, गर्ल्स हेयर 250 रुपए में, मैजिक कप प्रति नग 50 रूपए , मेजिक आदि उपलब्ध है।

#### शहर की सभी दुकानों पर बिक्री...

शहर के लगभग सभी थोक व्यापारी होली से संबंधित सामग्री की बिक्री कर रहे हैं। दौलतगंज, गोपाल मंदिर,छत्री चौक,सतीगेट,फ्रीगंज,शहीद पार्क, सिंधी कॉलोनी चोराहा, नानाखेड़ा चोराहा, मुनि नगर दो तलाब सहित अन्य बाजारों में होली के रंग और पिचकारियों की बिक्री हो रही है।

सांदीपनि आश्रम में मातृभाषा हस्ताक्षर कार्यक्रम

## मातृभाषा की हमारे जीवन को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मां, मातृ भाषा और मातृ भूमि का का कोई विकल्प नहीं होता। मातृभाषा हमारे जीवन को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। यह उद्गार शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली की महानगर इकाई द्वारा मातृभाषा सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित हस्ताक्षर अभियान में भारतीय भाषा अभियान के मालवा प्रांत संयोजक डॉ एस एन शर्मा ने सांदिपनि आश्रम में मातृभाषा हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किये।

यह जानकारी देते हुए न्यास के क्षेत्रीय संयोजक प्रचार प्रसार डॉ जफर महमूद ने बताया कि न्यास द्वारा मातृभाषा सप्ताह में नगर के समस्त विश्वविद्यालयों , महाविद्यालयों , एवं विधलयों में निरंतर कार्यक्रम आयोजित कर मातृभाषा जागरूकता अभियान चलाया गया। उसी के अंतर्गत सांदीपनि आश्रम में हस्ताक्षर अभियान में देश के विभिन्न अंचलों से आये यात्रियों ने अपनी अपनी मातृभाषा में हस्ताक्षर कर अभियान में भागिदारी कर अपनी मातृभाषा में हस्ताक्षर किए। मराठी, कन्नड़ बंगाली, तमिल,तेलुगू, मलयालम , सहित उर्दू,हिन्दी भाषा में हस्ताक्षर कर अभियान को सफल बनाया। शुभारंभ कार्यक्रम में न्यास के प्रांत सह संयोजक डॉ नीरज सारवान, रवि भिलाला, रतनदीप मिश्रा, राजकुमार पटेल ने भी देश के विभिन्न अंचलों से आये यात्रियों को मातृभाषा का महत्व बताया।

### होली के साथ धूलेंडी का भी अवकाश घोषित

**उज्जैन।** शासकीय कर्मचारियों के अवकाश को लेकर राज्य सरकार ने संशोधित अधिसूचना जारी की है। 3 मार्च होली के साथ अब 4 मार्च को भी अवकाश घोषित किया गया है। इसे लेकर संशोधन अधिसूचना जारी की गई है। रविवार को अपर सचिव मध्य प्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय दिनेश कुमार मौर्य ने इसे जारी किया है। जारी संशोधित अधिसूचना के अनुसार राज्य शासन द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना 29 दिसम्बर 2025 के द्वारा वर्ष 2026 के लिए घोषित अवकाशों की सूची में 03 मार्च मंगलवार को होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है।

### दुबई में हुए हमलों की निंदा- साबू

**उज्जैन।** भारत-दुबई मैत्री मंच अध्यक्ष कमल साबू ने दुबई पर ड्रोन से हमलों की निंदा की है। साबू ने कहा कि विश्व प्रसिद्ध दुबई के बुर्ज खलीफा के पास जो अटैक हुआ है वो अमानवीय कृत्य है। साबू ने दुबई में किसी भी प्रकार की मदद हेतु निम्न स्थानों पर संपर्क किया जा सकता है- दिलीप पांड्ेय, बेग वर्ल्ड मीना बाजार दुबई, सिद्धार्थ जाजू दुबई, मो- 971527550492, सुरेश सोमानी दुबई, मो- 585532324।

## चवन्नी पर बनाई होलिका-प्रह्लाद की सबसे छोटी पेंटिंग





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन शहर की रहने वाली राधिका यादव ने अपनी कला प्रतिभा से विश्व स्तर पर पहचान बनाई है। राधिका यादव, पिता श्री शैलेन्द्र यादव एवं माता श्रीमती सीमा यादव, निवासी गदा पुलिया क्षेत्र, बेगमपुरा (मिथिला नगर), ने 25 पैसे की चवन्नी पर होलिकाझप्रह्लाद की अत्यंत सूक्ष्म पेंटिंग बनाकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कराया है।

राधिका यादव द्वारा बनाई गई यह पेंटिंग केवल 13 मि.मी. आकार की है, जिसे "Smallest Painting of Holika and Prahlad on a 25 Paise Coin by an Individual" श्रेणी में दर्ज किया गया है। यह पेंटिंग इतनी बारीकी से बनाई गई है कि इसे सामान्य आंखों से देख पाना भी कठिन है।

राधिका ने बताया कि उन्होंने यह पेंटिंग मात्र 10 मिनट में तैयार की। इसके लिए उन्होंने 20 फरवरी को आवेदन किया था और उन्हें 23 फरवरी को वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से स्वीकृति प्राप्त हुई। रिकॉर्ड स्वीकृत होने के बाद वे आधिकारिक रूप से वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर बन गई हैं।

राधिका बीएफए (Bachelor of Fine Arts) की छात्रा हैं और उन्हें बचपन से ही ड्राइंग और पेंटिंग का शौक रहा है। उन्होंने अपनी मेहनत और निरंतर अभ्यास से माइक्रो पेंटिंग जैसी कठिन कला में महारत हासिल की है। उनका कहना है कि इतनी छोटी सतह पर चित्र बनाना अत्यंत धैर्य और स्थिर हाथ की मांग करता है।

राधिका ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरु के निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन को दिया है, जिनके प्रोत्साहन से वे इस मुकाम तक पहुंच सकीं।

इस उपलब्धि से उनके परिवार, गुरुजन और मित्रों में खुशी का माहौल है। सभी ने उनकी इस सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। राधिका का सपना है कि वे भारतीय कला और माइक्रो पेंटिंग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाएं और युवाओं को कला के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

यह उपलब्धि न केवल उज्जैन शहर बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि यहां की बेटी ने अपनी कला से विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया है।

# फीकी रही मसान की होली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वाराणसी की मसान होली इस बार काफी फीकी रही क्योंकि इस बार प्रशासन ने सख्ती बरतते हुए कुछ ही लोगों को इसमे शामिल होने की अनुमति दी।

#### क्या है मसान होली

विश्व मे अपने आप मे रोमांच लिए हुए ये अद्भुत होली चिता की राख से सिर्फ बनारस शहर मे मनाई जाती है। गंगा नदी के प्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट पर साधु संत ,अघोरी व तांत्रिक ये अद्भुत होली चिता की भस्म उडाकर खेलते हैं। चिता की भस्म से खेली जानेवाली इस होली को देखने लोग दूर दूर से आते हैं।

#### भस्म होली का महत्व

यदि जन्म पर उत्सव मनाया जाता है तो मृत्यु भी एक अटल सत्य है। अंतिम पडाव स्थल पर मृत्यु को आनंद के साथ मनाना एक परंपरा रही है शिव की नगरी बनारस में क्योकि शिव की नगरी है बनारस। पुरानी मान्यतानुसार भगवान शिव विवाह उपरांत जब उमा के साथ बनारस पधारे तो स्थानीय लोगों ने उमंग के साथ बाबा व मां उमा का स्वागत रंग उडाकर किया था किन्तु भगवान शिव थोडे दुखी थे क्योंकि यक्ष , गंधर्व व भूत प्रेत इस होली मे नहीं थे। शिव ने रंगभरी ग्यारस के बाद माघ शुक्ल पक्ष की द्वादशी को गंगा के तट पर सभी भूत प्रेत व गणों के साथ भस्म की होली खेली थी। शिव के आनंद को बनाए रखने के लिए बाद मे साधक व तांत्रिक हर साल गंगा के मणिकर्णिका घाट पर एकत्र होकर अपने ईष्ट भगवान शिव को खुश करने के लिए ये भस्म की होली मनाने लगे। भस्म ही बाबा का श्रृंगार है।





#### मसान होली खेली सीमित श्रद्धालुओ ने

इस वर्ष मणिकर्णिका घाट पर निर्माण कार्य के चलते स्थानीय प्रशासन ने बहुत कम ही लोगों को मसान होली खेलने की अनुमति दी । सीमित जगह होनेपर भगदड के अंदेशे को भांपते हुए प्रशासन ने मणिकर्णिका घाट पर सिर्फ कुछ साधु संतों को ही जाने दिया इसलिए मसानी होली थोडी फिकी रही । कल मसानी होली पूरे उत्साह से मनाई गई। डमरू बजाते साधु व तांत्रिक मणिकर्णिका घाट पहुंचे और जलती चिता की भस्म उडाते रहे। इस दौरान इस होली के साक्षी बनने के लिए हजारों लोग घाट पर पहुंचे किन्तु प्रशासन ने अनुमति नहीं दी तब दर्शको ने पडोस के सिंधिया घाट से इस होली को देखा और आनंदित हुए।



नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | सोमवार, 02 मार्च, 2026 | www.awantika.com



## न्यूज ब्रीफ

### एमवायएच में पेस्ट कंट्रोल पर सवाल, संक्रमण का खतरा

**इंदौर।** एमवाय अस्पताल में फिर गंभीर चूक सामने आई है। शनिवार को एक बिल्ली ऑपरेशन थिएटर तक पहुंच गई। ओटी में बिल्ली की चहलकदमी से संक्रमण की आशंका है। इससे पेस्ट कंट्रोल और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस पर प्रबंधन ने संबंधित कंपनी को एक और नोटिस दिया। काम संभालने के बाद दो महीने में सफाई और सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही को लेकर कंपनी को आधा दर्जन नोटिस दिए जा चुके हैं। ऑपरेशन थिएटर, आईसीयू और लेबर रूम वैरी हाई रिस्क क्षेत्र हैं, जहां संक्रमण मुक्त वातावरण जरूरी है। ऐसे क्षेत्रों में बाहरी जीव की मौजूदगी मेडिकल प्रोटोकॉल के तहत संक्रमण जोखिम बढ़ाती है।

### अब बाबा श्री महाकाल 4 मार्च से करेंगे ठंडे जल से स्नान

**उज्जैन।** गर्मी की शुरूआत के साथ ही महाकालेश्वर मंदिर की परंपरागत दिनचर्या में बदलाव होने जा रहा है। 4 मार्च 2026, बुधवार से बाबा महाकाल का स्नान ठंडे जल से प्रारंभ होगा। इसी दिन से मंदिर में होने वाली प्रमुख आरतियों के समय में भी परिवर्तन लागू किया जाएगा। मंदिर के पुजारी पंडित शर्मा ने बताया कि चैत्र कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से यह परंपरा शुरू की जाएगी। वर्षों से चली आ रही व्यवस्था के अनुसार मौसम परिवर्तन के साथ भगवान महाकाल के स्नान और आरती के समय में संशोधन किया जाता है। वर्तमान में शीतकालीन व्यवस्था लागू है, जिसके तहत पूजन और आरती अपेक्षाकृत पहले की जा रही है तथा भगवान महाकाल का स्नान गर्म जल से कराया जा रहा है।

### कलेक्टर ने हार्वेस्टर संचालकों और किसानों की बैठक ली

**इंदौर।** जिले में फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई (फसल अवशेष) जलाने की घटनाओं को रोकने तथा किसानों को वैकल्पिक प्रबंधन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कलेक्टर शिवम वर्मा ने हार्वेस्टर संचालकों और किसानों की बैठक ली। बैठक में कृषि वैज्ञानिकों द्वारा नरवाई जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों तथा उसके वैज्ञानिक प्रबंधन के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कृषि वैज्ञानिकों ने बताया कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इससे भूमि में उपस्थित लाभकारी जीवाणु एवं सूक्ष्म पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, जिससे उत्पादन क्षमता घटती है। साथ ही वातावरण में प्रदूषण बढ़ता है, जिससे मानव स्वास्थ्य पर गंभीर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

### राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें – कलेक्टर

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जिले में पदस्थ राजस्व अधिकारियों की आज यहां समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने नामांतरण, बटवारा एवं सीमांकन के लंबित प्रकरणों के निराकरण की अधिकारीवार समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने राजस्व वसूली के कार्य में विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि वसूली की गति बढ़ाई जाए तथा वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व ही निर्धारित लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार, निशा डामोर, रोशन राय तथा रिंकेश वैश्य सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### ग्रामीण हाट बाजार में दो दिवसीय होली मेले का हुआ शुभारंभ

**इंदौर।** जिला पंचायत अंतर्गत ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय होली मेले का शुभारंभ आज उत्साह एवं उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण आजीविका मिशन महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस प्रकार के मेले न केवल उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराते हैं, बल्कि उनकी प्रतिभा और परिश्रम को भी पहचान दिलाते हैं।

### एचपीवी टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ

**इंदौर।** संपूर्ण राष्ट्र एवं प्रदेश के साथ आज जिले में भी सर्विकल कैंसर के विरुद्ध राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ किया गया। इंदौर जिले में हुकुमचंद पॉलिक्लिनिक में प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शरद गुप्ता, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. तरुण गुप्ता एवं जिले के कार्यक्रम अधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में किशोरी जैन को एच.पी.वी टीका लगाकर इस अभियान का प्रारंभ किया गया। दिति जैन इंदौर की पहली हितग्राही बनी जिन्हें यह टीका लगाया गया। दिति ने इस अवसर पर कहा कि यह टीका लगाने के लिए अति उत्साहित थी, उसने ऑनलाईन स्लॉट बुक किया था और उसे इस बात का गर्व है कि वह इस टीकाकरण की पहली हितग्राही बनी है।

---

### खोज निकाले पुलिस ने 73.30 लाख रुपए के मोबाइल

# गुम होने से छाई थी मायूसी, मिलने पर चेहरों पर आई मुस्कान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



उम्मीद से खरीदे मोबाइल गुम होने पर छाई मायूसी होली-रंगपंचमी से पहले पुलिस द्वारा खोजकर उपहार के रूप में लौटाये तो चेहरे पर मुस्कान आ गई। लोग मोबाइल मिलने की उम्मीद छोड़ चुके थे लेकिन पुलिस ने देशभक्ति-जनसेवा के संकल्प को एक बात फिर सार्थक कर दिखाया।

पिछले कुछ महीनो में जिलों के थानों की पुलिस और आईटी सेल के पास सैकड़ो लोगों द्वारा अपने मोबाइल गुम होने की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। आईटी सेल और सायबर टीम द्वारा सभी थाना प्रभारियो के समन्वित प्रयासों से गुम मोबाइलों को तकनीकी साक्ष्यों आधार पर तलाशना शुरू किया और जिले के साथ मध्यप्रदेश के अन्य जिलों एवं विभिन्न राज्यों से 406 मोबाइलों को खोज निकाला। होली-रंगपंचमी से पहले मिले मोबाइल रविवार को एसपी प्रदीप शर्मा की उपस्थिति में उपहार स्वरूप गुम होने की शिकायत दर्ज करने वालों को लौट आए गए। मोबाइल गुम होने पर छाई मायूसी कुछ महीनो बाद वापस मिलने पर लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। उनका कहना था कि उम्मीद छोड़ चुके थे लेकिन पुलिस ने खोज निकाला। एसपी शर्मा ने बताया कि खोजे गए 406 मोबाइलों की कीमत 73.30 लाख है। इस वर्ष भी 1000 गम मोबाइल खोजने का लक्ष्य रखा गया है। खोजबीन अभियान में वर्ष 2026 का पहला चरण पर किया गया है।

#### पिछले वर्ष खोज थे 952 मोबाइल

उज्जैन पुलिस द्वारा वर्ष 2023 से गुम मोबाइलों को खोजने का अभियान चलाया जा रहा है। पिछले वर्ष 2025 में 952 मोबाइल खोजे गए थे। जिनकी कीमत 1 करोड़ 81 लाख 65 हजार रुपए थी। वर्ष 2024 में 445 मोबाइल जिनकी कीमत 92.5 लाख थी, लोगों को वापस लौट आए गए थे। वर्ष 2023 में 235 मोबाइल 58.75 लाख के खोज निकालने में पुलिस सफल रही थी।

#### आम लोगों को दिए सुझाव

रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम पर आयोजित कार्यक्रम में 406 मोबाइल लौट के बाद पुलिस ने हम लोगों को सुझाव देते हुए बताया कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत संबंधित सिम ऑपरेटर से सिम डिएक्टिवेट करवाकर उसी नंबर का नया सिम जारी करवाएं। भारत सरकार के ऑनलाइन सीईआईआर पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करें। शर्ट की ऊपरी जेब तथा पेंट/जींस की पिछली जेब में मोबाइल न रखें। मोबाइल गुम होने पर सभी लॉग इन अकाउंट तुरंत लॉगआउट करें। मोबाइल में सुरक्षित लॉक पैटर्न लॉक अवश्य रखें। फाइंड माय डिवाइस विकल्प सक्रिय रखें। नया मोबाइल इंस्टॉल करते समय रजिस्टर्ड ईमेल आईडी एवं पासवर्ड सुरक्षित रखें।

---

# इजराइल-ईरान जंग... मध्यप्रदेश के 100 से ज्यादा लोग दुबई में फंसे

### एयर इंडिया की फ्लाइट आज भी कैंसिल

## इंदौर के पूर्व विधायक, बिजनेसमैन और बिल्डर भी शामिल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

ईरान पर इजराइल और अमेरिका की स्ट्राइक के बीच दुबई की मशहूर और दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा के पास ड्रोन हमला हुआ। हमले के बाद दुबई के सभी एयरपोर्ट्स को बंद कर दिया गया है। यहां से आने-जाने वाली सभी फ्लाइट्स अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दी गई हैं।



इजराइल-ईरान जंग का असर मध्य प्रदेश के यात्रियों पर भी पड़ा है। दुबई के शारजाह से इंदौर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स- 256 रद्द हो गई है। आज की फ्लाइट आईएक्स- 255 (IDR–SHJ) और आईएक्स- 256 (SHJ–IDR) भी कैंसिल कर दी गई हैं। इससे मध्य प्रदेश के 100 से ज्यादा यात्री दुबई और शारजाह एयरपोर्ट पर फंस गए हैं। जानकारी के मुताबिक, शारजाह से इंदौर के लिए फ्लाइट वअए टाइम के हिसाब से दोपहर 12:20 बजे निकलने वाली थी, लेकिन आखिरी मिनट में कैंसल कर दी गई। पैसेंजर्स को एयरपोर्ट पहुंचने पर इस बारे में पता चला। कई पैसेंजर्स पहले ही दुबई पहुंच चुके थे। शारजाह से इंदौर के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट्स तय थीं। वे भी वहीं फंसे हुए हैं।

#### शादी में गए इंदौर के नेता, बिल्डर और सेठ फंसे

जानकारी के अनुसार दुबई में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए इंदौर से कई लोग गए थे। इनमें पूर्व विधायक संजय शुक्ला, विशाल पटेल, प्रवीण कक्कड़, सहारा ग्रुप के मनीष सहारा, अग्रवाल समूह के संजय अग्रवाल, सी-21 मॉल के मालिक पिंटू छाबड़ा, गोलू पाटनी सहित कई लोग शामिल हैं।

पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने बताया कि, हम सब सुरक्षित हैं। हमारे रहने की जगह पर हालात नॉर्मल हैं। सिक्योरिटी की चिंता करने की कोई जरूरत नहीं है। फ्लाइट कैंसिल हो गई हैं, लेकिन हमारी वापसी शारजाह से होनी है। फ्लाइट को लेकर कल स्थिति स्पष्ट होगी।



#### परिवार और बच्चों के साथ फंसे यात्री

फंसे यात्रियों में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर सहित मध्य प्रदेश के कई जिलों के लोग शामिल हैं। इनमें बड़ी संख्या में परिवार, महिलाएं और बच्चे भी हैं। कई यात्री छुट्टियां मनाने या पारिवारिक कार्यक्रमों में शामिल होने गए थे, लेकिन अब वापसी को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है।

एक यात्री ने बताया कि वे आठ घंटे से अधिक समय से शारजाह एयरपोर्ट पर बैठे हैं, लेकिन एयरलाइन की ओर से स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही। होटल बुकिंग की अवधि खत्म हो चुकी है। खाने-पीने की भी दिक्कत हो रही है। बच्चों को संभालना मुश्किल हो गया है।

---

# मार्केटिंग कर्मचारी के फ्लैट से 4.25 लाख रुपए की चोरी

## कलेक्शन का कैश बैग से निकाल ले गए बदमाश

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के हीरानगर थाना क्षेत्र में मार्केटिंग कंपनी के कर्मचारी के फ्लैट से 4 लाख 25 हजार रुपए चोरी होने का मामला सामने आया है। बदमाश बैग में रखी नकदी निकालकर बैग को कमरे में ही छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने शनिवार को केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी भूपेंद्र सिंह मडलोई मेट्रो मार्केटिंग कंपनी में कलेक्शन का काम करते हैं। वे श्याम नगर स्थित एक फ्लैट में किराए से रहते हैं। शुक्रवार को वे कलेक्शन के 4.25 लाख रुपए घर लाकर एक बैग में रखकर गए थे।

शाम को उनके छोटे भाई राघवेंद्र ने कॉलेज से लौटने के बाद देखा कि फ्लैट का ताला टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। उसने तुरंत भूपेंद्र को कॉल कर वीडियो के जरिए पूरी स्थिति दिखाई। कमरे में बैग तो मिला, लेकिन उसमें रखी पूरी नकदी गायब थी।



#### फ्लैट की 10 चाबियां, 6 घर में ही रखी थीं

भूपेंद्र ने पुलिस को बताया कि फ्लैट में वे और उनके तीन भाई रहते हैं, जो पढ़ाई करते हैं। फ्लैट की कुल 10 चाबियां बनवाई गई थीं। इनमें से चार चाबियां चारों भाइयों के पास रहती हैं, जबकि 6 चाबियां घर में ही रखी थीं।

पुलिस अब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। नकदी की जानकारी भूपेंद्र के अलावा अन्य तीन भाइयों को भी थी, ऐसे में पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।हीरानगर थाना पुलिस का कहना है कि संदिग्धों की पहचान के लिए फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द आरोपियो को पकड़ने की बात कही गई है।

---

# इंदौर की विधानसभा क्र. 4 के झगड़े को निपटाएगा संगठन

### मालिनी और महापौर के बीच वर्चस्व की लड़ाई हुई तेज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

विधानभा चार नम्बर में जो लड़ाई शुरू हुई है उसको लेकर भाजपा अब समझौते की तैयारी में लग गई है और कोशिश कर रही है कि कोई भी गुटबाजी सामने न आए। इसके लिए अंदरूनी तौर पर काम करना ने शुरू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि चार नम्बर में लंबे समय से महापौर और विधायक के बीच लड़ाई चली आ रही है।

दोनों के समर्थक एक-दूसरे के सामने हो गए है और कोई भी कहानी न किस्से कभी भी आ जाते है, जिसमें एक दूसरे को 5 निपटाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाती है। असल में ये शरुआत पुरानी है क्योंकि मंत्री गुट से चार नम्बरी गुट की कभी बनी नहीं है। जब विधायक मालिनी गौड़ महापौर थी तो उनकी कई नेताओं से बनती नहीं थी। ये लड़ाई तब से ही चली आ रही है। पुष्यमित्र भार्गव महापौर बने तो यहां पर फिर विवाद शुरू हो गया और एक दूसरे को नीचा दिखाने में कोई भी कसर नहीं छोड़ी जा रही है। जीतू यादव का विवाद सामने आने के बाद से ही लड़ाई और गहरा गई है। हाल ही में एक वीडियो सामने आया, जिसमें महापौर के खिलाफ बयानबाजी सामने आई है और उसमें जो महिला है वह विधायक मालिनी गौड़ की बहू बताई गई है। ऐसे में सार्वजनिक रूप से बयानबाजी ने अंदरुनी सियासत को गरमा दिया है जिसके कारण यहां का माहौल दिलचस्प हो गया है।

---

## बिना ट्रीटमेंट पेयजल सप्लाय न करें, जहरीली हुई गंभीर नदी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शिप्रा के बाद अब गंभीर नदी पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र के प्रदूषण की भेंट चढ़ रही है। केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की जांच में खुलासा हुआ है कि दूषित पानी अंतरराष्ट्रीय रामसर साइट 'यशवंत सागर' तक पहुंच चुका है।

रिपोर्ट के अनुसार, गंभीर नदी में मल जनित फीकल कॉलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा 11,000 से 16,800 तक मिली है, जबकि यशवंत सागर में यह 4,000 तक पहुंच गई है। ये वही खतरनाक बैक्टीरिया हैं, जिनसे भागीरथपुरा पेयजल त्रासदी हुई थी। प्रदूषण के कारण कई स्थानों पर 'डिजॉल्व ऑक्सीजन' घटकर 4 मिग्रा रह गई है, जिससे मछलियां और जलीय जीव मर रहे हैं। जांच रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि बिना ट्रीटमेंट इस पानी का उपयोग न करें, अन्यथा इंदौर के पश्चिम क्षेत्र की 30 एमएलडी पेयजल आपूर्ति ठप हो सकती है।

---

### एमवायएच का एक और वीडियो आया सामने

# परिसर में स्ट्रेचर और व्हीलचेयर पर परिजन स्वयं मरीज को ले जा रहे



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर के सरकारी एमवायएच से जुड़ा एक और वीडियो सामने आया है। वीडियो में दो घटनाक्रम हैं' इसमें परिजन स्ट्रेचर पर मरीज को अस्पताल परिसर में ले जा रहे हैं' इसी में एक और मरीज के परिजन उसे व्हीलचेयर पर ले जा रहे हैं' खास बात यह है कि स्ट्रेचर और व्हीलचेयर दोनों ही सरकारी अस्पताल के नजर आ रहे हैं'।

गौरतलब है कि हाल ही में एक वीडियो सामने आया था, जिसमें दो महिलाएं सड़क पर स्ट्रेचर पर मरीज को ले जा रही थीं' हालांकि इस मामले में अभी तक कोई शिकायत नहीं हुई है। अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट डॉक्टर अशोक यादव ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है' यह वीडियो शनिवार का है, इसमें स्ट्रेचर पर जो मरीज है उसे परिजन ओपीडी से कैजुअल्टी की ओर ले आ रहे है। यह देखते ही अस्पताल का वार्ड बॉय वहां पहुंचा और फिर उसे खुद अंदर लाया।

दूसरा वीडियो जो व्हीलचेयर का है उसे किसी एम्बुलेंस ने गेट के पास छोड़ तो परिजन उसे कैजुअल्टी तक ले आए थे। इसके बाद अस्पताल स्टाफ में उसे भी अस्पताल में लिया।

---

### रजिस्ट्रार ऑफिस का घंटों तक सर्वर जाम, रजिस्ट्री कराने के लिए आए आमजन हुए बहुत परेशान

# भोपाल तक अफसरों की चुप्पी, रजिस्ट्री के सॉफ्टवेयर में बदलाव क्यों नहीं ?

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

इंदौर से लेकर भोपाल तक केवल एक ही बात गूंजती है और वो है सर्वर डाउन है। जी हां इन दिनों फिर एक बार सर्वर डाउन की वजह से आमजन रजिस्ट्री कराने में अपने आप को ठगा महसूस कर रहे है। कई घंटों तक सर्वर डाउन होने की वजह से आम नागरिकों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रजिस्ट्रार कार्यालय में भले कुछ सुख सुविधाओं को बड़ा दिया गया हो, परन्तु मुख्य सर्वर की परेशानी को उक्त विभाग आज भी ठीक नहीं कर पाया है।

आजकल के हाईटेक जमाने में भी रजिस्ट्रार कार्यालय इस मामले में काफी पिछड़ चुका है। शुक्रवार को भी कई घंटों तक लोग रजिस्ट्री करवाने के लिए परेशान होते रहे। ऐसे में आम जनता ने सरकार की इस सुविधाओं को भी जमकर कोसा। इधर आने वाले दिनों में तीज त्यौहार के साथ अब जल्द ही जमीनों की गाइडलाइन में भी परिवर्तन होने वाला है। ऐसे में आम जनता को केवल आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिल पा रहा है।




ये बात सही है कि कई बार सॉफ्टवेयर पर लोड आने पर सर्वर डाउन की समस्या बढ़ जाती है, जिसके कारण कई बार परेशानी का सामान करना पड़ता है।

हम लगातार प्रयास करते है कि आम जनता को परेशानी ना हो, वही हमने उच्च अधिकारियों को भी इससे अवगत कराया है। भीड़ ज्यादा होने पर हम स्लॉट भी बढ़ाते है, ताकि जनता को परेशानी ना हो।

**श्री मति मंजूलता पटेल, वरिष्ठ पंजीयक , इंदौर**



मेरा कंस्ट्रक्शन काम है। आय दिन में रजिस्ट्री कराने आता हूं। सर्वर डाउन सुनते ही हमारा मनोबल भी गिर जाता है। वही रजिस्ट्री जिनकी हम करवाते है, तो उसको और हम दोनों को समय की कीमत चुकानी पड़ती है।

**अंकित सरोनिया, कंस्ट्रक्शन व्यापारी, इंदौर**

हम पहली बार आज रजिस्ट्री कराने आए, परंतु शुक्रवार को जिस तरह से परेशानी आई उससे हमारा पूरा परिवार ग्रसित हुआ। हमको रजिस्ट्री करवाकर फ्लाइट पकड़नी थी, परन्तु सर्वर डाउन की वजह से जा नहीं पाए।

**पूनम चौरसिया, इंदौर**



मेरा बैंकों का कार्य है। हमने रजिस्ट्री का स्लॉट बुक करवाया था। मैं अपने परिवार के साथ पहुंचा, तो पता चला कि रजिस्ट्री तो ही नहीं रही है। यह सुनकर हमको जमकर निराशा हुई। हमने उस दौरान भजन गाकर अपना समय भक्ति में लगाया। परन्तु सच में यह व्यवस्था सरकार को सुधारना चाहिए।

**विशाल व्यास , इंदौर**

## न्यूज-कॉलम




### ए आई के सहयोग से होम्योपैथी चिकित्सा भारत की स्वास्थ्य जीवन रेखा बनेगी

**इंदौर।** इंदौर में 12वीं राष्ट्रीय होम्योपैथी कॉन्फ्रेंस 2026 का सफल आयोजन हुआ। इंदौर में पहली बार इतने बड़े स्तर पर राष्ट्रीय होम्योपैथी कॉन्फ्रेंस हुआ है, जिसे चिकित्सा जगत के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। सम्मेलन में देशभर से आए विशेषज्ञों ने होम्योपैथी की वैज्ञानिकता, प्रभावशीलता और सामाजिक स्वीकार्यता पर अपने विचार साझा किए। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. ए.के. द्विवेदी ने सभी चिकित्सकों और प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सम्मेलन की सफलता में प्रतिभागियों का योगदान अमूल्य है। उन्होंने अप्लास्टिक एनीमिया जैसे गंभीर रोगों में अपने सफल उपचार अनुभव साझा किए और विशेष रूप से जयपुर के श्री लालाराम तथा उत्तर प्रदेश के एडवोकेट यशपाल सिंह का उल्लेख किया। यशपाल सिंह अपने पुत्र समर्थ के साथ सम्मेलन में उपस्थित हुए और उन्होंने डॉ. द्विवेदी के उपचार से मिली राहत के लिए सार्वजनिक रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्मेलन के दौरान सांसद शंकर लालवानी ने अपने संबोधन में कहा कि होम्योपैथी सस्ती, सुलभ और दुष्प्रभाव रहित चिकित्सा पद्धति है, जो आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि होम्योपैथी भारत की स्वास्थ्य जीवन रेखा बनने की क्षमता रखती है और आश्वासन दिया कि वे इस विषय को लोकसभा में प्रमुखता से उठाएंगे।

### शांति समिति की बैठक आयोजित



**मनावर।** गंधवानी में आगामी त्यौहारों को लेकर थाना परगना में शांति समिति की बैठक हुई मनावर एसडीओपी बृजेश मालवीया, गंधवानी तहसीलदार मुकेश मालवीया , गंधवानी थाना प्रभारी प्रदीप खन्ना मनावर एसडीओ पी ने कहा कि आगामी त्यौहार को लेकर आज गंधवानी में शांति समिति की बैठक की गई जिसमें भगोरिया पर्व रमजान मा गणगौर होली को लेकर गंधवानी नगर के वरिष्ठ समाजसेवी को चर्चा की और कहा कि कोई भी भगोरिया हाट पर्व पर या किसी भी त्यौहार पर कोई उत्पादन करता है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और भगोरिया पर्व को लेकर कहां के धारदार हथियार और डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा शासन के आदेश अनुसार और गंधवानी तहसीलदार ने कहा के मुस्लिम भाइयों का रमजान महा पर्व चल रहा है तो आगामी दिनों में रमजान की 27 सबेकद्र के दिन कोई भी भाई फालतू ना घूमें मस्जिदों में इबादत करें इसी को लेकर होली दहन को लेकर गंधवानी थाना प्रभारी ने कहा कि होली पर विशेष निगरानी और विशेष इंतजाम रहेंगे।

### भुसावल-खंडवा के बीच 6 फेरे होली स्पेशल मेमू ट्रेन चलेगी



**बुरहानपुर।** सांसद ज्ञानेश्वर पाटील के प्रयास से भुसावल-खंडवा के बीच 6 फेरे होली स्पेशल मेमू ट्रेन चलेगी, जो रावेर, सावदा, निम्भोरा, बुरहानपुर, नेपानगर और खंडवा में रुकेगी। ट्रेन की जानकारी भुसावल से खंडवाः 2, 3 और 4 मार्च को 5.50 बजे चलेगी और खंडवा 7.55 बजे पहुंचेगी खंडवा से भुसावलः 1, 2 और 3 मार्च को 17.10 बजे चलेगी और भुसावल 20 बजे पहुंचेगी। रुकने के स्टेशन- रावेर, सावदा, निम्भोरा, बुरहानपुर, नेपानगर, खंडवा आदि स्थानों पर स्टापेज रहेगा।

### ग्राम दोइफोड़िया में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बुरहानपुर।** ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा खकनार बुरहानपुर में 27 फरवरी शनिवार को ग्राम दोइफोड़िया में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 80 से अधिक मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज वेल हॉस्पिटल के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी गई। सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप, ब्लड प्रेशर की जाँच की गई। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा निर्देशन में एवं ऑल इज वेल हॉस्पिटल स्टाफ के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया।

### जिला चिकित्सालय और माधव नगर अस्पताल में टीकाकरण का शुभारंभ

**उज्जैन।** शनिवार को जिला चिकित्सालय में एचपीवी टीकाकरण का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल और सिविल सर्जन डॉ. संगीता पलसानिया के द्वारा किया गया। इस अवसर पर संभागीय प्रोजेक्ट अधिकारी डॉ. मंदीप मंडलोई, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रवींद्र कुमार पाल, आरएमओ डॉ. चिन्मय चिचोलीकर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री मनीष भद्रावले, जिला कम्युनिटी मोबिलाइज श्री अनस कुरैशी, जिला वैक्सीन मैनेजर श्री आकाश सिंह ठाकुर, अस्पताल प्रबंधक श्रीमती हिमांगी चौहान, सहायक कार्यक्रम प्रबंधक श्री दिलीप वसुनिया, अन्य स्टाफ उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 14 वर्ष से 15 वर्ष के मध्य की समस्त किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हेतु टीकाकरण अभियान शुरू किया जा रहा है

# प्रदेश के स्थानीय निकायों को विकास कार्यों के लिए पर्याप्त राशि का आवंटन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद




प्रदेश की डॉ.मोहन यादव सरकार स्थानीय निकायों को बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि मुहैया करा रही है।प्रदेश सरकार ने विगत 3 वर्षों में सनावद नगरपालिका को विभिन्न मद से लगभग 41 करोड़ रुपये विकास कार्यों के लिए दिए हैं।

प्रदेश सरकार नगरों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ये बातें विधायक सचिन बिरला ने पत्रकार भवन में रविवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में कहीं। विगत दिनों नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों एवं दैनिक वेतनभोगियों की हड़ताल के दौरान कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों का विधायक ने सिलसिलेवार जवाब दिया। विधायक ने कहा कि सनावद नगरपालिका की दयनीय आर्थिक व्यवस्था के लिए कांग्रेसनीत परिषद की निष्क्रियता और लापरवाही जिम्मेदार है। कांग्रेस परिषद ने संपत्ति कर,जल कर,समेकित कर एवं अन्य स्थानीय करों की वसूली पर ध्यान नहीं दिया और प्रदेश सरकार से मिली करोड़ों रु की विकास कार्यों की राशि का इस्तेमाल वेतन,भत्तों,बिजली बिल के भुगतान में किया है। स्थानीय निकाय की दयनीय आर्थिक स्थिति के लिए पूरी तरह कांग्रेस परिषद जिम्मेदार है।

प्रदेश की डॉ.मोहन यादव और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय स्थानीय निकाय के विकास कार्यों के लिए पर्याप्त धनराशि मुहैया करवा रहे हैं। विधायक ने बताया कि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2023 से अभी तक सनावद नगरपालिका को मुद्रांक शुल्क के 2.28 करोड़ रु,चुंगी क्षतिपूर्ति के 9.43 करोड़ रु,यात्री कर के 65 लाख रु,संचित निधि से कुल 1.15 करोड़ रुपये दिए हैं। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने सनावद नगरपालिका को 15 वें वित्त से 4.28 करोड़ रु,राज्य वित्त आयोग से 6.32 करोड़ रु,विशेष निधि से 87 लाख रु,स्वच्छ भारत अभियान मद से 60 लाख रु,सड़क विकास के लिए 1.75 करोड़ रु,मूलभूत सुविधाओं के लिए 2.25 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद के 3.65 करोड़ रु,कायाकल्प मद से 2.30 करोड़ रु,शहरी स्वच्छता मद से 5 लाख रु,स्वच्छ भारत मिशन के 21.50 लाख रु, एसडीआरएफ फंड से 24 लाख रु एवं अमृत 2.0 योजना के 5 करोड़ उपलब्ध कराए हैं। इस प्रकार लगभग 41 करोड़ रु पिछले तीन वर्षों में सनावद नगर के विकास के लिए प्रदेश सरकार ने दिए हैं। विधायक ने सनावद नगर की विकास योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नगर में गीता भवन निर्माण हेतु 15 करोड़ रु,खेल स्टेडियम के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त राशि से नगर में सड़क, बांकुर नदी के किनारे रिटेनिंग वॉल आदि निर्माण कार्य जारी हैं। नगर में 46 लाख रुपये की लागत से संजीवनी क्लिनिक का निर्माण किया जा चुका है। विधायक ने कहा कि नगरपालिका के पास वर्ष 2023-24 से दीनदयाल रसोई योजना के 13.33 लाख रु जमा हैं। इस राशि का उपयोग नगरपालिका परिषद ने भोजन शाला में नए बर्तन और टेबल कुर्सी की सुविधा के लिए नहीं किया है। इसी प्रकार रैन बसेरा की सुविधाओं के लिए भी नगरपालिका के पास १४ लाख रु जमा हैं।इस राशि का उपयोग भी निराश्रित लोगों के लिए नहीं किया गया है।

विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार से स्थानीय निकाय के लिए क्षतिपूर्ति के 1 करोड़ रुपये की स्वीकृत करने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी गई है। विधायक ने कहा कि सनावद नगरपालिका की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए जल्दी ही समीक्षा बैठक बुलाई जाएगी।

विधायक ने प्रश्नों के जवाब में कहा कि प्रदेश सरकार गौवंश की सुरक्षा एवं संवर्धन के लिए गौशालाओं का निर्माण कर रही है।सनावद नगर की गोपाल गौशाला की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक ने कहा कि समय पर ड्यूटी नहीं आने वाले और कर्तव्य पालन करने में लापरवाह कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान नगरपालिका नेता प्रतिपक्ष राजेश अंजने, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मानसिंह राठौर, दिनेश शर्मा,पार्षद गजेंद्र उपाध्याय, भाजपा नेता श्याम माहेश्वरी, सुदीश वर्मा,सुनील माली,पवन अरझरे दुर्गेश परिहार उपस्थित थे।

# आदिवासी समाजजनों में दिखा उमंग और उल्लास, झूलों व व्यंजनों का उठाया लुत्फ

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸







सनावद/बेड़ियां- रविवार को लगे भोंगर्या हाट में आसपास के गांवों से सैंकड़ों की संख्या में आदिवासी समाजजन शामिल हुए।मेले की मस्ती इस कदर थी कि देखते ही बन रही थी चारों तरफ से वाहन आ रहे थे ढोल बादल की राय पर लोक नृत्य और नए प्रधान में सजे धजे ग्रामीणों की उल्लास के साथ महिला स्तर पर उपस्थित यह बता रही थी कि कोई बड़ा उत्साह मान रहा है समाजजनों में भोंगर्या हाट को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।

दोपहर बाद बाजार में भारी भीड़ उमड़ी। ग्रामीणों ने जमकर खरीदारी की। एक दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की बधाइयां दी। हाट में लगे नाव व आकाश झूलों का युवाओं ने खूब आनंद लिया। साथ ही विभिन्न प्रकार के छोटे झूलों व मिक्की माउस पर बच्चों की भीड़ देखी गई।हाट में सैंकड़ों दुकानें लगी थी। इसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन, कटलरी, घड़ी, चश्मे, बच्चों के खिलौने सहित रंग गुलाल, पिचकारियां, फलों, शरबत व अन्य शीतल पेयो की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ी।

युवक-युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए। युवक-युवती मोबाइल से सेल्फी लेते देखे गए। बांसुरी की धुन के साथ ढोल की धाप व डीजे पर बुजुर्ग व युवा जमकर थिरके।पारंपरिक पोषाक में आदिवासी संस्कृति झलक दिखी। पुरानी मिर्च मंडी में भोंगर्या हाट में ग्राम पंचायत ने व्यवस्था की थी। साथ ही सुरक्षा के लिए पुलिस थाना बेड़िया के थाना प्रभारी रामेश्वर ठाकुर पुलिस बल के साथ तैनात रहे। साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों ने भी हाट बाजार का निरीक्षण किया।

आदिवासी लोगों का यह पर्व परंपरागत रूप से चला आ रहा है। इस बार भी हमेशा की तरह आदिवासी समाज के लोगों ने भोंगर्या बाजार में अपनी वेशभूषा के कपड़े पहने हुए थे। भोंगर्या हाट आयोजन सिर्फ हाट नहीं, बल्कि संस्कृति के सम्मान और परंपराओं के संरक्षण की मिसाल है। सैंकड़ों की संख्या में आदिवासी समाज के महिला-पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासी गीतों पर थिरकते व एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाते देखे गए। युवा भी फैशन के दौर में जींस और टी-शर्ट पहने हुए नजर आए। पुरानी मिर्च मंडी में अच्छी व्यवस्थाएं देखी गई। ग्राम पंचायत द्वारा पानी, बिजली व टेंट की सुविधा की गई थी।

# मंडलेश्वर में मां नर्मदा जी के श्रीराम घाट से निकली श्री खाटू श्याम जी की निशान यात्रा



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर

श्री श्याम अलबेली सरकार के पावन सानिध्य में एवं श्री श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा इस वर्ष अपने चतुर्थ वर्ष में प्रवेश कर गई। मां नर्मदा जी के श्रीराम घाट पर मां नर्मदा जी का पूजन कर श्री खाटू श्याम जी और श्री हनुमान जी के (निशान) झंडे की पूजन ,आरती कर निशान यात्रा प्रारंभ की गई निशान यात्रा का यह चतुर्थ वर्ष है यह यात्रा क्षेत्र में आस्था, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है।भगवान श्री खाटू श्याम जी के भक्तों द्वारा निकाली गई इस भव्य निशान यात्रा का शुभारंभ पावन नर्मदा तट स्थित मंडलेश्वर नर्मदा जी श्री राम घाट से विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

हाथों में रंग-बिरंगे निशान ध्वज लिए जिनमें अपनी मनोकामनाएं लिए सैकड़ों श्याम प्रेमी जयकारों के साथ यात्रा में शामिल हुए, जिससे पूरा नगर श्याममय हो उठा।यात्रा मंडलेश्वर से प्रारंभ होकर श्रीनगर कॉलोनी, जलूद, छोटी खरगोन होते हुए पावन तीर्थ श्री श्याम सांवलिया धाम मंदिर (धरगांव) पहुंची, इस आठ किलोमीटर की पैदल निशान यात्रा को तय करके सैकड़ो श्रद्धालु मंदिर पहुंचे जहां श्रद्धालुओं ने सामूहिक आरती कर दर्शन लाभ प्राप्त किया। मार्ग में जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए तथा पुष्प वर्षा कर भक्तों का अभिनंदन किया गया।निशान यात्रा के दौरान ढोल ताशे ओर श्याम भजनों की मधुर धुन पर महिला, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु झूमते और नृत्य करते नजर आए। च्च्हारे के सहारे बाबा श्याम हमारेज्ज और च्च्जय श्री श्यामज्ज के जयकारों से वातावरण गूंजायमान रहा। श्रद्धालुओं का उत्साह और उमंग देखते ही बनता था।

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक भदौरिया जिले के छकतला भगोरिया में हुए शामिल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलीराजपुर



आलीराजपुर के छकतला में आयोजित आदिवासी लोकपर्व भगोरिया में कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर एवं पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया ने सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने पारंपरिक साफा बंधवाया। साथ ही जनजातीय संस्कृति के तीर कमान को भी धारण किया। उन्होंने भगोरिया मेले में सजी वस्तुओं की दुकानों,झुलो को देखा। उन्होंने पारंपरिक वादक ढोल-मांदल की गूंज और रंग-बिरंगे परिधानों में सजे युवक-युवतियों को नृत्य करते हुए देखा,जिससे उनका हृदय हर्षोल्लास से भर गया। इन नृत्य दलों में संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन से आए नृत्य दल में सर्वप्रथम धार के भील जनजातीय नृत्य दल श्री राहुल भाबर एवं साथी द्वारा रोमांच से भरपूर नृत्य प्रस्तुत किया। जिससे भगोरिया मेले में शामिल समस्त जन का ध्यान अपनी और खींचा। इसके पश्चात छिंदवाड़ा से भारिया जनजातीय का भडम नृत्य श्री मोजीलाल डाडोलियां एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत किया गया,इसके उपरांत हरदा से कोरकू जनजातीय नृत्य श्री गोपाल कोरकू एवं साथी द्वारा किया गया। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश सिंह भदौरिया एवं समस्त प्रशासनिक अमले नृत्य दलों के साथ नृत्य कर भगोरिया महोत्सव का आनंद लिया।

# भाजपा से केंद्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर तो कांग्रेस से प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी बजाई मांदल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ टांडा



आदिवासी परम्परा का मुख्य उत्सव भगोरिया हाट में रविवार को टांडा में जबरजस्त भीड़ उमड़ी। ग्रामीण अंचल के लोगो मे अपार उत्साह देखा गया। भगोरिया में समाजजन का उत्साह बढ़ाने के लिए भाजपा कांग्रेस के बड़े नेताओं ने भी शिरकत की। जिसमे भाजपा से महिला बाल विकास केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर व भाजपा के जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार आए। तो कांग्रेस से नेता प्रतिपक्ष क्षेत्रीय विधायक उमंग सिंघार आए। दोनों दल के नेताओं ने मांदल दल को सम्मानित किया एवं नृत्य भी किया। भगोरिया हाट में हजारो की संख्या में पहुचे अंचल के लोगो ने जमकर आंनद लिया। चारो तरफ बाजार में भीड़ नजर आई। बड़ी संख्या में युवक युवती अपनी अपनी टोली मे आधुनिक साज सज्जा के साथ सज-धज कर पहुँचे। पुलिस प्रशासन ने भी भगोरिया हाट में मुस्तेदी से निगरानी रखी। फिर भी छूट- मूट मोबाइल चोरी की घटनाएं हुई। भगोरिया में मांदल के साथ गेर निकली। कांग्रेस व भाजपा ने अपने समर्थक मांदल दलों को पुरुस्कृत किया। टांडा में सुबह से ही भगोरिया को लेकर लोगो मे अच्छा उत्साह था। दोपहर १ बजे बाद भगोरिया का रंग खूब जमा। पारंपरिक वेशभूषा में सज धज कर पहुंचे ग्रामीण अंचल के लोग ढोल मांदल की थाप पर खूब झूमे। बांसुरी की मधुर धुन ढोल मांदल की थाप और कुरार्टी की गूंज से संपूर्ण नगर गुंजायमान हो उठा।

### सात सौ दोहों के संकलन 'प्रकृति नटी की गोद' में का विमोचन रूपांतरण सभागार में संपन्न

**बड़वानी।** कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रसिद्ध चित्रकार डॉ श्रीकृष्ण जोशी जी,मुख्य अतिथि डॉ श्रीराम दवे, विशिष्ट अतिथि मालवी के ख्यात कवि डॉ शिव चौरसिया, सेवानिवृत्त न्यायाधीश शशीमोहन श्रीवास्तव जी और मालवी की सिद्धहस्त कवियित्री माया बधेका थीं। हितैषी रचित सरस्वती वन्दना का सस्वर पाठ शिक्षिका सुनैनी शुक्ला ने तथा सुश्री बधेका ने संकलन के कुछ दोहों का वाचन किया।मुख्य अतिथि श्री दवे ने कई दोहों का उल्लेख करते हुए उनकी श्रेष्ठता ज्ञापित की। डॉ शिव चौरसिया ने सतसई परंपरा में मतिराम सतसई, रहीम सतसई, बिहारी सतसई का उल्लेख करते हुए हितैषी सतसई के चुनिंदा दोहों की व्याख्या की ।'हितैषी सतसई की विस्तृत समीक्षा साहित्यकार अशोक रक्ताले ' फणीन्द्र ने प्रस्तुत की । कार्यक्रम का चुटीला संचालन वाह वाह फेम हास्य कवि सुरेंद्र सर्किट ने किया। कार्यक्रम में छ्हृ रामनरेश शुक्ला , छ्हृ हरीश कुमार, छ्हृ पुष्पा चौरसिया , छ्हृ इंद्रेश मंगल ,छ्हृ सुदीप मिश्र , संदीप सृजन ,दिलीप जैन , विनोद काबरा , इंजी प्रफुल्ल शुक्ला, छ्हृ अखिलेश चौरे, छ्हृ महेश मिश्र और अतुल मिश्रा सहित साहित्यिक संस्थाओं के साहित्यकार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मूल्यांकन कार्य के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित

**बडवानी।** 1 मार्च 2026 को मूल्यांकन केंद्र शासकीय उत्कृष्ट उमावि, बड़वानी में माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य के द्वितीय चरण का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम मूल्यांकन अधिकारी श्री अनिल मिश्रा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर सहायक मूल्यांकन केंद्र अधिकारी श्री आशीष शुक्ला, श्री अकुमदिन पठान, श्री दीपक गुप्ता एवं श्री मुकेश कुशवाहा द्वारा रसायन शास्त्र, अंग्रेजी, संस्कृत, कृषि, कॉमर्स, इतिहास एवं व्यावसायिक विषयों के शिक्षकों को मूल्यांकन संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश एवं तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण उपरांत उपरोक्त विषयों का मूल्यांकन कार्य प्रेक्षक सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग श्री जे. एस. डामोर के निर्देशन में विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। मूल्यांकन कार्य सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी रूप से संचालित किया जा रहा है।जिला शिक्षा विभाग द्वारा जानकारी दी गई।

# संयुक्त सचिव श्री पंकज कुमार ने जिले के पीएम श्री स्कूलों का किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

भारत सरकार के संयुक्त सचिव श्री पंकज कुमार ने हाल ही में दो दिवसीय दौरे (गुरुवार और शुक्रवार) पर उज्जैन जिले के पीएम श्री स्कूलों का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने पीएम श्री कन्या दशहरा मैदान , पीएम श्री कन्या नागदा तथा पीएम श्री नवोदय विद्यालय बुरानाबाद सहित प्रमुख स्कूलों का दौरा किया।निरीक्षण के दौरान संयुक्त सचिव ने शौचालयों से लेकर लैबोरेटरी, लाइब्रेरी और कक्षा कक्षों तक हर सुविधा का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर ही कई सुधारात्मक सुझाव दिए और विद्यार्थियों एवं स्टाफ से लंबी चर्चा की। पीएम श्री योजना के उद्देश्यों को लेकर उन्होंने महत्वपूर्ण टिप्स भी साझा किए।श्री पंकज कुमार ने विशेष रूप से शौचालयों को स्मार्ट बनाने, स्कूल की उपलब्ध अतिरिक्त भूमि का पूर्ण और व्यावसायिक उपयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इससे प्राप्त आय से स्कूल का उन्नयन किया जा सकता है। जहां जमीन कम हो, वहां वर्टिकल संरचना अपनाकर पर्याप्त सुविधाएं विकसित करने का सुझाव दिया।उन्होंने डिजिटल लाइब्रेरी विकसित करने, उपलब्ध जानकारी को विद्यार्थियों तक पहुंचाने, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल की अनिवार्य व्यवस्था और अकादमिक गतिविधियों को अन्य स्कूलों से बेहतर बनाने पर बल दिया। बैठक में लक्ष्य रखा गया कि प्रत्येक पीएम श्री स्कूल में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम सुनिश्चित हो। निरीक्षण से पहले संयुक्त सचिव ने कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह से मुलाकात की, जहां कलेक्टर श्री सिंह ने जिले की शिक्षा व्यवस्था की जानकारी उन्हें दी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट भी उपस्थित रहे।इसके बाद उन्होंने सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभाकक्ष में सभी 13 पीएम श्री स्कूलों, १ केंद्रीय स्कूल और 2 नवोदय स्कूलों के प्राचार्यों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में परिचय के बाद स्कूलों की गतिविधियों पर फीडबैक लिया गया।

# विक्रमोत्सव 2026 में काव्य की त्रिवेणी : तीन अखिल भारतीय कवि सम्मेलन होंगे आयोजित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

सांस्कृतिक नगरी उज्जैन में आयोजित हो रहे विक्रमोत्सव 2026 के अंतर्गत इस वर्ष काव्य प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण के रूप में तीन अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है।यह जानकारी विक्रम उत्सव 2026 के संबंध में श्री राजेश सिंह कुशवाह ने देते हुए बताया कि विविध भाषाओं, बोलियों और विषयों पर केंद्रित ये आयोजन विक्रमोत्सव को राष्ट्रीय आयाम प्रदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि 1 मार्च को च्लोक रंजनज कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत भारतीय जनजातीय भाषाओं एवं बोलियों पर आधारित प्रथम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन कालिदास संस्कृत अकादमी के बहीरंग सभामंडप में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य देश की समृद्ध लोक परंपराओं, जनजातीय अभिव्यक्तियों और क्षेत्रीय बोलियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आमंत्रित ख्यातनाम कवि गण अपनी-अपनी भाषाई एवं सांस्कृतिक विरासत से जुड़ी रचनाओं का पाठ करेंगे। इनमें मुकुट मणिराज (हाड़ौती, कोटा), रतन प्रेमी (भीली बोली, पलसूद), राजकुमार बादल (मेवाड़ी, भीलवाड़ा), वीरेंद्र चौरे (निमाड़ी, पंधाना), किशोर तिवारी (छत्तीसगढ़ी, भिलाई), बादशाह प्रेमी (भोजपुरी, देवरिया), अजय प्रधान (अवधी, बाराबंकी), विक्रम विवेक (मालवी, तराना) तथा शशांक दुबे (मालवी व्यंग्यकार, उज्जैन) प्रमुख रूप से शामिल रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन एवं सूत्रधार श्री अशोक भाटी उज्जैन करेंगे।इसी क्रम में ७ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नारी शक्ति पर केंद्रित अखिल भारतीय कवियत्री सम्मेलन का आयोजन भी कालिदास संस्कृत अकादमी के बहीरंग सभामंडप में किया जाएगा।

इस विशेष आयोजन में देशभर की ख्यातनाम विदुषी कवियत्रियां समाज में महिला सशक्तिकरण, संवेदना, संघर्ष और उपलब्धियों पर आधारित रचनाओं का काव्यपाठ करेंगी।

खास न्यूज

## मृतक की पहचान नहीं होने पर दफनाया शव

**उज्जैन।** कालभैरव मंदिर के पास 2 दिन पहले एक युवक मृत अवस्था में मिला था। भैरवगढ़ थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रख उसकी पहचान के प्रयास शुरू किये थे। रविवार सुबह तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई। दोपहर में पोस्टमार्टम के बाद शव को दफना दिया गया। पुलिस के अनुसार मृतक हुलिये बाबा प्रतीत हो रहा था। उसके कान में कुंडल भी लगा था। नाथ सम्प्रदाय से जुडे साधु-संतों से भी जानकारी जुटाई गई, लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। महाकाल पुलिस ने भी एक अज्ञात व्यक्ति का शव थाना क्षेत्र से मिलने पर पहचान के प्रयास किये, उक्त व्यक्ति की भी पहचान नहीं होने पर रविवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद दफनाने की प्रक्रिया पूरी कराई गई।

## रिक्शा को बस ने पीछे से मारी टक्कर, 3 घायल

**उज्जैन।** देवासरोड पर सोयाबीन प्लांट के पास बीती रात बस क्रमांक एमपी 50 पी 0464 के चालक ने ओवरटेक करने के प्रयास में आगे चल रही ई-रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी। रिक्शा में नीलगंगा थाना क्षेत्र के नागेश्वर नगर में रहने वाला प्रजापत परिवार सवार थे। परिवार के रमेश पिता तुलसीराम प्रजापत 70 साल, ताराबाई पति रमेश प्रजापत 65 साल और पायल पिता चिंटू प्रजापत 14 साल घायल हो गये। रिक्शा में आरती पति चिंटू प्रजापत 35 साल भी सवार थी। जिसे मामूली चोंट लगी। नागझिरी पुलिस ने दुर्घटना के बाद सूचना मिलने पर घायलों को अस्पताल पहुंचाया और आरती प्रजापत की शिकायत पर बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया। दुर्घटना के बाद चालक बस लेकर भाग निकला था।

## हिस्ट्रीशिटर को चाकू मारने वाले पुलिस गिरफ्त से दूर

**उज्जैन।** हिस्ट्रीशिटर बदमाश नितेश उर्फ काऊ पिता खुशीलाल निवासी गांधीनगर को शनिवार शाम दो तालाब के पास दीनदयाल काम्पलेक्स स्थित बाबा कैफे पर चिमनगंज क्षेत्र के रहने वाले बदमाश छिंगू बुंदेला ने अपने साथी गोपी वाडिया और धीरज टूटा के साथ मिलकर चाकू मार दिये थे। हिस्ट्रीशटर काऊ गंभीर घायल हो गया था, जिसे उपचार के लिये निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में नीलगंगा थाना पुलिस ने जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया था। रविवार को तीनों बदमाशों की तलाश में उनके ठिकानों पर दबिश दी गई, लेकिन गिरफ्त में नहीं आ सके। बताया जा रहा है कि घायल हिस्ट्रीशिटर नितेश उर्फ काऊ रौनक गुर्जर गैंग से जुडा हुआ है। गुर्जर गैंग से छिंगू बुंदेला की दुश्मनी बनी हुई है। कुछ दिन पहले नितेश और छिंगू के बीच गाली-गलौच भी हुई थी।

## शराब के रूपये नहीं देने पर युवक के साथ मारपीट

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के मंगलनगर में रहने वाला दिनेश पिता मोतीलाल जैन 42 साल वर्तमान में गणेश नगर में निवास कर रहा है। रात में वह घर लौट रहा था उसी दौरान रास्ते में बदमाश शुभम राय ने उसे रोका और शराब पीने के रूपये मांगने लगा। दिनेश के मना करने पर बदमाश ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस ने दिनेश की शिकायत पर बदमाश शुभम के खिलाफ अवैध वसूली का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। मारपीट का एक अन्य मामला इस्कान मंदिर के पास झुग्गी बस्ती में रहने वाले मनदीप पिता कैलाश मकवाना के साथ हुआ। बस्ती में रहने वाले दीपक ने मनदीप से उसकी बाइक की चाबी मांगी। मना करने पर दीपक ने डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर मारपीट करने वाले के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## चालक ने लापरवाही पूर्वक खड़ी की थी बोलेरो पिकअप

**उज्जैन।** 26 फरवरी की रात गरोठ मार्ग पर ग्राम जयरामपुरा में रहने वाले पूर्व सरपंच राकेश पिता जयराम परमार 45 साल की कार रास्ते में खडी बोलेरो पिकअप क्रमांक एमपी 14 जीसी 2660 से टकरा गई थी। हादसे में राकेश परमार की मौत होना सामने आया था। पानबिहार चौकी पुलिस ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया था। इस दौरान सामने आया कि बीच रास्ते में खड़ी बोलेरो पिकअप को चालक ने खराब होने पर लापरवाही पूर्वक बीच रास्ते में खड़ा कर दिया था। मार्ग पर अंधेरा होने के बाद भी उसने पार्किंग लाइट चालू नहीं की थी, ना ही सुरक्षा की दृष्टि से स्टापर लगाये थे। चौकी प्रभारी जयंत डामोर ने बताया कि पिकअप चालक की लापरवाही से हुई पूर्व सरपंच मौत होन पर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 (1) में प्रकरण दर्ज किया गया है। बोलेरो पिकअप में कोल्ड्रिंग्स भरी हुई थी। नम्बर के आधार पर चालक की तलाश जारी है।

### पुलिस ने 10 किलोमीटर पीछाकर 1 घंटे में कराया मुक्त...

# कार सवार 4 बदमाशों ने किया युवक का अपहरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पानी पताशी का ठेला लगाने वाले युवक का इको कार में आये 4 बदमाशों ने अपहरण कर लिया। मामले की खबर मिलते ही पुलिस ने कार का 10 किलोमीटर दूर तक पीछा किया और युवक को मुक्त कराकर अपहरण करने वालों को हिरासत में ले लिया।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि रविवार शाम 5 बजे के लगभग खबर मिली थी कि सुन्दराबाद फंटे पर पानी पताशी का ठेला लगाने वाले विजयसिंह पिता रामनाथ कुशवाह निवासी लाहर जिला भिंड हाल मुकाम ग्राम बालोदा लक्खा का कार क्रमांक एमपी 09 झेड एल 5301 में चार से पांच लोग जबरदस्ती अगवा कर ले गये है। कार बडनगर की ओर गई है। युवक का अपहरण होने पर तत्काल की



डायल 112 के साथ थाना वाहन की मदद से 2 टीमों के साथ कार का पीछा शुरू किया गया। करीब 10 किलोमीटर पीछा करने के बाद कार को रोक लिया गया। जिसमें चार व्यक्ति सवार थे, उन्हे हिरासत में लेकर अपहृत युवक विजयसिंह को मुक्त कराया गया। वहीं इको कार को जप्त कर चारों अपहरणकर्ताओं को थाने लाया गया। जहां पूछताछ में उनके नाम प्रहलाद पिता मदनलाल खेरवाल, राघवेन्द्र पिता मुन्नीलाल कुशवाह, रणजीत पिता राधेश्याम डोडिया निवासी बडनगर और सुनील पिता इंदुसिंह सोलंकी ग्राम जाफला सामने आये। चारों के खिलाफ बीएनएस की धारा 140 (2) में प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है। सोमवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### 2 लाख की मांग रहे थे फिरोती

अपहृत विजयसिंह ने बताया कि वह काफी समय से बालोदा लक्खा में रहकर पानी पताशी का ठेला लगा रहा है। चारों लोगों ने उससे 2 लाख रूपये मांगे थे, नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। शाम को दुकान पर था उसी दौरान चारों कार से आये और जबरदस्ती उसके साथ मारपीट कर कार में बैठा लिया। विजयसिंह का कहना था कि अगर पुलिस उस तक नहीं पहुंचती तो चारों उसके साथ बडी घटना कर सकते थे।

### प्रेम प्रसंग का सामने आया एंगल

बताया जा रहा है फिरोती और अपहरण के मामले में प्रेमप्रसंग का एंगल सामने आया है। 2 साल पहले अपहृत विजयसिंह का पुत्र आरोपी राघवेन्द्र की बेटी को भगाकर अपने साथ ले गया था। प्रेम प्रसंग के चलते भागे युवक-युवती उज्जैन में निवास कर रहे है। जहां विजयसिंह का पुत्र फैक्ट्री में काम करता है और वहीं निवास करता है। उसी रंजीश में फिरोती और अपहरण की घटना को अंजाम दिया गया है।

### लौट आई गुजरात से श्रद्धालु दंपति ...

# महाकाल के रागी लड्डू प्रसाद की गुणवत्ता पर फिर उठाए सवाल

## उज्जैन में हमारी सुनवाई नहीं हो रही

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कुछ दिनों पूर्व गुजरात की दंपत्ति महाकाल मंदिर के प्रसाद की गुणवत्ता पर सवाल उठाए थे, बात को भ्रामक बताकर रफा -दफा कर दिया गया था। लेकिन गुजरात की वही दंपत्ति फिर उज्जैन लौट आई है और अपनी बात पर कायम है।

श्री महाकाल मंदिर में मिलने वाला लड्डू प्रसाद अपने स्वाद और गुणवत्ता के लिए प्रसिद्ध है। दीपावली से जारी हुआ रागी के लड्डू का प्रसाद स्वास्थ्य के लिए वरदान साबित हो रहा है लेकिन इसके बिल्कुल विपरीत गुजरात की एक दंपति इसी भी है जो श्री महाकाल मंदिर में मिलने वाले रागी के लड्डू वाले प्रसाद की गुणवत्ता पर लगातार सवाल उठा रही है । दैनिक अवन्तिका कार्यालय पहुंचकर गुजरात के अजय हसमुख भाई रनपरिया दंपत्ति ने बताया कि हमने महाकाल मंदिर के रागी का प्रसाद लिया था जिसके सेवन के बाद मेरी बेटी की तबियत बिगड़ गई थी जिसकी शिकायत महाकाल मंदिर समिति को की थी लेकिन उन्होंने गलती स्वीकारते हुए हमको समझा बुझाकर वापस भेज दिया था।

गुजरात की दंपत्ति का कहना है कि इस पर ठोस कार्रवाई होना चाहिए थी। हमारी श्री महाकाल बाबा पर पूर्ण श्रद्धा है लेकिन रागी के लड्डू की गुणवत्ता ठीक नहीं थी जिसके खाने के बाद हमारी बेटी गंभीर रूप से बीमार हुई थी। अगर हमारी बात को गंभीरता





से नहीं लिया गया तो हम हर स्तर पर जाकर आवाज उठाएंगे । उज्जैन में हमारी सुनवाई नहीं हो रही है कोई हमारी बात को गर्भीरता से नहीं ले रहा है। हमारी बेटी केके तरह किसी से स्वस्थ पर बात नहीं आना चाहिए इसलिए हम इस प्रसाद पर प्रतिबन्ध लगाना चाहते है, इसके लिए हम हर तरह कोशिश करेंगे।

### समाजसेवी ने हमारी बात उठाई थी

गुजरात की दंपति का कहना है समाजसेवी रोशन यादव ने हमारी बात को रील के माध्यम से उठाई थी लेकिन हमको पता चला उनकी बात को भी दबा दिया गया, समाजसेवी रोशन यादव ने ब्लड बैंक के माध्यम से कई लोगों की मदद की है और उनकी जान बचाई है।

अब हम मीडिया से मदद मांग रहे है कानून का रास्ता भी आजमाएंगे और ऊपर तक बात ले जायेंगे। जैसा मेरी बेटी के साथ हुआ ऐसा किसी और के साथ नहीं होना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि महाकाल मंदिर समिति ने श्री अन्न मिशनके तहत रागी लड्डू को महाकाल मंदिर के प्रसाद में शामिल करने का निर्णय लिया है। रागी जिसे श्री अन्न भी कहा जाता है। फायबर, केल्शियम और आयरन से भरपूर रागी के लड्डू ब्लड प्रेशर, शुगर और एनिमिया जैसी बीमारियों से बचाव करता है। उसके बावजूद गुजरात की दंपत्ति का रागी के लड्डू प्रसाद की गुणवत्ता पर उठाये जाने वाले आपत्ति के दावे की दैनिक अवन्तिका पुष्टि नहीं करता है।

## महाकाल मंदिर के पुजारी दुबई में फंसे, परिवार ने शासन से जल्द उनकी सुरक्षित वापसी की मांग की



**उज्जैन।** ईरान के हमले के बाद दुबई में हालत बिगड़ने से कई भारतीय वहीं फंसे हुए हैं। इनमें उज्जैन के मोती बाग कालोनी में रहने वाले महाकाल मंदिर के पुजारी विकास शर्मा भी दुबई में फंसे हुए हैं। वह दुबई में होने वाले ज्योतिष सम्मेलन में शामिल होने के लिए 22 फरवरी को दुबई गए थे। 28 फरवरी को वापस आने वाले थे। लेकिन फ्लाइट रद्द होने की वजह से वह दुबई में ही फंसे हुए हैं। परिवार ने शासन से उनकी जल्द सुरक्षित वापसी की मांग के लिए गुहार लगाई है। पुजारी विकास शर्मा महाकाल मंदिर के मुख्य पुजारी घनश्याम शर्मा के छोटे पुत्र हैं तथा उनके बड़े भाई आशीष शर्मा भी महाकाल मंदिर के पुजारी हैं।

महाकाल मंदिर के पुजारी आशीष शर्मा ने बताया कि 22 फरवरी को उनके छोटे भाई पुजारी विकास शर्मा दुबई के लिए रवाना हुए थे। वे दुबई में आयोजित होने वाले संत समागम और ज्योतिष के कार्यक्रम में भाग लेने गए थे। 28 फरवरी को दुबई से वापस आने के लिए फ्लाइट में बैठे। लेकिन फ्लाइट में बैठने के बाद वापस उतार दिया गया । यह कहा गया कि फ्लाइट कैंसिल हो गई है। उसके बाद सभी दुबई में जहां ठहरे थे वहां वापस चले गए। उनके ठहरने की व्यवस्था दुबई में बुर्ज खलीफा के पास की गई थी। लेकिन बुर्ज खलीफा के पास हुई घटना के बाद सभी को दूसरे सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया है। वापस भारत लाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उज्जैन संभागायुक्त आशीष सिंह को इस मामले से अवगत करा दिया गया है। लेकिन अभी तक यह पता नहीं चल पा रहा है। कि वहां से फ्लाइट कब शुरू होगी।

**पुजारी परिवार ने भगवान महाकाल से सभी फंसे हुए लोगों के जल्द सुरक्षित लौटने की कामना की** - महाकाल मंदिर पुजारी परिवार ने जितने भी भारतीय फंसे हुए हैं उनके लिए भगवान महाकाल से प्रार्थना की है कि वह सभी जल्द से जल्द सुरक्षित अपने घर लौटे।

## कार सवारों को नेशनल हाइवे रोजवास टोल पर उत्पात

**उज्जैन।** एबी रोड नेशनल हाइवे रोजवास टोल पर रविवार सुबह एक बार फिर विवाद होना सामने आया। कार सवारों ने बिना टैक्स चुकाये गाडी निकालने का प्रयास किया। रोकने पर कर्मचारी के साथ मारपीट की। विवाद टोल पर कैमरे में कैद हुआ है। कर्मचारी की शिकायत पर तराना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

तराना थाना पुलिस ने बताया कि रोजवास टोल पर कर्मचारी विनोद पिता लल्लनसिंह राजपूत 42 साल निवासी शिव सागर रोहतास बिहार के साथ मारपीट होने और टोल पर तोडफोड की सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची थी। टोलकर्मी विनोद के घायल होने पर उसे उपचार के लिये अस्पताल भेजा गया था। पुलिस घायल के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची, जहां सामने आया कि सुबह 2 कारो में सवार होकर 7 से 8 लोग आये थे। उन्होने बिना टोल शुल्क चुकाये गाडी निकालने का प्रयास किया। उन्हे रोका गया तो उन्होने कहा कि टोंककला के सरपंच साहब का मैसेज है। हमारी शुल्क नहीं लगेगा, हम फ्री में गाडी निकालेगें। जब उन्हे कहा गया कि ऐसे कोई मैसेज नहीं मिला है। इसी बात पर कार सवारों ने विवाद शुरू कर दिया और गाली-गलौच करते हुए हमला किया। उन्होने बेरियर भी तोड दिया। घटनाक्रम देख टोल के अन्य कर्मचारी आये तो मारपीट करने वाले भाग निकले। पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर टोल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें मारपीट और विवाद होता दिखाई दिया। पुलिस ने घायल की शिकायत पर अज्ञात हमला करने वालों के खिलाफ धारा 296-बी, 115 (2), 351 (3), 3 (5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। एबी रोड नेशनल हाइवे रोजवास टोल पर 10-12 दिन पहले भी विवाद होना सामने आया था। उस दौरान भी एक कार में सवार आधा दर्जन के लगभग युवकों ने कर्मचारी के साथ मारपीट की थी और उत्पात मचाया था। उक्त कार सवार बिना टोल चुकाये गाडी निकालने का प्रयास कर रहे थे। उक्त मामले में भी पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया था और फुटेज के आधार पर मारपीट करने वालों की तलाश शुरू की थी, जिनका अब तक पता नहीं चल पाया था और दूसरा घटनाक्रम सामने आ गया। रोजवास टोल पर आये दिन विवाद की स्थिति बनना सामने आ रहा है।

## औद्योगिक विभाग के अधिकारी की सडक दुर्घटना में मौत

**उज्जैन।** सडक दुर्घटना में घायल औद्योगिक विभाग के अधिकारी की 3 दिनों तक चले उपचार के बाद रविवार तडके मौत हो गई। दुर्घटना शाजापुर से तराना लौटते समय होना सामने आया था।

तराना के बडसिम्बा में रहने वाला सुरेन्द्र पिता मोहनलाल मालवीय 30 साल की पिछले वर्ष औद्योगिक विभाग शाजापुर में पोस्टिंग हुई थी। वह बाइक से डेली अपडाउन करता था। गुरूवार देर शाम बाइक से लौटते वक्त ग्राम करंज के पास सडक दुर्घटना में गंभीर घायल हो गया था और सडक किनारे खंती में जा गिरा था। शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने उसे घायल हालत में देख पुलिस को सूचना दी थी। सुरेन्द्र मालवीय को तराना अस्पताल से परिजन उपचार के लिये उज्जैन निजी अस्पताल ले आये थे। जहां उपचार के दौरान रविवार तडके मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान परिजनों ने बताया कि सुरेन्द्र अधिकारी के पद पर शाजापुर में पदस्थ हुआ था। उसके पिता पटवारी है और भाई ग्राम बडसिम्बा का सरपंच है। नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग डायरी जांच के लिये तराना पुलिस को सौंपने की बात कहीं है। आशंका जताई जा रही है कि दुर्घटना या तो अज्ञात वाहन से हुई है या फिर नीलगाय से टकराने पर घटनाक्रम हुआ था। जिसका खुलासा पुलिस जांच के बाद हो पायेगा।

## भारत टी-20 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में

**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब टीम 5 मार्च को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड से भिड़ेगी। आखिरी सुपर-8 मैच में भारत ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया। संजू सैमसन ने सबसे ज्यादा नाबाद 97 रन बनाए। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 195 रन बनाए। रोस्टन चेज (40) और जेसन होल्डर (नाबाद 37) ने अहम योगदान दिया।


# किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर 50 हजार रूपए की वसूली का आरोप , रूपए नहीं देने पर संस्था को किया बदनाम

**कटप्पा तूफान संस्था के संचालक ने लगाए गंभीर आरोप, कहा- अध्यक्ष पर स्वयं दर्ज हैं चेक बाउंस के मामले**

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंडी में गेहूं खरीदी-बिक्री का कार्य करने वाली संस्था कटप्पा तूफान के संचालक कमल पटेल ने जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष अशोक जाट पर 50 हजार रुपए मांगने और ब्लैकमेल करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। संचालक का आरोप है कि रुपए देने से मना करने पर अशोक जाट ने एक किसान को मोहरा बनाकर संस्था के खिलाफ झूठा मोर्चा खोल दिया और उसे बदनाम करने की साजिश रची।

**20 किलो प्रति क्विंटल चोरी का आरोप निराधार**- कमल पटेल ने बताया कि कुछ दिन पहले एक किसान उनकी संस्था पर गेहूं लेकर



आया था। उस समय छोटा कांटा खराब होने के कारण बड़े कांटे पर तौल करवाया गया और किसान की सहमति से माल गोदाम पर खाली करवाया गया था। इसी बात का फायदा उठाकर अशोक जाट ने संस्था पर प्रति क्विंटल 20 किलो गेहूं चोरी करने का आरोप लगा दिया। पटेल ने सवाल उठाया है कि क्या एक क्विंटल पर 20 किलो की चोरी व्यावहारिक रूप से संभव है?

**पैसे नहीं देने पर किया मंडी कमेटी और थाने में प्रदर्शन**- संचालक के अनुसार, अशोक जाट ने कुछ दिन पूर्व संस्था पर आकर 50 हजार रुपए की मांग की थी। जब संस्था ने यह कहते हुए इनकार कर दिया कि कांटा खराब होने के कारण तौल में परेशानी हुई थी, तो जाट ने मंडी कमेटी और थाने में प्रदर्शन कर दबाव बनाने का प्रयास किया। मनीष पटेल का आरोप है कि अशोक जाट का आतंक पूरी मंडी कमेटी में है और वे अन्य संस्थाओं से भी इसी तरह पैसों की मांग करते हैं। जो उनकी मांग पूरी नहीं करता, उसके खिलाफ वे ऐसे ही आंदोलन करते हैं।

**हटाने की मांग**- कमल पटेल ने यह भी खुलासा किया कि संस्थाओं पर आरोप लगाने वाले अध्यक्ष के खिलाफ स्वयं 5 लाख रुपए के चेक बाउंस (धारा 138) और अन्य धाराओं में न्यायालय में प्रकरण चल रहे हैं। संचालक ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं से मांग की है कि ऐसे भ्रष्ट जिलाध्यक्ष को तुरंत पद से हटाया जाए।

## होली-रंगपंचमी से पहले पुलिस ने संभाला मैदान

**उज्जैन।** होली-रंगपंचमी पर कानून व्यवस्था के साथ सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखने के लिये पुलिस मैदान संभाल चुकी है। रविवार शाम पुलिस अधीक्षक खुद फ्लैग मार्च पर निकले। 3-4 मार्च को होली का पर्व मनाया जायेगा, वहीं 8 मार्च को रंगपंचमी की मस्ती छायेगी। रंगों के पर्व में कोई खलल ना पडे इसको लेकर पुलिस मैदान संभाल चुकी है।

थाना अनुभाग में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। आदतन गुंडे-बदमाशों को थाने पर तलब कर बाउंड ओवर के साथ डोजियर फार्म भरवाये जा रहे और अपराध नहीं करने की हिदायत दी जा रही है। इसी बीच रविवार शाम माधवनगर से नानाखेडा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा स्वयं शामिल हुए। इस दौरान असामाजिक तत्वों को कडा संदेश दिया गया कि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। त्यौहारों को शांति-सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनाये। माधवनगर से नानाखेडा थाना क्षेत्र में निकले मार्च के साथ ही महाकाल क्षेत्र में डीएसपी भारतसिंह और विक्रमसिंह कनपुरिया के नेतृत्व में मार्च निकाला गया। जिसमें डॉग स्क्वॉड, आरएएफ के जवान और पुलिस बल मौजूद रहा।

# किसान का बेटा बना इस तरह अमीर, जानेंगे तो कहेंगे कमाल है



किशोर उम्र का वह बालक गरीब किसान की 13वीं संतान था। गरीबी के कारण 15 साल की उम्र में वह ब्रिग शहर के एक होटल में वेटर बन गया। गांव के उस लड़के से अक्सर गलतियां होतीं और उसे डांट भी पड़ती। एक दिन एक ग्राहक का ऑर्डर पूरा करने में देर होने पर होटल मालिक आग बबूला हो गया और उसे डांटते हुए बोला, मैं तुम्हें अभी नौकरी से निकालता हूं। तुम जीवन में कुछ नहीं कर सकते और होटल का काम तो तुम जैसा नाकारा लड़का कभी कर ही नहीं सकता। जाओ और सड़कों पर भीख मांग कर अपना गुजारा करो। तुम जैसे लोगों का खुला आसमान ही ठिकाना है। होटल मालिक की डांट सुनकर उस बालक ने अत्यधिक अपमानित महसूस किया। मगर निराश होने के बजाय उसने मन में ठान लिया कि इस होटल मालिक ने कहा है वह होटल का काम नहीं संभाल सकता, तो अब इसी फील्ड में रहना है और इसी में कुछ ऐसा अद्भुत करके दिखाना है कि सब याद रखें। इसके बाद शुरू हुआ मेहनत और संघर्ष का उसका सफर। अनेक होटलों में उसने काम की बारीकियां सीखीं। अपने काम से उसे तरक्की मिलती गई और जल्दी ही वह मैनेजर बन गया।

वह वहीं नहीं थमा। उसने उस दौर के सबसे अच्छे शेफ अगस्ते स्कोफेयर को अपना दोस्त बना लिया। इसके बाद तो उसका जगह-जगह होटल खोलने का सिलसिला चल पड़ा। अब तक उसे एक पहचान मिल चुकी थी और लोग उसे सेजार रित्ज के नाम से जानने लगे थे। जिस सेजार रित्ज को एक होटल मालिक ने दुत्कार दिया था, उसी सेजार के नाम पर शुरू हुई कंपनी के पास आज दुनिया के 30 देशों में 100 से ज्यादा होटल और लगभग 28 हजार कमरे हैं। होटलों की दुनिया में उन्हें होटल वालों का राजा और राजाओं के होटल वाला के रूप में याद किया जाता है।



सम्पादकीय

## एक मां का दर्द

किसी भी मां का बेटा खो जाना शब्दों से परे दर्द है। यह केवल एक घटना नहीं बल्कि एक उस मां का सारा संसार उजड़ जाता है। एक मां का दर्द सारी दुनिया समझती है, पर एक मां होने के नाते उसका दर्द दिल को चीर देता है। उसका रोना, उसके आंसू उसके अन्दर की पीड़ा को इस तरह बयां करते हैं कि आपके भी आंसू निकल आते हैं। ईश्वर करे किसी भी मां को यह दिन न देखने पड़ें। जब वो रो-रोकर बोलती है कि जिस बेटे को अकेली मां होने के नाते उसने किस तरह पाला और उसका बेटा इतना लायक था कि अब उसके सभी दुःख-दर्द दूर होने वाले थे वो बाहर आगे पढ़ने जा रहा था। अपने बेटे के सलैक्शन का लैटर उसे उसके जाने के बाद मिलता है। उसके आंसू नहीं थम रहे और उसका दर्द कभी नहीं कम होगा।

हम नहीं जानते द्वारका के साहिल की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत को लेकर कहां गलती है, यह सब पुलिस और न्यायालय का काम है परन्तु इस समय सारे समाज की भावनाएं उस मां के साथ जुड़ी हैं। आज एक मां का इकलौता बेटा छिन गया। यह एक परिवार की नहीं पूरे समाज की पीड़ा है। हम सब उस मां के लिए ?न्याय चाहते हैं लेकिन कानून के दायरे में हम सब सच्चाई चाहते हैं लेकिन बिना अफवाह के और हम साथ ही साथ ऐसी व्यवस्था चाहते हैं जहां कोई मां अपने बेटे को यूं न खोए। एक मां ने अपना इकलौता बेटा खो दिया। यह दर्द शब्दों में या लिखकर व्यक्त नहीं किया जा सकता। यह एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए सोचने और आत्ममंथन का विषय है लेकिन साथ ही हमें याद रखना होगा कि न्याय भावनाओं से नहीं तथ्यों और कानून से होता है। हम किसी को बिना जांच दोषी नहीं ठहरा सकते, हम सोशल मीडिया को अदालत नहीं मान सकते। साथ ही हमें यह घटना और उस मां का दर्द यह सोचने पर मजबूत करता है। हमारे युवाओं को सही मार्गदर्शन, मनसिक सहारा और सुरक्षित वातावरण मिल रहा है। क्या हम अपने बच्चों का खासकर नाबालिगों का ध्यान रख रहे हैं। क्या एक नाबालिग बिना लाइसेंस के गाड़ी चला सकता है, क्या कोई रील बनाने के चक्कर में किसी की जिन्दगी से खेल सकता है। फिर कहूंगी यह सब पुलिस और न्यायपालिका को ही देखना है। पर उस मां के हाल पर मैं भी बेहाल हूं। जिसने उसे 9 महीने कोख में रखा। अंगुली पकड़कर चलना सिखाया, अकेली मां ने पूरी मेहनत और मुश्किल से पाला-पढ़ाया। जब वो 23 वर्ष का था जिसकी पूरी जिन्दगी आगे पड़ी थी वह आज इस दुनिया में नहीं है। एक मां का जीवन का आधार टूट गया। हम उस मां के साथ दिल से भावना से खड़े हैं। हम किसी पर अंगुली नहीं उठा रहे। हम किसी को बिना जांच के दोषी नहीं ठहरा रहे लेकिन हम यह जरूर चाहते हैं कि एक मां को न्याय जरूर मिलना चाहिए।

रंग जो दिलों तक उतर जाएँ

## होली दिलों को जोड़ने और दूरी को मिटाने का सबसे रंगीन मौका





प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

भारत की सांस्कृतिक परंपरा में होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और मानवीय संबंधों का जीवंत उत्सव है। यह वह अवसर है जब रंगों के बहाने मन के भीतर जमी धूल को झाड़ने, रिश्तों में आई दरारों को भरने और जीवन में नई ऊर्जा भरने का अवसर मिलता है। होली हमें याद दिलाती है कि जीवन की असली खूबसूरती बाहरी रंगों में नहीं, बल्कि भीतर की भावनाओं में छिपी होती है।

आज का समय तेज रफ्तार, प्रतिस्पर्धा और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं का है। परिवार साथ रहते हुए भी दूर होते जा रहे हैं। संवाद की जगह औपचारिक संदेशों ने ले ली है और संवेदनाओं की जगह तर्क ने। छोटी-छोटी बातों पर मनमुटाव, अहंकार और गलतफहमियाँ रिश्तों के बीच दीवार खड़ी कर देती हैं। ऐसे में होली एक अवसर बनकर आती है—इन दीवारों को गिराने और अपनत्व के पुल बनाने का।

होली का वास्तविक संदेश क्षमा, स्वीकार और समानता में निहित है। जब हम एक-दूसरे को रंग लगाते हैं, तो यह प्रतीक होता है कि हम भेदभाव, कटुता और दूरी को पीछे छोड़ रहे हैं। रंगों की यह परंपरा हमें सिखाती है कि जीवन में विविधता ही सुंदरता है। अलग-अलग स्वभाव, विचार और संस्कृतियाँ मिलकर ही समाज को समृद्ध बनाती हैं। यदि हम इन विविधताओं को स्वीकार कर लें, तो अधिकांश विवाद स्वयं समाप्त हो सकते हैं।

मनमुटाव अक्सर संवाद की कमी से जन्म लेते हैं। हम अपनी बात कहने में देर कर देते हैं और दूसरे की बात सुनने का धैर्य खो बैठते हैं। त्योहार संवाद का स्वाभाविक अवसर प्रदान करते हैं। परिवार और मित्र जब एक साथ बैठते हैं, तो दिल की बातें खुलकर सामने आती हैं। एक सच्ची मुस्कान और एक आत्मीय आलिंगन वर्षों की दूरी को मिटा सकता है। होली हमें यही सहजता और खुलेपन का पाठ पढ़ाती है।

डिजिटल युग में जुड़ाव का स्वरूप बदला है। सोशल मीडिया पर शुभकामनाओं की भरमार होती है, लेकिन वास्तविक मिलन कम होता जा रहा है। होली हमें स्क्रीन से बाहर निकलकर वास्तविक संबंधों को प्राथमिकता देने की प्रेरणा देती है। रंगों से सना चेहरा और हँसी से भरा वातावरण उस आत्मीयता को जन्म देता है, जिसे कोई आभासी माध्यम पूरी तरह नहीं दे सकता।

परिवार के संदर्भ में होली का महत्व और भी बढ़ जाता है। यह पीढ़ियों को जोड़ने का अवसर है। बच्चे जब अपने बड़ों को हँसते-खेलते देखते हैं, तो उनके भीतर भी अपनत्व और सहयोग की भावना विकसित होती है। बुजुर्गों के अनुभव और युवाओं का उत्साह मिलकर उत्सव को संपूर्ण बनाते हैं। होली का यह सामूहिक स्वरूप परिवार को मजबूत और जीवंत बनाता है।

सामाजिक स्तर पर भी यह पर्व समरसता का संदेश देता है। जाति, वर्ग, भाषा या आर्थिक स्थिति की दीवारें रंगों के सामने फीकी पड़ जाती हैं। जब पूरा समाज एक साथ उत्सव मनाता है, तो आपसी अविश्वास कम होता है और सहयोग की भावना बढ़ती है। आज के समय में, जब समाज विभिन्न स्तरों पर विभाजन का सामना कर रहा है, होली जैसे पर्व सामाजिक एकता को सुदृढ़ करने का माध्यम बन सकते हैं।

हालाँकि यह भी सच है कि समय के साथ त्योहारों में दिखावे और उपभोक्तावाद की प्रवृत्ति बढ़ी है। महंगे आयोजन, प्रदर्शन और सोशल मीडिया पर छवि निर्माण की होड़ ने त्योहारों की आत्मा को कहीं-कहीं आच्छादित कर दिया है। हमें यह समझना होगा कि होली का वास्तविक आनंद सादगी, आत्मीयता और सहभागिता में है। जब हम अपेक्षाओं और प्रतिस्पर्धा से मुक्त होकर उत्सव मनाते हैं, तभी उसकी सच्ची अनुभूति होती है।

मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से भी होली का महत्व कम नहीं है। तनाव और चिंता से भरे जीवन में यह पर्व हमें खुलकर हँसने, गाने और आनंद लेने का अवसर देता है। सकारात्मक भावनाएँ मन को हल्का करती हैं और नई ऊर्जा प्रदान करती हैं। जब हम गिले-शिकवे भुलाकर आगे बढ़ते हैं, तो भीतर एक शांति और संतोष का अनुभव होता है।

होली आत्ममंथन का भी समय है। यह सोचने का अवसर है कि क्या हमने किसी को अनजाने में आहत किया है? क्या कोई ऐसा संबंध है जिसे हमने समय न देकर कमजोर होने दिया? यदि उत्तर हाँ है, तो यह पर्व सुधार का अवसर देता है। एक छोटी-सी पहल—एक फोन कॉल, एक मुलाकात या एक स्नेहिल संदेश—रिश्तों में नई जान फूंक सकता है।

अंततः, होली हमें यह सिखाती है कि जीवन का असली रंग प्रेम और अपनत्व है। बाहरी रंग कुछ समय बाद फीके पड़ जाते हैं, लेकिन दिलों में भरे स्नेह के रंग स्थायी होते हैं। यदि हम इस त्योहार की भावना को अपने दैनिक जीवन में उतार लें, तो हर दिन एक उत्सव बन सकता है।

आइए, इस होली पर हम यह संकल्प लें कि मनमुटाव को पीछे छोड़ेंगे, संवाद को मजबूत बनाएँगे और रिश्तों को प्राथमिकता देंगे। क्योंकि जब दिल जुड़ते हैं, तभी समाज सशक्त होता है और जीवन सचमुच रंगों से भर उठता है। होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि भावनाओं का पर्व है—और यही इसे सबसे खास बनाता है।

## अब गुलाल नहीं, 'गैजेट' का गुमान है!

आज के दौर में होली का अर्थ फागुन की मस्ती नहीं, बल्कि स्मार्टफोन के कैमरा लेंस की स्वच्छता बनाए रखने का एक बेहद तनावपूर्ण मिशन है। आधुनिक युवाओं के लिए रंगों का त्योहार अब हृदय के मिलन का उत्सव नहीं रहा, बल्कि 'हाई-डेफिनिशन' तस्वीरों के संकलन का एक डिजिटल अखाड़ा बन गया है। जहाँ पहले लोग एक-दूसरे को रंगने के लिए छिपते-फिरते थे, वहीं आज का युवा इस बात से खौफजदा रहता है कि कहीं उसके फोन के 'चार्जिंग पोर्ट' में गुलाल का एक कण न समा जाए। उसके लिए होली की सबसे बड़ी त्रासदी यह नहीं है कि उसे किसी ने पहचान में न आने वाले रंगों से पोत दिया है, बल्कि यह है कि उसके फ्रंट कैमरे पर पानी की एक बूंद गिर गई है जिससे उसकी 'सेल्फी' धुंधली हो सकती है। वह हुड़दंगियों की टोली को ऐसे देखता है जैसे वे कोई रंग लेकर नहीं, बल्कि उसके छह महीने की ईएमआई पर लिए गए फोन को नष्ट करने का 'परमाणु बम' लेकर आ रहे हों।

जैसे ही मोहल्ले के उत्साही बच्चे हाथ में बाल्टी और रंग लेकर प्रवेश करते हैं, हमारा आधुनिक नायक अपनी रक्षा के लिए ऐसे पैंतरे बदलता है जैसे कोई अनुभवी जासूस किसी घातक हमले से बच रहा हो। वह लड़का जो घर के छोटे-मोटे कामों के लिए हिलने को तैयार नहीं होता था, अब उस एक पानी के गुब्बारे से अपने मोबाइल को बचाने के लिए ओलंपिक के एथलीट की तरह लंबी छलांगें लगाता है। उसकी आँखों में वह खौफ साफ दिखाई देता है जो शायद किसी रेगिस्तान में प्यासे व्यक्ति को अपनी आखिरी पानी की बोतल गिरते देख होता है। वह घर की बालकनी से लेकर सीढ़ियों तक ऐसे दौड़ता है जैसे कोई 'ग्रैंड थेफ्ट ऑटो' गेम का कोई मिशन पूरा कर रहा हो। उसके लिए गुलाल की महक से ज्यादा कीमती उसके फोन की वारंटी है, जो पानी की एक भी बूंद लगते ही 'शून्य' होने के कगार पर खड़ी होती है।

असली हास्य तो तब पैदा होता है जब होली के लोकगीत बजते हैं और यह युवा उसमें शामिल होने का दिखावा करता है। वह नाचता तो है, लेकिन उसके दोनों हाथ अपनी जेबों को ऐसे जकड़े रहते हैं जैसे उसने वहाँ कोई राजकीय खजाना छुपा रखा हो। उसे डर है कि अगर वह थोड़ा भी ज्यादा झूम गया, तो उसका फोन गुरुत्वाकर्षण के नियमों का पालन करते हुए सीधा कीचड़ में जा गिरेगा।

### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 02 मार्च 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:52 सूर्यास्त 18:27
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - चतुर्दशी 17:55 उपरांत पूर्णिमा
नक्षत्र - अश्लेषा 07:52 उपरांत मघा
योग - अतिगंड 12:19 उपरांत सुकर्मा
करण - वणिज
चन्द्रमा - कर्क में है। 07:52 पर सिंह में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 12 तारिख

**मेष-** आज रुका धन मिलेगा। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी।

**वृषभ-** जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होगी।

**मिथुन-** नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। कार्य बनेंगे। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे।

**कर्क-** घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा।

**सिंह-** बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी।

**कन्या-** व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाज न करें।

**तुला-** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं।

**वृश्चिक-** भाग्य का साथ मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। रुका धन मिलेगा।

**धनु-** जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। निवेश शुभ रहेगा। प्रमाद न करें। रुका धन मिलेगा।

**मकर-** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी।

**कुंभ-** प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा। आय के स्रोत बढ़ सकते हैं।

**मीन-** व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

होली पर व्यंग्य

## रिश्वतखोरी सुविधाजनक है

जब भी कुछ लोग इकट्ठा होते हैं, करने के लिए, तब किसी न किसी तरह रिश्वतखोरी पर चर्चा हो ही जाती हैं। सभी एकमत होकर रिश्वतखोरी की बुराई करते हैं। रिश्वतखोरी को बुरा बताते हैं।हम में से कई लोगों ने वो दिनदेखे हैं जब रिश्वतखोरी सचमुच में बुरा मानी जाती थी। रिश्वतखोर व्यक्ति भी कम ही दिखाई देते थे। समय के साथ रिश्वत का प्रचलन बढ़ता गया। किसी एक क्षेत्र में नहीं अनेक क्षेत्रों में इसकी शुरूआत सरकारी कर्मचारियों से हुई। अब यह अनेक क्षेत्रों में प्रचलित हो गई है। रिश्वतखोरी पर जब भी चर्चा होती है सभी इस प्रथा की आलोचना करते हैं।जो व्यक्ति रिश्वतखोरी में सक्रिय भागीदार होते है वे भी सार्वजनिक रुप से रिश्वतखोरी की बुराई करते हैं।

किन्तु निष्पक्ष रूप से विचार करें तो रिश्वतखोरी उतनी बुरी भी नहीं दिखाई देती है, होली के अवसर पर तो बिल्कुल भी नहीं। होली के व्यंग्य के रूप में विचार करें तो समझने में आ जाता है कि रिश्वतखोरी उतनी बुरी भी नहीं। वैसे रिश्वतखोरी को भ्रष्टाचार कहें तो उसका क्षेत्र अधिक विस्तृत हो जाता है। शायद रिश्वतखोरी के प्रारंभ में केवल पैसे के लेन-देन को ही रिश्वतखोरी माना जाता होगा। समय के साथ रिश्वतखोरी के स्वरूप और क्षेत्र में विस्तार होता गया।अब नगद धन के अलावा भी रिश्वतखोरी में नए-नए क्षेत्र बन गए हैं।आजकल समाज में रिश्वतखोरी के विस्तृत विस्तार से सभी परिचित हैं।जो लोग रिश्वतखोरी से लाभ उठाते हैं वे भी इसकी आलोचना करने में आगे रहते हैं। अब रिश्वतखोरी के सीमित अर्थ से समय बहुत आगे निकल चुका है, अब शायद भ्रष्टाचार उसके विस्तृत अर्थ में माना जाने लगा है।

वैसे विचार करें तो भ्रष्टाचार का मूल स्वरूप अभी भी धन का आदान-प्रदान ही है।सब इसकी बुराई करते हैं लेकिन ईमानदारी से विचार करें तो रिश्वतखोरी इतनी बुरी भी नहीं है। वर्तमान में आम नागरिक का संपर्क बहुत अधिक सरकारी विभागों से होता आया है। अनेक योजनाएं सरकार की चलती है। जिनके लिए आम नागरिक को कई बार बहुत भागदौड़ करनी पडती है, बहुत कठिनाई होती हैं, बहुत पसीना बहाना पड़ता हैं, समय भी बहुत लगता है। परेशानियां भी बहुत होती हैं। उनसे अगर बचना है तो थोड़ी सी रिश्वत दे दो, भाग दौड़ भी बच जाएगी और काम भी आसानी से हो जाएगा। छोटी सी रिश्वत जीवन को सुविधाजनक बना देती है। समय और मेहनत दोनों बचते हैं। रिश्वतखोरी अच्छी हुई है या नहीं, जीवन को सरल बनाया है या नहीं निश्चित रूप से कुछ भी नहीं कह सकते। वैसे तो लेने और देने वाला दोनों रिश्वतखोरी को बुरा कहते हैं किन्तु छोटी सी रिश्वत जीवन को आसान बनाती है। यह एक ऐसा सच है जिसे कोई स्वीकारने को तैयार नहीं होता, किन्तु होली के आनंद उत्सव के समय तो इस रिश्वतखोरी की उपयोगिता को स्वीकार किया जा सकता है। पूरा वर्ष पढ़ा है रिश्वतखोरी की बुराई करने के लिए किन्तु होली पर तो सच स्वीकार कर ही लेना चाहिए।एक छोटा सा नोट बड़ी समस्या हल कर देता है, स्वीकार करना ही होगा? बड़ी-बड़ी समस्या आसानी से सरल हो जाती है? रिश्वतखोरी के क्षेत्र का विस्तार भी अनंत हो गया है। शिक्षा जैसा पवित्र क्षेत्र भी रिश्वतखोरी को अपना चुका है? असंभव को संभव रिश्वत कर देती है फिर होली पर तो हमें स्वीकार कर ही लेना चाहिए कि रिश्वतखोरी अच्छी है? जीवन को सुविधाजनक बनाती है? वैसे हम इसके पक्षधर नहीं, तकलीफे चाहे जितनी हो। किन्तु दृष्टिकोण बदलता जा रहा है, न कोई रिश्वत देना बुरा मानता है न लेना बुरा। जैसे होली पर कोई रंग डाल दे तो बुरा नहीं मानते वैसे ही रिश्वत के सच को होली के व्यंग्य के रुप में स्वीकार कर लेना चाहिए?जैसे बीमारी को ठीक करने के लिए हम कड़वी दवाई पीते हैं वैसे ही रिश्वत को भी स्वीकारते हैं? बड़ी-बड़ी उलझनें रिश्वत से सुलझ जाती है, यह कड़वा सच होली के रंग की तरह स्वीकार कर लेना चाहिए।

प्रो. देवेन्द्र कुमार शर्मा

## होली : जीवन में रंगों के महत्व को समझने का पर्व





डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

वर्तमान के यंत्रवत युग में जहाँ मानवीय संबंधों की ऊष्मा औपचारिकताओं की भेंट चढ़ रही है, वहाँ होली हमें आत्म-अवलोकन की प्रेरणा देती है। वास्तव में यह पर्व एक मनोवैज्ञानिक दर्पण है जो हमें यह बोध कराता है कि क्या हम अपने जीवन के कैनवास पर विभिन्न संवेगों का संतुलन बनाए रख पा रहे हैं। मनोविज्ञान के अनुसार जीवन का प्रत्येक रंग एक विशिष्ट मानवीय गुण और प्रकृति के तत्व का प्रतिनिधित्व करता है। लाल रंग, जिसे दृश्य प्रकाश के स्पेक्ट्रम में सर्वाधिक ऊर्जावान माना जाता है, हमारे जीवन में साहस, संकल्प और जिजीविषा का संचार करता है। यह स्पंदन और परिवर्तन की उस आकांक्षा का प्रतीक है, जिसके बिना जीवन जड़वत हो जाता है। वहीं, पीला रंग चेतना और बौद्धिक प्रखरता का द्योतक है; जिस प्रकार वसंत की स्वर्णिम रश्मियाँ जड़ता को तोड़ती हैं, उसी प्रकार पीला रंग मानवीय चित्त को निराशा के कुहासे से बाहर निकालकर भविष्योन्मुखी बनाता है।

प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाता हरा रंग विकास और निरंतरता का संवाहक है। पारिस्थितिकीय संतुलन की भाँति यह रंग हमें सिखाता है कि जीवन के उतार-चढ़ाव के मध्य अडिग रहना ही वास्तविक परिपक्वता है। भारतीय मनीषा में नील-वर्ण का विशेष महत्व है, जहाँ भगवान कृष्ण का श्याम-नील स्वरूप अनंतता और अगाध विश्वास का प्रतीक माना गया है। नीला रंग संकीर्णता के त्याग और व्यापक दृष्टिकोण को अपनाने का संदेश देता है। रंगों के इस कोलाहल के बीच श्वेत रंग की उपस्थिति अनिवार्य है, जो शुचिता, शांति और अंतर्मन की निर्मलता का परिचायक है। यह स्मरण कराता है कि बाह्य रंगों की सार्थकता तभी है जब भीतर सात्विकता का वास हो। दूसरी ओर, काला या श्याम रंग केवल अंधकार नहीं, बल्कि गंभीर आत्मचिंतन और शून्यता का प्रतीक है, जो हमें विषम परिस्थितियों में आंतरिक सुदृढ़ता प्रदान करता है।

समकालीन परिप्रेक्ष्य में जब डिजिटल संवाद ने भौतिक स्पर्श और प्रत्यक्ष स्नेह को सीमित कर दिया है, तब होली का गुलाबी रंग मानवीय संवेदनाओं और अपनत्व की पुनर्स्थापना करता है। बैंगनी रंग हमारी सृजनात्मकता और कल्पनाशीलता को विस्तार देता है, जो यह दर्शाता है कि जीवन केवल उत्तरदायित्वों का निर्वहन मात्र नहीं, बल्कि कलात्मक अभिव्यक्ति भी है। होली की सबसे बड़ी सामाजिक प्रासंगिकता इसकी समावेशी प्रकृति में निहित है। यह पर्व कृत्रिम सामाजिक वर्गीकरण, पद, प्रतिष्ठा और जाति-गत अहम को विलोपित कर व्यक्ति को उसकी मूल पहचान यानी 'मानवता' से जोड़ता है। होली का वास्तविक संदेश द्वैत को समाप्त कर अद्वैत की स्थापना करना है। जब हम सुख-दुख, जय-पराजय और सफलता-विफलता जैसे जीवन के परस्पर विरोधी रंगों को समभाव से स्वीकार करते हैं, तभी जीवन की सार्थकता सिद्ध होती है। अतः इस महापर्व पर आवश्यकता केवल बाह्य स्वरूप को रंगने की नहीं, बल्कि अपने दृष्टिकोण के परिमार्जन की है, ताकि हमारा अस्तित्व वैश्विक बंधुत्व के रंगों से सचमुच आलोकित हो सके।

धर्म-आस्था

## होलिका दहनः पुराने अंत का नए जीवन से संगम



कृति आरके जैन,
(दैनिक अवन्तिका)

अँधेरा जितना भी गहरा हो, जब आग की लपटें उठती हैं, वह हर छिपी कड़वाहट और पुरानी पीड़ा को राख बना देती हैं। होलिका दहन केवल एक धार्मिक रस्म नहीं, बल्कि यह जीवन का सबसे बड़ा संदेश है कि बुराई कितनी भी प्रबल क्यों न हो, वह अंततः समाप्त हो जाती है। राख से उठता है नया वसंत, जिसमें हर पत्ता हरा, हर फूल खिलता और हर सांस नई ऊर्जा से भर जाती है। होली हमें यह सिखाती है कि परिवर्तन कोई असंभव चमत्कार नहीं, बल्कि हर क्षण हमारी अपनी समझ और प्रयास से संभव है। जो आज दुख में डूबा है, वही कल प्रेम, आनंद और उमंग के रंग में सराबोर हो सकता है।

होलिका की कथा केवल पुरानी कहानी नहीं, बल्कि मानव मन के भीतर छिपे द्वंद्व का प्रतीक है। हिरण्यकश्यप का अहंकार और प्रह्लाद की निश्छल भक्ति हमें बताते हैं कि अच्छाई और बुराई दोनों हमारे भीतर मौजूद हैं। जब अहंकार की आग अपने आप को भस्म कर देती है, तब प्रेम और सत्य की शक्ति और प्रबल हो जाती है। हमारी जिंदगी में भी कई हिरण्यकश्यप हैं – ईर्ष्या, क्रोध, भय, लालच – जो हमें मानसिक और भावनात्मक रूप से जलाने का प्रयास करते हैं। लेकिन जब हम प्रह्लाद की तरह सत्य और प्रेम पर अडिग रहते हैं, तो वही आग नकारात्मकता को समाप्त कर देती है। यही होली का सबसे बड़ा संदेश है – परिवर्तन हमेशा हमारे भीतर से शुरू होता है। रंग बरसाना केवल चेहरों तक सीमित नहीं होता; यह दिलों की दीवारों तक पहुँचता है। पुराने मतभेद, वर्षों की शिकायतें, टूटे रिश्ते और कड़वाहटें सब रंगों में घुलकर मिट जाती हैं। होली का वसंत तभी आता है, जब हम पहले अपने भीतर की होलिका जला चुके होते हैं। जैसे सर्दियों के बाद बसंत की ताजगी आती है, वैसे ही मन के अँधेरों और पुराने गिले-शिकवे समाप्त होने पर प्रेम और भाईचारा खिलता है। परिवर्तन का अर्थ है पुरानी आदतों और नकारात्मक सोच को जलाना, और नए विचार और सकारात्मक ऊर्जा अंकुरित करने देना। होली यही सिखाती है कि जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं – न दुख, न क्रोध, न असफलता; सब बदल सकता है, यदि हम खुद को बदलने की हिम्मत करें।

होली का उत्सव कठिनाइयों को सरल बना देता है। रंग खेलते समय लोग जाति, संपत्ति या पद की सीमाओं को भूल जाते हैं। सभी एक हो जाते हैं। यही एकता परिवर्तन की पहली सीढ़ी है। जब हम दूसरों को रंग लगाते हैं, तो अनजाने में अपनी कड़वाहट भी धुल जाती है। क्षमा और समझौते की भावना जन्म लेती है। परिवर्तन अकेले नहीं होता, वह सामूहिक प्रयास से संभव होता है। एक व्यक्ति जब बदलता है, तो उसके आसपास का समाज भी बदलने लगता है। बुराई की होलिका अकेले नहीं जलती, अच्छाई का वसंत भी अकेले नहीं आता। सामूहिक प्रयास, प्रेम और समझदारी से ही यह संभव होता है।

होली का पर्व हमें यह भी सिखाता है कि परिवर्तन केवल बाहरी बदलाव नहीं है, बल्कि अंदर से उठने वाली क्रांति है। यह बदलाव धीरे-धीरे आता है, जब हम पुराने भ्रम, डर और संदेह को जलाते हैं। यह बदलाव व्यक्ति के दृष्टिकोण, सोच और व्यवहार में दिखाई देता है। जब हम दूसरों के लिए समझ, दया और सहयोग का रंग भरते हैं, तो वही रंग हमारे भीतर की बुराई और नकारात्मकता को भी मिटा देता है। होली केवल खुशियों का पर्व नहीं, बल्कि आत्म-शुद्धि और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है।

प्रकृति भी इस संदेश का प्रतीक है। जैसे सर्दियों के बाद बसंत में हर पेड़ और हर फूल नया जीवन लेकर आता है, वैसे ही हमारे जीवन में भी पुराने दुख, पुराने भय और पुराने गिले-शिकवे खत्म होने पर नई ऊर्जा और नई संभावनाएँ जन्म लेती हैं। होली हमें याद दिलाती है कि परिवर्तन सतत प्रक्रिया है, जो कभी रुकती नहीं। हर अंत में नया आरंभ है, और हर कठिनाई में सीख और अवसर छिपे होते हैं। जीवन के रंग तभी खिलते हैं जब हम पुराने अंधेरों को स्वीकार कर उनके ऊपर से विजय की आग लगाते हैं।

बुराई जल रही है, मतलब पुरानी कमजोरियाँ, दोष और भय समाप्त हो रहे हैं। अच्छाई का वसंत आ रहा है, मतलब नई संभावनाएँ, नया प्रेम और नयी ऊर्जा जन्म ले रही हैं।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1812-2800 चना काबली- 3100-9001, चना बड़ा- 4420-5071, रायड़ा- 5100-5901, बलटा- 1704-3938, सोयाबीन- 1401-5801, मसूर- 5091-5976 तिल्ली- 8290, धनिया- 7500 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,58,300, रवा- 1,58,800 चांदी- टंच- 2,63,000 पाट- 2,62,000।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## एचपीवी वैक्सीन का हुआ शुभारंभ, किशोरियों को किया वैक्सीनेशन

**सुसनेर।** जिले की किशोरियों के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल करते हुए ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान का शुभारंभ सिविल अस्पताल सुसनेर में किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प और विश्वास के साथ देशभर में किशोरी बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से यह अभियान प्रारंभ किया गया है। सिविल अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजीव कुमार बरसेना ने एचपीवी टीकाकरण अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी 2026 से जिले में 14 से 15 वर्ष 3 माह आयु वर्ग की किशोरियों को यह टीका पूर्णतः निःशुल्क लगाया जाएगा। कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. ब्रजभूषण पाटीदार, डॉ. हर्षिता टटावत, डॉ नीलम जैन, बीईई भरत भावसार, बीसीएम मुकेश सूर्यवंशी, दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ सीमा पाटीदार, डॉ शिवानी सोनी, पीटी यश शर्मा, सीएचओ संदीप विश्वकर्मा व हरिओम शर्मा तथा डाटा ऑपरेटर सुमित प्रजापति सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। टीकाकर्मी एएनएम अंगुरी राजपाली तथा रमा यादव द्वारा किशोरियों का टीकाकरण किया गया।

## घरों पर पत्थरबाजी करने वाले 5 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में, केस दर्ज



**सुसनेर।** रात्रि में मैना रोड़ तथा सिंचाई विभाग कालोनी व छोटा जीन में घरों पर कुछ शरारती बदमाशो के द्वारा पत्थरबाजी व गाली गलौज करने की घटना सामने आई थी इसको लेकर शनिवार की दोपहर में डेढ़ बजे सोयत रोड़ स्थित पुलिस थाने पर पुलिस ने फरियादी रमन माली की शिकायत पर 5 को आरोपियों को राउंडअप करते हुए उनके विरूद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। इसमे कुछ नाबालिग भी शामिल है।

## नाले में मिली 16 वर्षीय युवक की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**सुसनेर।** क्षेत्र के इतवारिया नाले में शनिवार सुबह एक किशोर का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह करीब 7 बजे स्थानीय लोगों ने नाले में शव पड़ा देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीओपी देवनारायण यादव एवं थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैस पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को नाले से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान पंजाब राज्य के जोल डाइवाला निवासी 16 वर्षीय विजय सिंह पिता शक्ति सिंह के रूप में हुई है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार किशोर का सुसनेर क्षेत्र से कोई सीधा संबंध सामने नहीं आया है, जिससे मामला और भी संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। घटनास्थल की परिस्थितियों और शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया है। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए पुराना बस स्टैंड स्थित शासकीय सिविल अस्पताल सुसनेर भेजा गया, जहां डॉ. नीलम जैन द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिससे मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## अग्रवाल धर्मशाला में महिला मंडल द्वारा होली पर फाग उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया



**ब्यावरा।** ब्यावरा शहर में पुराना बस स्टैंड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में महिला मंडल के तत्वाधान में होली के पावन अवसर पर फाग उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम में महिलाओं ने भक्तिमय रासलीला, पारंपरिक गीतो के साथ फूलों और गुलाल से फाग उत्सव, ढोलक मंजीरे के संग मधुर भजन, सभी का पसंदीदा हाउजी गेम्स, बहुत सारी मस्ती और धमाल का आयोजन हुआ कार्यक्रम स्थल पर रंग उमंग उत्साह का वातावरण बना रहा उत्साह के दौरान बच्चों और महिलाओं ने राधा कृष्ण थीम पर आधारित विभिन्न रोचक कार्यक्रम आयोजित किया प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्व भाग लेते हुए कार्यक्रम को जीवंत बना दिया महिलाओं ने समूह नृत्य गरबा प्रस्तुत किये। आयोजकों ने बताया कि फाग उत्सव हमारी सनातन संस्कृति की एक गौरवशाली परंपरा है, यह सतयुग से आराधना और उपासना के भाव के साथ निरंतर प्रभावित होती आ रही है जो समाज को एकता सद्भाव और समरसता के रंगों से जोड़ती है।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

# गंगावाड़ी मेले में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में दिल्ली के पहलवान ने मारी बाजी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



शहर में नगर पालिका द्वारा आयोजित 103वां गंगावाडी मेला (मवेशी) में राष्ट्रीय स्तर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें देश भर से आए पहलवानों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की मुख्य कुश्ती में दिल्ली के बलवान पहलवान ने जीत का परचम लहराया।

प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजेश धाकड शामिल हुए। नगर पालिका अध्यक्ष नानीबाई ओमप्रकाश माली ने अध्यक्षता की। पूर्व विधायक बहादुरसिंह चैहान विशिष्ट अतिथि रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने भगवान हनुमान के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रतियोगिता की शुरूआत की। नगर पालिका सीएमओ राजा यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने कुश्ती कला का प्रदर्शन किया। बलवंत पहलवान दिल्ली विरुद्ध सेठी पहलवान दिल्ली, मजीब पहलवान देपालपुर विरुद्ध रवि पहलवान आगरा, समरोज लाला पहलवान उज्जैन विरुद्ध पवन पहलवान बुरहानुपर, मंगे पहलवान आगरा विरुद्ध अजर पहलवान दिल्ली, संभाग केसरी विशेष ठाकुर पहवान विरुद्ध सचिन यादव पहलवान दतिया, शेलू पहलवान महिदपुर विरुद्ध महेन्द्र पहलवान आष्टा की कुश्ती दर्शको के लिये आकर्षण का केन्द्र रही। अतिथियों ने कहा कि कुश्ती कलां को बढावा देने के लिए सरकार की ओर से हर संभव मदद की जाएगी। समारोह में अतिथियों द्वारा विजेता और उपविजेता पहलवानों को नकद राशि और स्मृति चिन्ह भी भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य निर्भयसिंह भाटी और निलेश दावरे ने किया। आभार सीएमओ राजा यादव ने माना। इस अवसर पर एसडीओपी जेडेन लिंगजेरपा, पार्षद जगदीश राठौर, आशा राठौर, जनपद सदस्य रीता बडगुर्जर, कैलाश राठी, ललित गार्डी, सुधीर मुणत, सहित बडी संख्या में पहलवान और गणमान्य नागरिक मौजुद रहे। कुश्ती प्रतियोगिता में नवीन मिश्रा व बलराज बैरागी पहलवान का विशेष सहयोग रहा। दंगल में श्री जगदीश व्यायाम शाला महिदपुर के उस्ताद शंकर पहलवान विश्वकर्मा एवं खलीफा कन्हैयालाल पहलवान भीमाखेड़ा, रामचंद्र पहलवान बिनपुरा, कला पहलवान, जुझार पहलवान ,मुजम्मिल पहलवान महिदपुर, नाना पहलवान, प्रेम पहलवान भीमाखेड़ा, श्री बजरंग व्यायाम शाला के उस्ताद संतोष यादव पहलवान वरिष्ठ फकीरचंद पहलवान ,दिलीप पहलवान आदि का स्वागत सम्मान शहजाद कोठार पाड़ेवाले और पवन विश्वकर्मा के द्वारा भारतीय संस्कृति सभ्यता एवं रीति रिवाजो के अनुसार पुष्प मालाओं एवं साफा बांधकर किया गया।

## गायत्री शक्तिपीठ में तहसील समन्वय समिति के पुनर्गठन के अवसर पर गोष्ठी हुई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में सारंगपुर स्थित गायत्री शक्तिपीठ सारंगपुर में तहसील समन्वय समिति के पुनर्गठन के अवसर पर एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजगढ से आए जिला समन्वयक डॉ. ओपी पवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि गायत्री परिवार आज विश्व के लगभग 190 देशों में सक्रिय होकर मानव मात्र में देवत्व जाग्रत करने और विश्व को बेहतर बनाने के अभियान में निरंतर कार्यरत है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार देशभक्तों ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व समर्पित किया था, उसी प्रकार आज युग निर्माण के इस महान कार्य में सहभागी बनने का अवसर सभी कार्यकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि परम वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी के अवसर पर लिए गए संकल्पों को पूर्ण करने तथा संगठन को अधिक सक्रिय, संगठित और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से देशव्यापी स्तर पर पुनर्गठन का कार्य किया जा रहा है। गोष्ठी की अध्यक्षता सारंगपुर के मुख्य ट्रस्टी डॉ. केके मिश्रा ने की। इस अवसर पर जिला प्रतिनिधि विष्णु नागर तथा किशोर कौशल के जिला सह समन्वयक डॉ. नानूराम विश्वकर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने संगठन की कार्यपद्धति, योजनाओं और उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से प्राप्त निदेशों के अनुसार सारंगपुर तहसील समन्वय समिति का पुनर्गठन करते हुए 16 सदस्यीय तहसील समन्वय समिति के परिजनों को मिशन के 12 अभियानों के दाईत्व प्रदान किए गए। तहसील समन्वयक प्रेम नारायण लववंशी, तहसील सह समन्वयक मणिशंकर पाटीदार, सह समन्वयक दिलीप पाटीदार पदेन, मंडल विस्तार अभियान कमल राठौड, नारी जागरण अभियान रिचा मिश्रा, आओ गढे संस्कारवान पीढी ममता शर्मा, युवा जोडो अभियान मनोहर सोनी, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा वैभव शर्मा, साधना एवं स्वाध्याय अभियान संजय शर्मा, पर्यावरण एवं जल संरक्षण श्याम सुंदर राठी, शिक्षा एवं बाल संस्कारशाला आरती शर्मा, स्वावलंबन एवं शिक्षक प्रशिक्षण बाबूलाल कोठार, नशा मुक्ति, व्यसन मुक्ति एवं कुरीति उन्मूलन ललित पालीवाल, साहित्य एवं पत्रिका विस्तार गुंजन सोनी, स्वास्थ्य अभियान गोपाल वैद्य साथ ही जिला प्रतिनिधि का दायित्व विष्णु लववंशी को सौंपा गया। गोष्ठी के उपरांत नव नियुक्त समिति के सभी सदस्यों का तिलक कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन संगठन को सशक्त एवं सक्रिय बनाने के संकल्प के साथ शांतिपाठ से हुआ।



## बिल्डिंग मटेरियल दुकान के ताले टूटेःएफएसएल टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की

**देवास।** देवास के विकास नगर स्थित प्राधिकरण मार्केट में एक बिल्डिंग मटेरियल की दुकान में बीती रात चोरी हो गई। चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। सुबह दुकान मालिक अरविंद शर्मा जब दुकान खोलने पहुंचे, तो उन्हें ताले टूटे हुए मिले। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम को भी बुलाया गया। टीम ने घटनास्थल से महत्वपूर्ण सुराग जुटाए। प्रारंभिक जांच में दुकान के गल्ले से 1500 रुपये चोरी होने की जानकारी मिली है। हालांकि, चोरी हुए कुल माल का आकलन विस्तृत जांच के बाद ही हो पाएगा। पुलिस को बीती रात की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग हाथ नहीं लगी है। दुकान संचालक अरविंद शर्मा ने बताया कि उन्हें सुबह पड़ोसी दुकानदार ने शटर टूटी होने की सूचना दी थी। उनकी हार्डवेयर और बिल्डिंग मटेरियल की दुकान पिछले 20 वर्षों से संचालित हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2007 में भी उनकी दुकान में एक बार चोरी हुई थी। फिलहाल, पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही चोरी हुए सामान और नकदी का सही आकलन हो पाएगा।

## बजरंगगढ़ बायपास पर कान्हा धर्मकांटा बंद

**गुना।** शहर में हाल ही में हुई सड़क दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने त्वरित संज्ञान लिया। ट्रकों की अनियंत्रित आवाजाही और सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सघन जांच और नियमित चेकिंग के निर्देश तहसीलदार गुना नगर जी.एस. बैरवा को दिए गए। उल्लेखनीय है कि बजरंगगढ़ बायपास स्थित मारुति सुजुकी शोरूम के सामने संचालित कान्हा धर्मकांटा ( राजेंद्र अग्रवाल गोपाल दाल ) को बंद कर दिया गया ' हाल ही में एक छात्र ट्रक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। कलेक्टर के निर्देशन में तहसीलदार जीएस बैरवा द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले संबंधित संचालकों की सहमति से धर्मकांटे का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। यह कदम कानून-व्यवस्था बनाए रखने, जाम से निजात पाने, यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने एवं जनभावनाओं का सम्मान करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से उठाया गया है।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान की गूंज

## क्विज और वाद-विवाद में दिखा विद्यार्थियों का दम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में साइंस क्विज, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और विज्ञान के विभिन्न आयामों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान केवल विषय नहीं, बल्कि सोचने और समझने की प्रक्रिया है, जो राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत डॉ. आनंद अजनोदिया ने भारतीय विज्ञान एवं विकसित भारत विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने प्राचीन भारतीय वैज्ञानिक उपलब्धियों और आधुनिक भारत के नवाचारों के समन्वय पर प्रकाश डाला।

साइंस क्विज प्रभारी डॉ. सुनील कुमार मित्तल ने बताया कि प्रतियोगिता में विज्ञान के सभी विषयों से संबंधित प्रश्न शामिल किए गए थे। क्विज का संचालन ऑनलाइन माध्यम से किया गया, जिससे अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं एक साथ विभिन्न स्थानों से सहभागिता कर सके। विद्यार्थियों ने क्विज की पारदर्शी और तकनीकी व्यवस्था की सराहना की। भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय भारत में विज्ञान एवं नवाचार रहा। इस विषय पर छात्र-छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष में तार्किक विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में देवकीनंदन, नैंसी यादव, अनिल मालवीय, बुलबुल परमार और दिव्यांशी दांगी ने प्रभावशाली प्रस्तुति देकर श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया।

कार्यक्रम में प्राणी शास्त्र, वनस्पति शास्त्र, कंप्यूटर विज्ञान, भौतिक शास्त्र एवं रसायन शास्त्र संकाय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। आयोजन मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समन्वयक डॉ. मुकेश मेवाडा तथा आभार डॉ. सुनील मेवाडा ने माना। इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# भक्तों ने श्याम भजनों पर झूमते, एक-दूसरे को लगाया गुलाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

देवास में फाल्गुन माह के उल्लास और होली पर्व की आहट के बीच खाटू श्याम सेवा समिति द्वारा एक भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। यह धार्मिक यात्रा शहर के नया पुरा क्षेत्र से शुरू होकर श्री खाटू श्याम मंदिर तक निकाली गई। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्याम भक्त हाथों में पवित्र निशान (ध्वज) थामे पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ शामिल हुए।

### केसरिया ध्वज और भजनों की गूंज

यात्रा के दौरान पूरा माहौल भक्तिमय और सतरंगी नजर आ रहा था। श्रद्धालु अपने हाथों में केसरिया, नारंगी और लाल रंग के आकर्षक ध्वज लिए हुए चल रहे थे। पूरे रास्ते भक्तगण बाबा श्याम के मधुर भजनों पर झूमते-नाचते आगे बढ़े। आस्था के इस सफर में लोगों ने एक-दूसरे को



जमकर गुलाल लगाया और होली के आगमन की खुशियां बांटीं। मंदिर पहुंचकर सभी ने पूरे विधि-विधान के साथ बाबा के दरबार में अपने निशान अर्पित किए।

### फाल्गुन माह में बाबा की भक्ति का विशेष महत्व

खाटू श्याम सेवा समिति से जुड़े सदस्यों ने इस आयोजन की जानकारी देते हुए बताया कि हर साल होली से ठीक पहले इस निशान यात्रा की परंपरा निभाई जाती है। मान्यताओं के अनुसार, फाल्गुन के पवित्र महीने में बाबा खाटू श्याम की आराधना और भक्ति का बहुत विशेष महत्व होता है।

## राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

**खाचरोद।** प्राचार्य श्रीमती येशा भंसाली ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महान वैज्ञानिक उ. श. फेंल्ल की स्मृति में मनाया जाता है। इसी दिन उन्होंने ह्लरमन प्रभावह्व की खोज की थी, जिसके लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह दिवस विज्ञान के क्षेत्र में उनकी अमूल्य योगदान को याद करने तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार की भावना विकसित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है।इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विज्ञान प्रयोग प्रस्तुत किए गए, जिनके माध्यम से उन्होंने विज्ञान के सिद्धांतों को रोचक और सरल तरीके से समझा। कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया,छात्रों की इस उपलब्धि पर संस्था संचालक ललित कांकरिया, वैभव बुपकिया, बालेश बुपकिया, प्राचार्य येशा भंसाली, उपप्राचार्य राजकुमार सेजवान एवं समस्त विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## झोंकर में मक्सी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक सम्पन्न



**मक्सी।** झोंकर में मक्सी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मेहरबान सिंह पटेल द्वारा आयोजित संगठन सर्जन अभियान के संबन्ध में रखी गई बैठक सम्पन्न हुई । जिसमें मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह एवं शाजापुर जनपद अध्यक्ष शरहद शिवहरे जी एवं अन्य पूरे ब्लॉक से पधारे कांग्रेस परिवार के सभी सम्माननीय साथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में झोंकर नगर अध्यक्ष शेख गब्बर एवं झोंकर नगर उपाध्यक्ष राज परिहार को बनाया गया।

## शासकीय शिक्षकों सहित पंचायत सचिवों का वेतन हुआ जमा

**महिदपुर रोड ।** शासकीय विद्यालयों में पदस्थ विभिन्न श्रेणी के शिक्षक शिक्षिकाओं, विभिन्न जनपद पंचायतों में पदस्थ पंचायत सचिवों का वेतन शुक्रवार की रात्रि में उनके बैंक खातों में जमा हो गया। चौथा शनिवार होने से तथा रविवार 1 मार्च को रविवार को वीकली होलीडे होने से शासकीय कर्मचारी का 2 मार्च सोमवार का दिन वर्किंग डे होने तथा मंगलवार को फिर होली धुलैडी का शासकीय अवकाश होने से वेतन जमा हो पाना संभव नहीं था ऐसी स्थिति में वेतन जमा करने वाली एजेंसी शाखा ने संवेदन शीलता का परिचय देते हुए होली तथा धुलैडी के पर्व को दृष्टिगत रख ते हुए 26 - 27 फरवरी गुरुवार शुक्रवार में ही वेतन पत्र तैयार कर बिल ट्रेजरी में लगा दिये जिससे शिक्षा विभाग तथा जनपद पंचायत के पंचायत सचिवों को शुक्र वार की शाम को ही उनके खातों में वेतन जमा हो गया।

## शांति समिति की बैठक में त्योहारों पर सौहार्द बनाए रखने पर जोर

**जीरापुर।** आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से शनिवार को थाना परिसर जीरापुर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली दहन, धुलंडी, रंग पंचमी और शीतला सप्तमी जैसे प्रमुख त्योहारों के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों के साथ-साथ आसपास के बड़े गांवों से आए प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। सभी ने एकमत होकर त्योहारों को आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता के साथ मनाने की अपील की। अधिकारियों ने विशेष रूप से बिजली व्यवस्था, कानून व्यवस्था और साफ-सफाई जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सुझावों के आधार पर व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने पर सहमति बनी, ताकि त्योहारों के दौरान किसी प्रकार की असुविधा या अव्यवस्था उत्पन्न न हो। बैठक में एसडीओपी डी.वी.एस. नागर, थाना प्रभारी संतोष सिंह, सीएमओ हरिओम शर्मा, बीएमओ सुनील चौरसिया, हेमंत जोशी, राजेश पटवारी, शिव मंडलोई, कुशाल कुशवाहा सहित नगर के पत्रकारगण एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## नन्हें आहिल ने रखा पहला रोजा

**सुसनेर।** हरी नगर कॉलोनी निवासी 8 वर्षीय मोहम्मद आहिल ने इस रमजान में अपना रोजा रखकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। आहिल पिता शकील अहमद एवं माता डॉक्टर फरहा के सुपुत्र हैं। छोटी सी उम्र में रोजा रखने की उनकी लगन और उत्साह को देखकर परिवारजन एवं मोहल्लेवासी भावुक हो उठे। परिजनों ने बताया कि आहिल ने पूरे दिन पूरे उत्साह और धैर्य के साथ रोजा रखा। शाम को अजान के साथ रोजा इफ्तार किया गया, जिसमें परिवार के सदस्यों ने दुआएं कीं और बच्चे की हौसला अफजाई की।

**जाहिर सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने विक्रेता-श्री इन्दर सिंह पिता श्री रमेशलाल जी, आयु-50 वर्ष, निवासी-112, मोती नगर, उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक फ्रिहोल्ड राईट्स का भूखण्ड/भवन म्यु.क्रमांक-130 जो ग्राम गोयलाखुर्द, सांवेर रोड, उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। भूखण्ड के इस भाग का कुल क्षेत्रफल 66.91 वर्गमीटर जिस पर आरसीसी निर्माण होकर आवासीय क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय उपयोग का है। उक्त भूखण्ड/भवन को भारमुक्त क्रय करने हेतु विक्रेता के कहे अनुसार बयाना राशि का भुगतान विक्रेता के हित में कर के विक्रय अनुबंध पत्र संपादित करवा लिया हैं। उक्त भूखण्ड/भवन पर किसी भी व्यक्तियों, संस्था, बैंक, वित्तिय संस्था या किसी भी अन्य प्रकार से किसी का कोई भी हित, हक, ऋण भार, चार्ज आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अंदर लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में मिलें एवं संपर्क करें अन्यथा बाद मियाद विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा व किसी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार व उपरोक्त संपत्ति के विक्रय पर बंधनकारक नही रहेगी व आपत्ति शून्य मानी जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक-01/03/2026

**एडवोकेट मो. शाकिर शेख**
**A-5/5, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र,**
**नानाखेडा, उज्जैन, म.प्र.**
**मोबा. नं. 7049885353**

न्यूज-कॉलम

## विकसित भारत के निर्माण में बढ़ता प्रदूषण सबसे बड़ी बाधा

**मंदसौर।** अनुराग संस्था द्वारा शहर में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से मासिक 'जनजागरण पदयात्रा' निकाली गई। इस अवसर पर समाजसेवी वैद्य ललितकुमार बटवाल ने नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हमें वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है, तो प्रदूषण की समस्या को गंभीरता से लेना होगा। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की पूर्व प्रमुख गीता गोपीनाथ के हवाले से बताया कि देश के विकास में शुद्ध पर्यावरण का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। संस्था का मुख्य लक्ष्य "स्वच्छ मंदसौर - स्वस्थ मंदसौर" है, जिसके तहत प्रत्येक गांव और नगर को प्रदूषण मुक्त बनाने का आह्वान किया गया है। बटवाल ने आशा व्यक्त की कि नगरपालिका प्रशासन अनुराग संस्था द्वारा दिए गए स्वच्छता प्रस्तावों पर शीघ्र अमल करेगा। इस पदयात्रा में हरिनारायण माथुर, रमेश सोनी, बंशीलाल टांक सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन गोपालकृष्ण पंचारिया ने किया।

## कुचड़ोद में चारभुजा मंदिर जीर्णोद्धार का भव्य भूमि पूजन संपन्न

**मंदसौर।** धुंधड़का मंडल के अंतर्गत आने वाले ग्राम कुचड़ोद में आस्था और श्रद्धा के केंद्र 'चारभुजा मंदिर' के जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत भूमि पूजन संपन्न हुआ। यह विकास कार्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा द्वारा स्वीकृत 38 लाख रुपये, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर द्वारा स्वीकृत 7 लाख रुपये और ग्रामवासियों के जनसहयोग से पूर्ण किया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कथावाचक सुश्री अपर्णा दीदी और पूज्य महंत संतदास जी महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। वक्ताओं ने कहा कि मंदिरों का जीर्णोद्धार हमारी संस्कृति और परंपराओं को नई ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे समाज में सुख और समृद्धि आती है। इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे गांव में हर्ष का माहौल देखा गया। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री पुष्कर बैरागी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि प्रेमसिंह पंवार, सरपंच कारूलाल भील, बंशीलाल टांक सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय मुस्लिम मंच के नगर संयोजक कुरेशी हुए मनोनीत



**जावरा ।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के क्षेत्रीय संयोजक एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष फारुख खान क्षेत्रीय सह संयोजक अमजद अली संभागीय संयोजक शाहिद कुरैशी एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य इफ्तिखार पठान की अनुशंसा पर नगर के युवा राष्ट्रीय मंच के आफाक अहमद कुरेशी को नगर संयोजक पद पर मनोनीत किया। नगर संयोजक कुरैशी के मनोनीत होने पर इमरान भाई, शकील भाई ,बाबर भाई, राजू भाई ,वसीम भाई ,हामिद भाई, साबिर भाई ,आदि ने बधाई देते हुए मंच के राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया।

## आगामी त्योहारों के दृष्टिगत सतर्कता एवं जनसंवाद अभियान

**रतलाम।** आगामी त्योहारों होली, धुलेंडी, रंगपंचमी एवं रमजान के दृष्टिगत जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार द्वारा सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए तथा आमजन के साथ निरंतर संवाद स्थापित किया जाए। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या कानून व्यवस्था संबंधी सूचना तत्काल पुलिस को दें। पुलिस द्वारा आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश

### ब्लैक स्पॉट सुधार, तेज रफ्तार पर कार्रवाई,हेलमेट अनिवार्यता एवं कैशलेस उपचार योजना के प्रचार पर जोर

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, घायलों को त्वरित एवं निःशुल्क उपचार, यातायात नियमों के कड़ाई से पालन तथा ब्लैक स्पॉट सुधार को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए।

बैठक में प्रधानमंत्री राहत अंतर्गत कैशलेस उपचार योजना पर चर्चा की गई। योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को शासन के नियमानुसार डेढ़ लाख रुपए तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए, ताकि आमजन अधिक से अधिक लाभान्वित हो सकें।

कलेक्टर ने जिले में स्थित ब्लैक स्पॉट का संयुक्त निरीक्षण कर सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित करने हेतु एमपीआरडीसी एवं संबंधित एसडीएम (राजस्व) को निर्देशित किया। पुलिस, संबंधित रोड एजेंसी एवं अनुविभागीय अधिकारियों को संयुक्त भ्रमण कर कमियों की पहचान करते हुए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में राहवीर योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय में बनाए गए काउंटरों पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने एवं प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। तेज रफ्तार से वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई, लाइसेंस निलंबन तथा वाहन चालकों के पुलिस वेरिफिकेशन के निर्देश दिए गए। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनने हेतु समझाइश एवं उल्लंघन पर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। स्कूली वाहनों की नियमित निगरानी, मापदंडों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई, निर्माण कार्यों के दौरान खोदी गई सड़कों की शीघ्र मरम्मत, सड़क पर पड़े पुराने व अनावश्यक वाहनों को हटवाने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़क पर विचरण करने वाली गायों को गौशालाओं में भेजने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में एडीएम डॉ शालिनी श्रीवास्तव, कमिश्नर नगर निगम श्री अनिल माना, एसडीएम आर्ची हरित सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# रिटायर्ड डॉक्टर की बहू फांसी के फंदे पर झूली, पुलिस जांच में जुटी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

शहर के औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत शादीशुदा महिला के आत्महत्या का मामला सामने आया है। महिला रिटायर्ड डॉक्टर की बहू है। महिला ने पंखे पर रस्सी का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज भेजा। महिला के आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस फिलहाल मर्ग कायम कर जांच में जुटी है।

औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कस्तूरबा नगर स्थित गृह निर्माण समिति में रिटायर्ड डॉक्टर गणराज गौड़ की बहू नीता पति नवीन गौड़ ३४ वर्षीय ने बीते दिन शनिवार शाम को ऊपर के कमरे में पंखे पर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घर पर महिला के पति, ननद, ससुर ओर एक दस वर्षीय बेटा सभी नीचे थे। काफी समय तक महिला नीचे नहीं आई तो परिजन ऊपर गए तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद मिला।

परिजनों ने डायल 112 पुलिस को इसकी सूचना दी। डायल पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा तोड़ा। कमरे में जाने पर महिला नीचे गिरी हुई थी। पुलिस ने बताया कि महिला ने जिस रस्सी से आत्महत्या की वह रस्सी कपड़े सुखाने की थी, जिससे टूटकर वह नीचे गिर गई। मृतक पास किसी भी प्रकार का कोई सुसाइट नोट नहीं मिला है।

डायल 100 की पुलिस ने तुरंत औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस और एफएसएल अधिकारी को सूचित किया। थाने की पुलिस के साथ एफएसएल अधिकारी अतुल मित्तल घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज भिजवाया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। परिजनों के बयान के आधार पर और पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर ही आत्महत्या के कारणों का पता चलेगा। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## कानूनी ज्ञान के साथ निरंतर अध्ययन और नवीन न्याय दृष्टांतों के प्रति जागरूकता आवश्यक

**मंदसौर।** स्थानीय अभिभाषक संघ के तत्वावधान में कनिष्ठ अधिवक्ताओं के लिए आयोजित 'विधिक ज्ञान परिचर्चा' में वरिष्ठ कानूनविदों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता प्रकाश रातड़िया ने कहा कि विधि का क्षेत्र निरंतर परिवर्तनशील है, इसलिए एक सफल अधिवक्ता बनने के लिए सतत अध्ययनशीलता और नवीन न्याय उद्धरणों (जजमेंट) के प्रति जागरूक रहना अनिवार्य है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज के तकनीकी युग में इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से जानकारी सुलभ है, लेकिन कानूनी बारीकियों को समझने में मानवीय चेतना और तर्कशक्ति की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रहती है। परिचर्चा में जवाहरलाल नेहरू विधि महाविद्यालय के व्याख्याता सुनील बड़ोदिया ने कहा कि वकालत के पेशे में दक्षता प्राप्त करने के लिए ज्ञान के साथ-साथ अनुभव और परिश्रम ही सफलता का मूल आधार है। कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट मोहम्मद गजनफर खान, विनोद शर्मा और विधि छात्र शुभम जैन ने भी वर्तमान कानूनी प्रक्रियाओं और अधिवक्ताओं की बदलती भूमिका पर अपने विचार रखे।

## शिवना शुद्धिकरण अभियान का 93वां दिन विधायक सहित अनेक नागरिकों ने किया श्रमदान



'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

शिवना नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने के संकल्प के साथ संचालित 'शिवना शुद्धिकरण अभियान' रविवार को अपने 93वें दिन में प्रवेश कर गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रमदानियों ने उत्साह के साथ नदी के तट और जलधारा की सफाई की। अभियान के दौरान नदी किनारे वर्षों से जमा प्लास्टिक की थैलियां, कांच की बोतलें और अन्य अपशिष्ट सामग्री को हटाया गया। इसके साथ ही कई युवाओं और समाजसेवियों ने नदी के भीतर उतरकर जलधारा में फंसी गाद और कचरे को बाहर निकाला। रविवार की सुबह हुई इस सफाई में लगभग एक ट्रॉली कचरा नदी से बाहर किया गया। इस दौरान विधायक विपिन जैन ने कहा कि नदी की स्वच्छता केवल प्रशासन का नहीं, बल्कि हम सबका दायित्व है। उन्होंने लोगों से प्लास्टिक का उपयोग कम करने और कचरा नदी में न फेंकने की अपील की। अभियान में समाजसेवियों, महिला नेत्रियों और कांग्रेस कार्यकताओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और नगर के गणमान्य नागरिको ने उपस्थित रहकर श्रमदान किया।

## रणजीत सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का जन्मदिन श्री राधे कृष्ण गौशाला में मनाया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी



28 फरवरी को मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह जी का जन्मदिन असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने श्री राधे कृष्णा गौशाला बरखेड़ा पंथ में श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाया।

इस अवसर पर कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं गौसेवकों ने भाग लिया और सामाजिक सेवा का संदेश दिया, कार्यक्रम के दौरान गौशाला में मौजूद सभी गौ माताओं को हरा चारा एवं गुड़ खिलाया गया। उपस्थित लोगों ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए समाज में सेवा और करुणा की भावना को बढ़ावा देने की बात कही।

कुंवर शक्तावत ने कहा कि जनसेवा और गौसेवा हमारे संस्कारों का अभिन्न अंग हैं और इसी भावना के साथ यह आयोजन किया गया है और इस प्रकार गौशाला,वृद्धा आश्रम, अनाथालय में जाकर यदि किसी व्यक्ति का जन्मदिन मनाया जाता है तो इसका लाभ अवश्य ही जिस व्यक्ति का जन्मदिन मनाया जाता है उस व्यक्ति को मिलता है। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गौशाला प्रांगण स्थित श्री सांवरिया सेठ मंदिर में उपस्थित होकर दिग्विजय सिंह के दीघार्यु और स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना के साथ हुआ।

इस अवसर पर दुलीचंद कारपेंटर,धर्मेंद्र मेघवाल,राहुल चौधरी, ललित नेनौरा,बाबू भाई,महिपाल सिंह, ओमप्रकाश धनगर, राजमल पाटीदार, महेश सेन, चंद्रपाल सिंह शक्तावत,सागर सिंह, सतीश बारेठ आदि अनेक क्षेत्रिय कार्यकर्ताओं के साथ युवा साथी उपस्थित थे।

## मंदसौर में जैविक हाट बाजार को मिला शहरवासियों का भरपूर प्रतिसाद

**मंदसौर।** 'किसान कल्याण वर्ष 2026' के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन और कृषि विभाग की अनूठी पहल रंग ला रही है। महाराणा प्रताप बस स्टैंड स्थित अभिव्यक्ति स्थल पर आयोजित जैविक एवं प्राकृतिक हाट बाजार में शहरवासियों का भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रत्येक रविवार को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक लगने वाले इस बाजार में लोग रसायन मुक्त और स्वास्थ्यवर्धक कृषि उत्पादों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। उपसंचालक कृषि श्री मोदी ने बताया कि इस मंच के माध्यम से जिले के जैविक खेती करने वाले किसान, समूह और स्व-सहायता समूह सीधे उपभोक्ताओं से जुड़ पा रहे हैं, जिससे उन्हें बिचौलियों के बिना अपनी उपज का उचित मूल्य मिल रहा है। हाट बाजार में इस रविवार मटर, मेथी, टमाटर और पपीते जैसी ताजी सब्जियों व फलों के साथ-साथ औषधीय उत्पाद जैसे अश्वगंधा, हल्दी, शहद और चिया सीड्स की भी खासी मांग रही। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है और बेहतर विपणन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उपभोक्ताओं के बीच स्वस्थ जीवनशैली के प्रति बढ़ती जागरूकता को देखते हुए जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक किसानों और नागरिकों से इस हाट में सम्मिलित होने की अपील की है ताकि प्राकृतिक खेती को जिले में और अधिक विस्तार मिल सके।

## लहसुन चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** जिले के दलौदा पुलिस टीम ने कृषि उपज मंडी में हुई लहसुन चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, 28 फरवरी को दलौदा मंडी के चौकीदार तूफान सिंह राजपूत ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दो अज्ञात बदमाश मंडी से लहसुन के कट्टे चुराकर फरार हो गए हैं। जिसको देखते हुए थाना प्रभारी शुभम व्यास के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान सहायक उपनिरीक्षक कैलाश सिंह बघेल की टीम को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए ईदगाह के सामने एलची रोड पर घेराबंदी कर आरोपी राधेश्याम उर्फ राजेश निवासी भदवासा (रतलाम) और भानुप्रताप सिंह उर्फ राहुल निवासी कालुखेड़ा (रतलाम) को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से चोरी की गई करीब ७५ किलोग्राम लहसुन बरामद की गई।

# अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन का अधिवेशन आलोट में संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आलोट



अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन रतलाम जिले के आलोट में हुआ जहां अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन के पदाधिकारी पहुंचे, संगठन के संस्थापक राजेंद्र संघवी, सवंरक्षक गोविंद डबकरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र काला, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल गुप्ता राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पवन मुनिया पोरवाल समाज अध्यक्ष दिनेश कोठारी किराना एसोसिएशन अध्यक्ष शांतिलाल कमरिया महिदपुर समाज अध्यक्ष शिव नारायण काला सरपंच संघ जिला अध्यक्ष सुरेश पोरवाल समाजसेवी आशीष काला खरवा पोरवाल समाज अध्यक्ष विनोद पोरवाल समाजसेवी श्याम पोरवाल समाजसेवी शांतिलाल पोरवाल दूधिया वाला।

राजेश मंडवारिय पंकज चौधरी अमित काला सौरभ गुप्ता सहित वरिष्ठ पदाधिकारीयो के आतिथ्य में सर्वप्रथम आलोट नगर में पोरवाल धर्मशाला जूना बाजार से विशाल चल समारोह प्रारम्भ होकर नगर के विभिन्न मार्गो में होता हुआ अंबेडकर भवन पहुंचा निकाला जहा पदाधिकारियो का स्वागत भारतीय जनता पार्टी राठौर समाज अंजुमन कमेटी आलोट चौधरी मित्र मंडल ब्लॉक कांग्रेस आलोट अजीत बोरासी मित्र मंडल आलोट सेकड़ो मंच के माध्यम से विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओ और समाज बंधुओ ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया ।

बैठक में सर्वप्रथम राजा टोडरमल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वल्लित किया आतिथ्य सत्कार के बाद उद्बोधन हुआ जिसमे समाज को कुरीतियो से दूर रहने एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया साथ ही प्रदेश के प्रत्येक नगर में नव युवती संगठन का गठन करना, संगठन की सदस्यता प्रारम्भ करना साथ ही पूर्व में लिए गए निर्णय अंतजार्तीय विवाह एवं प्री वेडिंग शूटिंग के विरोध का पालन सख्ती से किया जाय। संजय काला वैभव झड़ी दीपक तिरुपति राकेश मामा बनकट सेठिया पंकज काला आदि ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया



## राष्ट्रीय एकता नाहर सैयद मेले के सूफियाना कव्वाली से सजी शाम

**मंदसौर।** स्थानीय हजरत नाहर सैयद की दरगाह पर तीन दिवसीय वार्षिक मेले का शनिवार रात्रि शुभारंभ हुआ। नगरपालिका परिषद मंदसौर द्वारा आयोजित इस मेले की शुरूआत दरगाह पर पारंपरिक चादर पेशी के साथ हुई। नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर और मेला समिति के पदाधिकारियों ने देश की उन्नति और विश्व शांति के लिए दुआ मांगी। उद्घाटन समारोह में वक्ताओं ने कहा कि नाहर सैयद बाबा का उर्स हिंदू-मुस्लिम भाईचारे की मिसाल है, क्योंकि यह उत्सव अक्सर होली के समय मनाया जाता है। मेले की पहली रात भोपाल के मुकर्रम वारसी और मंदसौर के परवेज आसिफ ने अपनी सूफियाना कव्वालियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मेला समिति के अनुसार, सोमवार 2 मार्च की रात 9 बजे उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध कव्वाल साकिब अली साबरी (फैजाबाद) और शीबा परवीन (कानपुर) के बीच मुकाबला होगा। नपा प्रशासन ने नगर के सभी नागरिकों से इस सांस्कृतिक आयोजन का आनंद लेने की अपील की है।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर गुर्जर समाज की बैठक संपन्न



**पिपलिया पंथ।** गुर्जर समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर विवाह समिति की बैठक संपन्न हुई। जिसमें समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन 19 अप्रैल 2026 को आयोजित करने पर सहमति बनी। सम्मेलन में जोड़ा पंजीयन राशि गत वषार्नुसार 17500-17500 प्रति वर एवं वधु पक्ष तय किया गया। बैठक में गतवर्ष सम्पन्न हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन का आय व्यय पत्रक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भेरूलाल भडाणा ने की एवं बैठक का संचालन सचिव अनिल गुर्जर ने किया।

## विधायक डॉक्टर पांडे को पंचायती राज लेखा समिति का बनाया सभापति



**जावरा ।** म.प्र. विधानसभा स्थानीय निकाय व पंचायती राज लेखा समिति के सभापति जिले के वरिष्ठ विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय नियुक्त हुए है। उल्लेखनीय है कि विधायक डॉ पांडेय पूर्व में भी म.प्र. विधानसभा में प्राक्कलन समिति, आश्वासन समिति, याचिका समिति, विशेषाधिकार समिति के सभापति के रूप में सफल रूप से कार्य किया।इसके अलावा विधानसभा के अध्यक्षीय पैनल में रहकर सभापति के रूप विगत कई सत्रों में सफल संचालन किया।इस बजट सत्र में भी सभापति के रूप संचालन किया। डॉ पांडेय की वरिष्ठता व अनुभव को दृष्टिगत रखते हुए महत्वपूर्ण स्थानीय निकाय व पंचायती राज लेखा समिति में सभापति का दायित्व दिया गया। उनके सभापति बनने से क्षेत्र में हर्ष है। डॉ पांडेय ने इस हेतु म.प्र. विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## इनरव्हील क्लब मन्दसौर ने स्कूल को भेंट की कुर्सियां




**मंदसौर।** इनरव्हील क्लब मंदसौर द्वारा स्थानीय शासकीय माध्यमिक विद्यालय, चंबल कॉलोनी में विद्यार्थियों की सुविधा हेतु आभा त्रिवेदी के सहयोग से कुर्सियां (चेयर) भेंट की गईं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कथा प्रवक्ता पं. दशरथ भाई ने कहा कि शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं का होना बहुत जरूरी है। क्लब अध्यक्ष हेमा हिंगड़ ने विश्वास जताया कि बैठने की समुचित व्यवस्था होने से बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे एकाग्रता से अध्ययन कर सकेंगे। स्कूल प्रबंधन ने क्लब और दानदाता परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रचना दोषी, उर्मिला तोमर, सचिव रचना वर्मा सहित क्लब के कई सदस्य और शिक्षक उपस्थित थे।

## 3 मार्च को चंद्रग्रहण के चलते सांवरिया सेठ मंदिर के कपाट बंद रहेंगे



**मंदसौर।** मालवा क्षेत्र की आस्था के केंद्र भगवान लक्ष्मीनारायण सांवलिया सेठ मंदिर में आगामी 3 मार्च को चंद्रग्रहण के कारण दर्शन व्यवस्था में बदलाव किया गया है। मंदिर समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विक्रम संवत 2082 फाल्गुन शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, मंगलवार 3 मार्च 2026 को खग्रास चंद्रग्रहण होने के कारण सूतक काल प्रभावी रहेगा। इस दौरान भगवान के दर्शन पूर्णतः बंद रहेंगे और मंदिर के कपाट नहीं खुलेंगे। ग्रहण के पश्चात, अगले दिन 4 मार्च 2026 को मंदिर परिसर में प्रतिवषार्नुसार भव्य 'रंगोत्सव' (होली) का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। साथ ही समिति ने सख्त हिदायत दी है कि होली उत्सव के दौरान मंदिर क्षेत्र में नशा, मदिरा, भांग या अन्य किसी भी नशीले पदार्थ का सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यदि कोई व्यक्ति मयार्दा का उल्लंघन करते पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध ग्रामजनों और मंदिर समिति द्वारा कड़ी प्रशासनिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।



## सेवानिवृत्ति पर गिरदावर का विदाई समारोह का आयोजन

**कायथा ।** श्री देव वासुकी नाग मंदिर काली कराड कायथा मे शुक्रवार को राजस्व विभाग से सेवानिवृत्त गिरदावर किशोर सिंह का पटवारी संघ तराना तहसील की और से एसडीएम ब्रजेश सक्सेना,माकडोन तहसीलदार नविन चंद कुंभकार,तहसीलदार तराना रामस्वरूप जैसवाल,एसडीएम रिडर राधेश्याम मकवाना, नायब तहसीलदार टिना मालवीय,नायब तहसीलदार रिडर पंकज राजावत की उपस्थिति मे शाल श्रीफल भेंट करते हुए स्नेह भोज का आयोजन किया गया स्वागत एवं बिदाई समारोह मे सर्व प्रथम श्री देव वासुकी नाग महाराज का पूजन दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया सेवानिवृत्त एवं स्थानांतरित हुए महानुभावों का सांफा बांधकर शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम ब्रजेश सक्सेना थे संचालन पटवारी सतीश मोथलिया ने किया रा.नि.उद्धव देराडी,रा.नि. किशोर सिंह सिकरवार ,नायब तहसीलदार रिडर पंकज राजावत,पटवारी बसंती खंडेलवाल, हरिश पटवारी आदि पटवारी एवं महिला पटवारियों ने पुष्प माला अर्पित कर स्वागत सम्मानित करते हुए अपने विचार प्रकट किए कार्यक्रम के अंत में मनोहर पटवारी द्वारा आभार प्रकट किया गया,एसडीएम रिडर राधेश्याम मकवाना ने अपने विचार साझा करते हुए उनके साथ बिताऐ समय की यादों का स्मरण किया,पटवारी संघ अध्यक्ष तराना रामपाल सिंह सिसोदिया पटवारी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि सेवा निव्रति जीवन का एक पढाव हे साथ काम करने का एक अलग ही अनुभव मिला यह स्नेह भोज उनके काम के प्रति स्नेह और सम्मान को प्रदर्शित करता है एसे आयोजन सम्मान देने और उन्हें बिदा करने का एक शानदार और भावनात्मक तरीका है इस अवसर पर श्री देव वासुकी नाग महाराज की पंडित बंशीधर मेहता,जयराम चोहान, राधेश्याम पंडा द्वारा महा आरती की गई

## सेकेंडरी स्कूल ब्यावरा की छात्राओं ने दमन-दीव में दिखाया शानदार प्रदर्शन



**ब्यावरा।** विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावरा कि छात्राओं ने दमन - दीव में दिखाया शानदार प्रदर्शन। अस्मिता पेंचक सिलाट खेलो इंडिया वूमेंस लीग में मनीषा कुमारी यादव पिता विद्या सागर ने शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए जूनियर कैटेगरी में 6 फाइट जीत कर फाइनल में सिल्वर मेडल जीता। प्रतिज्ञा दांगी पिता लक्ष्मीनारायण , अर्शिता दांगी पिता मोहन, दीक्षा दांगी पिता कन्हैयालाल , निकिता दांगी पिता राधेश्याम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो - दो, तीन तीन फाइट में अपना दम दिखाया। कोच धर्मराज दांगी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 08 स्टेट के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें पदक प्राप्त सभी खिलाड़ियों को 8000, 6000, 4000 हजार कि राशि प्रधान मंत्री के माध्यम से पुरस्कृत की जाएगी। विवेकानंद एकेडमी की खिलाड़ी मनीषा कुमारी यादव ने भी 6000 रुपए का पुरुस्कार अपने नाम किया। इस अवसर पर विद्यालय संचालक शिवम चंद्रवंशी, प्राचार्या अंकिता गुप्ता , कोच धर्मराज दांगी समस्त विधालय परिवार , अभिभावक एवं ईष्ट मित्रों आदि ने खिलाड़ियों का स्वागत किया एवं इनके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

## पेड़ बने पाठशाला शिक्षिका के नवाचार ने खींचा प्रदेश का ध्यान



**राजगढ़।** शासकीय हाई स्कूल ढकोरा की शिक्षिका श्रीमती इंदिरा कुशवाहा ने शिक्षा के क्षेत्र में एक अनूठी मिसाल पेश की है। उन्होंने स्कूल परिसर में लगे पेड़ों को ही 'ज्ञान के स्तंभ' बना दिया है। पेड़ों के तनों पर विज्ञान के कठिन सूत्रों और प्रक्रियाओं को जीवंत चित्रों के माध्यम से उकेरा गया है, जिसे अब पेड़ों से शिक्षा नवाचार के रूप में पहचान मिल रही है। राजगढ़ जिले के हाई स्कूल ढकोरा की शिक्षिका श्रीमती इंदिरा कुशवाहा और उनके पूर्व छात्र पुरुषोत्तम दांगी ने पेड़ों को बनाया 'ज्ञान का केंद्र'। विज्ञान के कठिन सूत्रों को पेड़ों पर उकेरने के इस अनूठे प्रयास की सराहना कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने की जिलाशिक्षा अधिकारी करणसिंह भिलाला एडीपीसी मनीष शर्मा विकासखंड अधिकारी दिलीप शर्मा ने इस अनूठी प्रयास की सराहना की है । प्राचार्य रवि सुनेहरी ने इसे प्रदेश स्तर पर एक अनुकरणीय मॉडल बताया है। नवाचार के सफल क्रियान्वयन में विद्यालय के प्राचार्य रवि कुमार सुनहरी का विशेष सहयोग रहा। शिक्षिका इंदिरा कुशवाहा ने उनके मार्गदर्शन और स्वीकृति के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग के बिना यह पहल संभव नहीं थी।

## रबी वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर पंजीयन 16 मार्च तक

**राजगढ़-ब्यावरा।** कलेक्टर के निर्देशन में रबी वर्ष 2025-26 विपणन वर्ष 2026-27 की नीति के अनुसार समर्थन मूल्य पर चना एवं मसूर फसल के उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह पंजीयन कार्य 16 मार्च, 2026 तक किया जाएगा। जिले में कुल 84 गेहूँ पंजीयन केन्द्रों का चयन किया गया है। इन सभी केन्द्रों पर गेहूँ के साथ-साथ चना एवं मसूर फसल के पंजीयन की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। किसान भाई निर्धारित अवधि में संबंधित पंजीयन केन्द्र पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पंजीयन कार्य पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया जाए तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### 14 वर्षीय बालिकाओं के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 19 हजार बालिकाओं के टीकाकरण का लक्ष्य

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।**




राजगढ़ जिले में 14 वर्षीय बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण अभियान का शुभारंभ शनिवार को जिला अस्पताल, राजगढ़ से गरिमामय समारोह के साथ किया गया। यह टीका महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम का प्रभावी एवं सुरक्षित माध्यम है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु शिक्षा विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, पंचायत विभाग एवं मैदानी अमले को समन्वयपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह अभियान बालिकाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रयास है, अतः सभी विभाग पूर्ण सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने कार्यक्रम के दौरान टीकाकरण करवा रही बालिकाओं को एचपीवी टीके के महत्व एवं इसके लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह टीका सर्वाइकल कैंसर से बचाव में अत्यंत प्रभावी है और बालिकाओं के उज्वल स्वास्थ्य भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपर जिला दण्डाधिकारी प्रताप सिंह चौहान ने टीकाकरण प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

**90 दिनों में टीकाकृत करने का लक्ष्य निर्धारित**

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एल.पी. भकोरिया ने बताया कि जिले की सात स्वास्थ्य संस्थाओं, जिला अस्पताल पीपी सेंटर राजगढ़, सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़ एवं ब्यावरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिलचीपुर, जीरापुर, खुजनेर एवं सारंगपुर में टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। जिले में लगभग 19 हजार बालिकाओं को आगामी 90 दिनों में टीकाकृत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टीकाकरण हेतु बालिका के अभिभावक की सहमति अनिवार्य है। टीकाकरण के प्रथम दिवस डॉ. अमित कोहली ने अपनी 14 वर्षीय पुत्री का टीकाकरण करवा कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर वैज्ञानिक सोच का आह्वान

# रमन प्रभाव पर हुआ विशेष व्याख्यान

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर**



भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय गौलाना में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के महत्व को रेखांकित करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना रहा। समारोह का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. विद्या शंकर विभूति द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद वैज्ञानिक आविष्कार एवं नवाचार विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ, जिसमें विद्यार्थियों को विज्ञान के विविध आयामों से अवगत कराया गया।

प्रमुख वक्ता जीवनलाल शर्मा ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महान भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन एवं योगदान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि नाइटहुड की उपाधि से सम्मानित तथा नोबेल पुरस्कार प्राप्त सर सी वी रमन ने प्रकाश के प्रकीर्णन से संबंधित मन प्रभाव की खोज कर भारत को वैश्विक वैज्ञानिक मानचित्र पर स्थापित किया। इस वर्ष की राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत को उत्प्रेरित करना पर भी विचार व्यक्त किए गए। वक्ताओं ने विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने और महान महिला वैज्ञानिकों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

भारतीय ज्ञान परंपरा के संयोजक डॉ. अनुकूल सोलंकी एवं डॉ. आलोक परमार ने भी अपने विचार रखते हुए विज्ञान और परंपरा के समन्वय पर प्रकाश डाला। अंत में प्राचार्य ने विद्यार्थियों और स्टॉफ को वैज्ञानिक सोच अपनाने एवं जिज्ञासा को जीवंत रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश वर्मा तथा आभार संदीप पटेल ने माना। कार्यक्रम में स्टॉफ एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। उक्त जानकारी डॉ. आलोक परमार द्वारा प्रदान की गई।

## नगरपालिका साधारण सम्मेलन की बैठक आयोजित

**खाचरौद।** नगर पालिका परिषद खाचरौद के साधारण सम्मेलन का आयोजन नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा की अध्यक्षता में किया गया।उक्त जानकारी देते हुए नगर पालिका अध्यक्ष भरावा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि गुप्ता ने बताया कि परिषद के साधारण सम्मेलन में कुल 21 बिन्दुओ पर चर्चा होकर सम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।सम्मेलन में मुख्य रूप से विधायक निधि से प्रदत्त एम्बुलेंस की दर निर्धारण की गई, जिसमे नागदा हेतु 1000/- रू., रतलाम, जावरा सहित 30 से 35 कि. मी. क्षेत्र हेतु 1200/- रू., उज्जैन सहित 60 से 70 कि. मी. क्षेत्र हेतु 1700/- रू. व इनके अतिरिक्त 14/- रू. प्रति किलोमीटर के मान से दर पर स्वीकृति सवार्नुमति से बनी। साथ ही आगामी चामुण्डा माता मेले पर भी स्वीकृति सवार्नुमति से प्रदान की गई, इस वर्ष मेले हेतु समिति बनाकर कार्यक्रम तय करने पर सवार्नुमति से स्वीकृति प्रदान की गईं। इसके अतिरिक्त एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन, केंद्र सरकार द्वारा ऋळ दरों में कमी, आत्मनिर्भर भारत पर बहुमत के आधार पर स्वीकृति प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त सामुदायिक भवन निर्माण की दर स्वीकृति तथा विभिन्न वार्षिक ठेके निकालने की स्वीकृति भी सवार्नुमति से प्रदान की गई। बैठक में उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पार्षदगण रेखा राजेन्द्र धाकड़, दशरथ वाकतारिया, राकेश राठौर मौजूद रहे।

## मधुमक्खी पालन एवं शहद उत्पादन पर सेमीनार सम्पन्न

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा**

रा.वि.सि. कृ.वि.वि. के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र राजगढ़ द्वारा जिले के कृषकों, विशेषकर युवाओं के लिए कृषि में बेहतर जीविकोपार्जन एवं ग्रामीण आजीविका सुदृढ़ीकरण के उद्देश्य से राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन एवं शहद मिशन योजनांतर्गत, मध्यप्रदेश राज्य उद्यानिकी मिशन एमआईडीएच के वित्तपोषण से एक दिवसीय जिला स्तरीय सेमीनार का आयोजन केन्द्र परिसर में किया गया।

कार्यक्रम में कृषि, उद्यानिकी एवं पशुपालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित कुल 232 कृषक एवं महिला कृषकों ने भाग लिया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. एस.के. कौशिक ने मधुमक्खी पालन हेतु आवश्यक आदानों एवं सावधानियों की जानकारी दी। उप संचालक कृषि सचिन जैन ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती में मधुमक्खियों की भूमिका और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

# म.प्र. स्टेट बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर निखरा ने अभिभाषकों से की मुलाकात

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर**



मध्यप्रदेश स्टेट बार काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष रामेश्वर निखरा अपने अल्प प्रवास पर सुसनेर पहुंचे, जहां उन्होंने अभिभाषक संघ सुसनेर के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने वर्तमान में न्यायिक व्यवस्था से जुड़ी चुनौतियों और अधिवक्ताओं को आ रही कठिनाइयों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया। बैठक में अभिभाषक संघ सुसनेर एवं नलखेड़ा के अधिवक्ताओं ने बताया कि सुसनेर अनुभाग में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी एवं दंडाधिकारी की कार्यशैली तथा कथित अनुचित व्यवहार से वे असंतुष्ट हैं।

इसी के विरोध में अधिवक्ताओं द्वारा अनुविभागीय न्यायालय का बहिष्कार किया जा रहा है और न्यायालय में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई जा रही है। अधिवक्ताओं का कहना है कि इस स्थिति के कारण आम जनता, पक्षकारगण एवं स्वयं अधिवक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा न्यायिक कार्यों में अनावश्यक विलंब हो रहा है।

रामेश्वर निखरा ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि इस विषय को उच्च स्तर पर उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभिभाषक संघ की समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक पहल की जाएगी, ताकि न्यायिक कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सकें और आमजन को राहत मिल सके। ज्ञातव्य है कि निखरा एक दशक से अधिक समय तक मध्य प्रदेश स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष पद पर रहे हैं तथा विभिन्न महत्वपूर्ण पदों का दायित्व संभाल चुके हैं। वर्तमान में भी वे संगठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस अवसर पर अभिभाषक संघ सुसनेर के अध्यक्ष रुपनारायण श्रीवास्तव, चंद्रशेखर शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राणा चितरंजन सिंह, पूर्व अध्यक्ष दशरथ सिंह सिसौदिया, राजेश श्रीवास्तव, गजेंद्र कुमार बजारिया, नरेंद्र सिंह यादव, शिवसिंह सिसौदिया, महेश राठोर, शिवनारायण दोवड़ा, केलाश चौहान सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी अभिभाषक संघ सुसनेर के सचिव पूरसिंह सिसौदिया द्वारा प्रदान की गई।

### होलिका पूजन की परंपरा निभाने जुटीं महिलाएं और युवतियां

# सुख-समृद्धि की कामना के साथ महिलाएं करेंगी होलिका पूजन

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर**



नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में होलिका दहन को लेकर तैयारियां पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ शुरू हो चुकी हैं। होली पर्व के नजदीक आते ही घर-घर में धार्मिक वातावरण नजर आने लगा है। विशेष रूप से महिलाओं में इस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। परंपरा के अनुसार महिलाएं गोबर से विशेष प्रकार के उपले और गोलाकार आकृतियां तैयार कर रही हैं। जिन्हें होलिका दहन के दिन पूजा-अर्चना के साथ अर्पित किया जाएगा। महिलाएं सुबह-सुबह शुभ मुहूर्त में गोबर से उपले बनाकर उन्हें धूप में सुखा रही हैं। इन उपलों को रंग-बिरंगे गुलाल, हल्दी, रोली और फूलों से सजाया जा रहा है। कुछ स्थानों पर महिलाएं इन उपलों को विशेष आकार देकर धार्मिक प्रतीकों का स्वरूप भी दे रही हैं। तैयार उपलों को सुरक्षित स्थान पर रखकर होलिका दहन वाले दिन पूजन सामग्री के साथ होलिका स्थल तक ले जाया जाएगा। ग्रामीण अंचलों में यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। युवतियां भी पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर होलिका दहन के पेड़ के पास पहुंचती हैं और विधि-विधान से पूजा करती हैं। इसके बाद गोबर से बने उपलों को होलिका में अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, संतान की लंबी आयु और घर में शांति की कामना की जाती है। मान्यता है कि होलिका पूजन से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। नगर के विभिन्न वार्डों और ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन के लिए स्थान चिन्हित कर लकड़ियां एकत्रित की जा रही हैं। बच्चों और युवाओं में भी होली को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है। बाजारों में रंग, गुलाल, पिचकारी और पूजा सामग्री की दुकानों पर भीड़ बढ़ने लगी है। होलिका दहन का यह पर्व न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक एकता और परंपराओं को जीवित रखने का भी संदेश देता है। महिलाओं द्वारा पारंपरिक तरीके से की जा रही तैयारियां क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने का कार्य कर रही हैं। पूरे नगर और ग्रामीण अंचलों में इस समय होली पर्व को लेकर उल्लास और भक्ति का माहौल बना हुआ है।



## परीक्षा के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर की सख्त कार्रवाई

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस बल ने तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर सख्त कार्रवाई की। राजगढ़ में पुरा मोहल्ला, संतोषी माता मंदिर के पास रोड पर वाहन पिकअप तेज आवाज में डीजे बजाते हुए रात्रि लगभग 08:30 बजे पाया गया। डीजे को मौके पर जप्त किया गया। आरोपी डीजे संचालक लोकेंद्र पिता रमेश मेवाड़े 28 ग्राम पाटनकलां के विरुद्ध अपराध क्रमांक 125/2026 के तहत धारा 223(ए) बीएनएस और 7/15 कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की पुलिस ने पीकप क्रमांक एमपी39 जी 2191 में पीछे की तरफ लगे 08 बड़े स्पीकर बॉक्स 01 जनरेटर, 04 म्यूजिक मशीने, 01 मिक्सचर मशीन जप्त की। वर्तमान में बच्चों की परीक्षा के चलते तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। शांति भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि छात्रों की पढ़ाई में बाधा न उत्पन्न हो।

## 108 कुण्डीय सहस्त्र चण्डी अतिरूद्र महायज्ञ का भूमि पूजन संपन्न

**कायथा ।** उज्जैन मक्सी रोड़ ग्राम लक्ष्मीपुरा में



शनिवार को अध्यात्म और भक्ति के अनूठे संगम के साथ स्थानीय क्षेत्र में विश्व के दुर्लभतम आयोजनों में से एक 'श्री श्री 108 कुण्डीय सहस्त्र चण्डी अतिरूद्र महायज्ञ' का भव्य शुभारंभ हुआ इस महान अनुष्ठान का विधिवत भूमि पूजन आज पूरे धार्मिक उल्लास और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम परम पूज्य गुरुदेव डॉ.रामेश्वरदास महाराज की गरिमामयी अध्यक्षता में आयोजित किया गया। भूमि पूजन का मुख्य अनुष्ठान श्री श्री 108 महंत श्री डॉ. संदीपदास के कर-कमलों द्वारा पूर्ण हुआ यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए संतों ने इसे विश्व शांति और जनकल्याण के लिए अनिवार्य बताया। मुख्य आचार्य, आचार्य रमाकांत अग्निहोत्री, ने अपनी टीम के साथ भूमि पूजन की समस्त प्रक्रियाएं संपन्न कराईं। इस दौरान वातावरण 'जय माता दी' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गुंजायमान रहा।

## माहेश्वरी सखी मंडल द्वारा फाग महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया



**तराना।** माहेश्वरी महिला मंडल एवं माहेश्वरी सखी मंडल द्वारा फाग महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति पलोड ने बताया कि ज्स उत्सव मे बड़ी संख्या मे समाज की महिलाओं ने उपस्थित होकर भजन एवं फाग गीतो पर जमकर नृत्य किया। फूल एवं गुलाल से होली खेली गई । राधा कृष्ण का स्वरूप एवं सेल्फी पॉइंट विशेष आकर्षण का केन्द्र था। अंत मे प्रसाद वितरण किया गया। भक्ति भाव से परिपूर्ण रहा। यह जानकारी सचिव सपना जाजू एवं सखी मंडल अध्यक्ष स्वाति काबरा सचिव गरिमा काकाणी ने दी। उत्सव में दोनों मंडल के पदाधिकारी ने बढ़चढ़कर भागीदारी दी इसमें समाज की वरिष्ठ महिलाएं सहित दोनों मंडल की महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दी।

## 6 साल से फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ जिले में पुलिस कप्तान अमित तोलानी द्वारा फरार आरोपी, स्थाई वारंटियो, वसूली वारंटियों की धरपकड हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा जिसके तहत नरसिंहगढ एसडीओपी सुश्री नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बोडा उनि. देवेन्द्र राजपूत के द्वारा स्थाई वारंटी आकाश पिता धीरज सांची निवासी ग्राम कड़िया सांसी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय नरसिंहगढ़ के प्रकरण क्रमांक 1401/2019 धारा 25 आर्म्स एक्ट, प्रकरण क्रमांक 145/2019 धारा 25 आर्म्स एक्ट, प्रकरण क्रमांक 969/2020 धारा 379 आईपीसी का स्थाई वारंटी आकाश पिता धीरज सासी निवासी ग्राम कड़िया सासी जो काफी समय से कोलकाता में किसी अज्ञात स्थान पर रहकर फरार चल रहा था जिसके संबंध में सूचना प्राप्त हुई कि फरार आरोपी होली मनाने के लिए गांव गुलखेड़ी आया सूचना पर तत्काल दबिश देकर आरोपी के घर से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया।





ईरान संकट के चलते भारत में तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल देश की तेल आपूर्ति सुरक्षित है, लेकिन ब्रेंट क्रूड की बढ़ती कीमतें और बढ़े हुए परिवहन एवं बीमा खर्चों से महंगाई और मैक्रोइकोनॉमिक दबाव बढ़ सकता है।

## भारत में तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव, महंगाई और मैक्रो इकोनॉमिक दबाव

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और ईरान संकट के बीच विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि भारत को तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और व्यापक मैक्रोइकोनॉमिक प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, देश की तेल आपूर्ति श्रृंखला पर फिलहाल कोई संरचनात्मक खतरा नहीं है।

विशेषज्ञों के अनुसार, हॉर्मुज जलसंधि से होकर भारत का महत्वपूर्ण हिस्सा कच्चा तेल और एलएनजी आता है। इस क्षेत्र में तनाव बढ़ने से ब्रेंट क्रूड की कीमतें सात महीने के उच्चतम स्तर, लगभग 73 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं। इससे वैश्विक ऊर्जा बाजारों में भूराजनीतिक जोखिम और महंगाई पर दबाव बढ़ा है।



### विशेषज्ञों की क्या राय?

कंपोडिटी मार्केट एनालिस्ट कंपनी केप्लर के सुमित रितोलिया ने कहा कि प्रारंभिक असर कीमतों पर केंद्रित होगा, आपूर्ति पर फिलहाल दबाव नहीं है। उच्च ब्रेंट कीमतें, बढ़ी हुई फ्रेट दरें और युद्ध जोखिम बीमा लागत भारत के इंपोर्ट बिल को प्रभावित कर सकती हैं।

इन्वेस्टमेंट इंफॉर्मेशन एंड क्रेडिट रेटिंग एजेंसी ऑफ इंडिया लिमिटेड (आईसीआरए) की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि पश्चिम एशिया में हालात भारत के ट्विन डेफिसिट, महंगाई और विदेशी धन प्रवाह पर असर डाल सकते हैं।

प्रशांत वसिष्ठ, आईसीआरए के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट ने कहा कि कई तेल उत्पादकों पर हमले से क्रूड तेल की अस्थिरता बढ़ सकती है।

### हॉर्मुज जलसंधि का महत्व

लगभग 20% वैश्विक पेट्रोलियम और छठऋ शिपमेंट हॉर्मुज जलसंधि के माध्यम से गुजरते हैं, जो इसे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का एक महत्वपूर्ण मार्ग बनाता है। भारत के तेल आयात का करीब 50% हिस्सा इराक, सऊदी अरब, वअए और कुवैत जैसे देशों से आता है। अगर क्षेत्रीय तनाव बढ़ता है या संघर्ष गहरा होता है, तो इस मार्ग से होने वाली तेल शिपमेंट पर असर पड़ सकता है, जिससे भारत समेत वैश्विक ऊर्जा बाजार में अस्थिरता और कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है।

### भारत की तैयारी और विकल्प

भारत ने तेल आपूर्ति के लिए रूस, अमेरिका, पश्चिम अफ्रीका और लैटिन अमेरिका से विविध स्रोत विकसित किए हैं। हालांकि, रूस और अन्य विकल्पों से तेल की आपूर्ति संभव है, लेकिन इन मार्गों पर यात्रा लंबी और लागत अधिक है। देश के स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व (रढफ) और रिफाइनरी स्टॉक्स अस्थायी आपूर्ति व्यवधान को संभालने में सक्षम हैं, जिससे ईंधन की उपलब्धता बनी रहती है। घरेलू स्तर पर ईंधन की कीमतों में तुरंत बढ़ोतरी की संभावना कम है, क्योंकि मूल्य समायोजन आमतौर पर लंबे समय तक मजबूत क्रूड कीमतों पर निर्भर करता है।

## 'रूस के साथ रिश्ते पर नहीं होगा असर' अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बोले रक्षा सचिव



रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते से भारत-रूस के रक्षा संबंध प्रभावित नहीं होंगे। भारत बहु-स्रोत रक्षा खरीद और स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देगा। जरूरत पड़ने पर फ्रांस, अमेरिका समेत अन्य देशों से भी रक्षा उपकरण खरीदता रहेगा, राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**नई दिल्ली।** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते का भारत और रूस के बीच रक्षा सहयोग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपनी सामरिक जरूरतों के आधार पर बहु-स्रोत रक्षा खरीद की नीति जारी रखेगा और साथ ही स्वदेशी रक्षा उत्पादन को और गति देगा। एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में सिंह ने कहा, अमेरिका के साथ व्यापार समझौता हमारे रूस के साथ रक्षा संबंधों में बाधा नहीं है।

उन्होंने कहा कि भारत अपनी परिचालन आवश्यकताओं के अनुसार रूस से खरीद जारी रखेगा और जरूरत पड़ने पर फ्रांस, अमेरिका सहित अन्य देशों से भी रक्षा उपकरण लेगा। उनके अनुसार, भारत की नीति संतुलित और व्यावहारिक है, जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है।

**रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को मजबूत कर रही सरकार- सिंहः** सिंह ने जोर देकर कहा कि सरकार रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को और मजबूत करना चाहती है। हम स्वदेशीकरण पर दोगुना जोर देंगे। उन्होंने कहा, हाल के वर्षों में भारत ने घरेलू रक्षा उत्पादन क्षमता बढ़ाने और आयात पर निर्भरता घटाने के लिए कई पहल की हैं। उल्लेखनीय है कि भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के तहत दोनों देशों ने शुल्क बाधाओं को कम करने पर सहमति जताई है।

**अमेरिका से भारत अगले पांच साल में 500 अरब डॉलर का सामान खरीदेगाः** इसके अलावा, भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर तक की ऊर्जा, विमान, प्रौद्योगिकी और कोकिंग कोयले की खरीद की मंशा जताई है। अमेरिका ने मसाले, चाय, कॉफी, आम, अंगूर और काजू जैसे भारतीय कृषि उत्पादों को शुल्क मुक्त पहुंच देने पर भी सहमति दी है। इससे भारतीय कृषि निर्यात को बढ़ावा मिल सकता है। रक्षा सचिव के बयान से संकेत मिलता है कि भारत रणनीतिक रूप से संतुलित विदेश और रक्षा नीति को बनाए रखते हुए अपने आर्थिक और सुरक्षा हितों को साथ लेकर आगे बढ़ेगा।

## फरवरी में जीएसटी कलेक्शन 8 प्रतिशत बढ़ा, 1.83 लाख करोड़ रुपए रहा कलेक्शन

**नई दिल्ली।** गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन फरवरी 2026 में सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत से बढ़कर 1.83 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि बीते वर्ष समान अवधि में 1.69 लाख करोड़ रुपए था। यह जानकारी सरकार की ओर से रविवार को दी गई। इससे पहले जनवरी में जीएसटी कलेक्शन 1.71 लाख करोड़ रुपए रहा है।

वित्त वर्ष 26 की शुरूआत से लेकर अब तक (अप्रैल 2025-फरवरी 2026 तक) जीएसटी कलेक्शन 20,27,033 करोड़ रुपए रहा है। इसमें सालाना आधार पर 8.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले साल समान अवधि में जीएसटी कलेक्शन 18,71,670 करोड़ रुपए था।

फरवरी के जीएसटी कलेक्शन में सेंट्रल जीएसटी (सीजीएसटी) 37,473 करोड़ रुपए रहा है, जबकि स्टेट जीएसटी (एसजीएसटी) 45,900 करोड़ रुपए रहा है। वहीं, इंटीग्रेटेड जीएसटी (आईजीएसटी) 1,00,236 करोड़ रुपए था। फरवरी में सरकार ने 22,595 करोड़ रुपए का रिफंड जारी किया है। इसमें सालाना आधार 10.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



अगर रिफंड को घटा दिया जाए तो फरवरी में शुद्ध जीएसटी कलेक्शन 1.61 लाख करोड़ रुपए हो जाता है। इसमें सालाना आधार पर 7.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 1,49,278 करोड़ रुपए था।

वहीं, फरवरी 2026 में सरकार का सेस कलेक्शन 5,063 करोड़ रुपए रहा है। सेस में सालाना आधार पर बड़ी गिरावट देखने को मिली है। इसकी वजह सरकार द्वारा सितंबर 2025 में जीएसटी 2.0 को लागू करना था, जिससे तहत अधिकतर सामानों पर सेस को हटा दिया गया था और जीएसटी के टैक्स स्लैब को चार (28 प्रतिशत, 18 प्रतिशत, 12 प्रतिशत और 5 प्रतिशत) से घटाकर (18 प्रतिशत और 5 प्रतिशत) कर दिया था।

फरवरी में महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु और कर्नाटक में सबसे अधिक जीएसटी कलेक्शन दर्ज किया गया। इसके बाद हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पश्चिम बंगाल का नाम शामिल था। वहीं, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लद्दाख, मिजोरम, नागालैंड और मणिपुर उन राज्यों में शामिल थे जहां सबसे कम जीएसटी संग्रह हुआ।

# Sport



ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को तीसरे वनडे मुकाबले में 185 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया।

## ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय महिला टीम को तीसरे मैच में 185 रनों से हराया, 3-0 से नाम की वनडे सीरीज

**होबार्ट।** ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को तीसरे वनडे मुकाबले में 185 रनों से हरा दिया। रविवार को होबार्ट में खेले गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से मिले 410 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की पूरी टीम 224 रन बनाकर सिमट गई। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज को 3-0 से अपने नाम किया। ऑस्ट्रेलिया ने स्टार खिलाड़ी एलिसा हीली को धमाकेदार जीत के साथ वनडे क्रिकेट से विदाई दी।

ऑस्ट्रेलिया से मिले 410 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय महिला क्रिकेट टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। स्मृति मंधाना बिना खाता खोले पवेलियन लौटीं। वहीं, प्रतिका रावल 21 गेंदों में 27 रन बनाकर एनाबेल सदरलैंड का शिकार बनीं। पहले दो वनडे मैचों में अर्धशतक लगाने वालीं कप्तान हरमनप्रीत कौर इस मुकाबले में बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और 25 रन बनाकर आउट हुईं। हरलीन देओल 14 रन बनाकर रनआउट हुईं। 29 गेंदों में 9 चौकों की मदद से 42 रन बनाने के बाद जेमिमा रोड्रिग्स को एश्ले गार्डनर ने पवेलियन भेजा। दीप्ति शर्मा 29 रन ही बना सकीं, जबकि ऋचा घोष 18 रन बनाकर अलाना किंग की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुईं। स्नेह राणा ने 74 गेंदों का सामना करते हुए 44 रन बनाए। भारतीय टीम ने निरंतर अंतराल पर विकेट गंवाए, जिसके चलते हरमनप्रीत एंड कंपनी को बड़ी हार झेलनी पड़ी। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से गेंदबाजी में अलाना किंग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 10 ओवर में सिर्फ 33 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए, जबकि जॉर्जिया वेयरहम ने 2 विकेट चटकाए।



इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने वनडे क्रिकेट में अपना तीसरा सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 50 ओवरों में 7 विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 409 रन लगाए। वनडे क्रिकेट में अपना आखिरी मुकाबला खेलने उतरीं कप्तान एलिसा हीली ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए महज 98 गेंदों में 158 रनों की लाजवाब पारी खेली। वहीं, बेथ मूनी ने 84 गेंदों में 106 रन बनाए, जबकि जॉर्जिया वॉल ने 52 गेंदों में 62 रनों का योगदान दिया। भारतीय गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजों के आगे पूरी तरह से बेबस नजर आईं। श्री चरणी ने अपने 10 ओवर के स्पेल में 106 रन खर्च करते हुए 2 विकेट चटकाए, तो स्नेह राणा ने 66 रन देकर 2 विकेट निकाले। दीप्ति और रेणुका सिंह के खाते में एक-एक विकेट आया। पहले वनडे में ऑस्ट्रेलिया ने 6 विकेट से जीत दर्ज की थी। वहीं, दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को 5 विकेट से हराया था।

## हार कर भी हीरो बने दासुन शनाकाः 76 रन की तूफानी पारी से बनाए तीन रिकॉर्ड

**पल्लेकेले।** टी20 विश्वकप के सुपर-8 मुकाबले में श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच पल्लेकेले में खेले गए मैच ने दर्शकों की धड़कनें बढ़ा दीं। श्रीलंका को भले ही पांच रन से करीबी हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कप्तान दासुन शनाका ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से इतिहास रच दिया।

### सातवें नंबर पर आकर खेली तूफानी पारी

सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे शनाका ने 31 गेंदों में नाबाद 76 रन ठोक डाले। उनकी इस पारी में आठ छक्के और दो चौके शामिल थे। टी20 विश्व कप इतिहास में सातवें या उससे नीचे बल्लेबाजी करते हुए यह अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के माइक हसी (60*) के नाम था।

### कप्तान के रूप में बने 'सिक्सर किंग'

शनाका ने इस विश्व कप में कुल 21 छक्के पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह टी20 विश्व कप में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने भारत के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया, जिनके नाम 19 छक्के थे। इस सूची में क्रिस गेल और जोस बटलर 17-17 छक्कों के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं, जबकि एमएस धोनी 16 छक्कों के साथ चौथे स्थान पर हैं।



### श्रीलंका के लिए भी नया रिकॉर्ड

एक टी20 पारी में आठ छक्के लगाने वाले शनाका पहले श्रीलंकाई बल्लेबाज बन गए। इससे पहले 2017 में कुसल परेरा ने भारत के खिलाफ सात छक्के लगाए थे। शनाका की यह पारी न सिर्फ व्यक्तिगत उपलब्धि थी, बल्कि श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए भी गर्व का क्षण बनी।

### मैच का रोमांचक घटनाक्रम

पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 212 रन बनाए। साहिबजादा फरहान ने 60 गेंद में नौ चौके और पांच छक्के की मदद से 100 रन और फखर जमां ने 42 गेंद में नौ चौके और चार छक्के की मदद से 84 रन बनाए। दोनों ने पहले विकेट के लिए 176 रन की साझेदारी की। इसके अलावा कोई पाकिस्तानी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। जवाब में श्रीलंका 20 ओवर में छह विकेट पर 207 रन ही बना सकी। शनाका के अलावा पवन रत्नायके ने 37 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 58 रन बनाए। आखिरी ओवर में 28 रन की जरूरत थी। शनाका ने शाहीन अफरीदी की गेंदों पर एक चौका और लगातार तीन छक्के लगाए। अंतिम दो गेंदों पर छह रन चाहिए थे, लेकिन श्रीलंका जीत से चूक गई।

### जीतकर भी बाहर हुआ पाकिस्तान

सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पाकिस्तान को बड़ी जीत चाहिए थी। उन्हें श्रीलंका के खिलाफ कम से कम 64 रन से जीतना था। हालांकि पाकिस्तान पांच रन से जीत पाया और रन रेट के आधार पर सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सका। ग्रुप-2 से इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने अंतिम चार में प्रवेश किया।

## टी20 विश्वकप से बाहर होने के बाद श्रीलंका के कोच सनथ जयसूर्या देंगे इस्तीफा

**पल्लेकेले।** टी20 विश्व कप 2026 की सह-मेजबान श्रीलंका का सफर समाप्त हो गया। आखिरी मुकाबले में उसे पाकिस्तान ने पांच रन से हरा दिया। हालांकि, इस जीत से पाकिस्तान को कुछ खास लाभ नहीं हुआ और वह भी बाहर ही हो गई। अब श्रीलंका टीम के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या ने अपने पद से इस्तीफा देने का एलान किया है।

श्रीलंका पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच सनथ जयसूर्या अपने पद से इस्तीफा देंगे। हालांकि, उन्होंने इस बारे में क्रिकेट श्रीलंका (एसएलसी) को कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी है। टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ करीबी हार के साथ श्रीलंका के अभियान के समाप्त होने के बाद पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयसूर्या ने बताया कि उनका मूल अनुबंध जून 2026 तक था। उन्होंने कहा, 'मेरा अनुबंध जून में खत्म हो रहा है, लेकिन मैं उससे पहले चला जाऊंगा। मैं श्रीलंका क्रिकेट से बात करके अपना पद छोड़ने का फैसला करूंगा।' संभावना है कि वह 13 मार्च से शारजाह में शुरू हो रही अफगानिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय टी20 और वनडे सीरीज तक टीम के साथ बने रह सकते हैं।

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन) मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.) मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### यात्रियों से भरी बस नशे में चला रहे ड्राइवर को चेकिंग के दौरान टीआई ने पकड़ा

**इंदौर।** विजयनगर थाना क्षेत्र में देर रात चलाए गए विशेष सघन वाहन चेकिंग अभियान में पुलिस ने एक यात्री बस को रोककर बड़ी लापरवाही का खुलासा किया। बस ड्रायवर और क्लीनर शराब के नशे में यात्रियों की जान जोखिम में डालकर वाहन चला रहा थे। पुलिस ने



ड्रायवर और वाहन मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर बस जब्त कर ली है। थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल 28 फरवरी शनिवार रात करीब 1 बजे रसोमा चौराहा क्षेत्र में चेकिंग कर रहे थे। तभी बस को सदेंह होने पर उन्होने रूकवाया। ड्रायवर राधेश्याम (45), निवासी देवास का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया गया। इसमें 78.9एमजी/100एमएल अल्कोहल पाया गया, जो तय सीमा से काफी ज्यादा है। उस समय बस में यात्री भी सवार थे, जिससे उनकी जान को गंभीर खतरा था। टीआई ने इस दौरान डॉक्यूमेंट मांगे जिसमें बस का वैध परमिट नहीं मिला। पूछताछ में सामने आया कि वाहन स्वामी द्वारा जानबूझकर बिना परमिट बस का संचालन कराया जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने ड्रायवर और वाहन स्वामी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 281 और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185, 66/192(क), 5/180, 130/177(2), 36/177, 38/177 व 207 के तहत केस दर्ज किया है और बस को जब्त कर लिया है। परमिट को लेकर आरटीओ अफसरों को जानकारी दी गई है।


### मांस से भरी गाड़ी पकड़ी, हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं का हंगामा

**इंदौर।** इंदौर के राऊ इलाके में एबी रोड पर रविवार को पुलिस ने मवेशी के मांस से भरी एक गाड़ी पकड़ी है। सूचना मिलते ही मौके पर काफी संख्या में बजरंग दल के लोग जमा हो गए और उन्होंने हंगामा किया। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर थाने भिजवा दिया। राऊ पुलिस के मुताबिक पकड़े गए ड्राइवर जमील मांस को चंदन नगर से बंबई बाजार ले जा रहा था। जांच के दौरान उसके पास से केटोमेंट (परिवहन/काटने से संबंधित) की रसीदें भी मिली हैं। हालांकि पुलिस अभी मामले में जांच कर रही है। मामले की पुष्टि के लिए मांस के सैंपल जांच हेतु वेटनरी डॉक्टरों की टीम को मौके पर बुलाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा कि मांस किस प्रकार का है और आगे क्या कार्रवाई होगी। पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। साथ ही मांस के स्रोत और परिवहन की वैधता को लेकर जांच की जा रही है।

इंदौर में साड़ी वॉकथॉन के आयोजन में महापौर भी हुए शामिल

# स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश





दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में साड़ी वॉकथॉन का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त शहर का संदेश दिया। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में यह आयोजन रविवार सुबह नेहरू स्टेडियम से शुरू होकर डेली कॉलेज मार्ग से होते हुए फिर स्टेडियम परिसर में समाप्त हुआ।

कार्यक्रम इंदौर नगर निगम और द वर्ल्ड फिटनेस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं साड़ी पहनकर शामिल हुईं। इस दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव और स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल भी मौजूद रहे।

आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। प्रतिभागियों को सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़कर कपड़े के थैले और पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने का संदेश दिया गया। साड़ी वॉकथॉन में शामिल हुई महिला प्राची अग्रवाल ने कहा कि साड़ी में हमारी सभ्यता और संस्कार झलकते हैं, और यह सभी संस्कृतियों को साथ लेकर आगे बढ़ने का संदेश देती है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सफाई कर्मियों का भी सम्मान किया

इंदौर नगर निगम मेयर ने महिलाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 1 मार्च को साड़ी वॉकथॉन आयोजित किया। इस कार्यक्रम की मैनेजर आरती माहेश्वरी हैं जिन्होंने नागर ब्राह्मण समाज की महिलाओं के लिए आमंत्रण दिया। सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री इंदौर (डिस्पोसबल का उपयोग कम से कम हो) इस वॉकथॉन का उद्देश्य था। इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में मातृशक्तियों ने हिस्सा लेकर नागर समाज का प्रतिनिधित्व किया। महापौर ने सभी को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की शपथ दिलाई। महिला सफाई कर्मियों का भी सम्मान किया गया। साड़ी वॉकथॉन नेहरू स्टेडियम से डेली कॉलेज और फिर नेहरू स्टेडियम तक था। सभी महिलाओं के बीच सबसे बड़ा समूह नागर समाज का ही था। कई बार आयोजकों ने मंच से नागर समाज का नाम लिया और प्रशंसा की। हमें मंचपर बुलाकर सम्मानित किया गया। कई महिलाओं ने आगे आकर हमारे नागर समूह के साथ तस्वीरें खिंचवाई। सबने गरबा किया और जय हाटकेश और अंबे मात के जयकारे भी लगाये गये। इस तरह से सबके बीच हमारे नागर समाज का नाम रोशन हुआ।

तीसरी मंजिल पर टॉवर तोड़ते समय हादसा

## मलबे में दबने से मजूदर की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के विजयनगर थाना क्षेत्र में शनिवार को निर्माण कार्य के दौरान बड़ा हादसा हो गया। तीसरी मंजिल पर टॉवर तोड़ रहे एक मजदूर पर अचानक छत का हिस्सा गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान हरिओम (45) पुत्र मोहनसिंह, निवासी कुलकर्णी का भट्टा के रूप में हुई है। घटना बड़ी भमोरी इलाके की है, जहां वह अपने साथियों के साथ मकान के ऊपरी हिस्से को तोड़ने का काम कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हरिओम तीसरी मंजिल पर बने टॉवर को तोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक छत का हिस्सा भरभराकर गिर पड़ा और वह मलबे में दब गया। साथियों ने तुरंत उसे बाहर निकाला और ठेकेदार महेश की मदद से अस्पताल पहुंचाया। घायल अवस्था में हरिओम को एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हरिओम अपने दो भाइयों के साथ मकान निर्माण कार्य से जुड़ा था। उसके परिवार में पत्नी और एक बेटा है। विजयनगर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था या नहीं।




## बदमाशों ने ट्रेवलर के कांच तोड़े

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में चेतन स्कूल के पास खड़ी एक ट्रेवलर गाड़ी के कांच बदमाशों ने चकनाचूर कर दिए। मामला रामानंद नगर में शनिवार रात करीब 2 बजे का है। गाड़ी मालिक जितेंद्र धारवा घर में सो रहे थे, तभी अचानक तेज आवाज से नींद खुली। बाहर आकर देखा तो ट्रेवलर के कांच टूटे पड़े थे। आसपास के लोग भी आवाज सुनकर घरों से बाहर निकल आए और तुरंत पुलिस को सूचना दी। हैरानी की बात यह है कि बदमाशों ने 5 दिन पहले भी जितेंद्र की टवेरा कार के कांच फोड़े थे। छत्रीपुरा, एरोड्रम और चंदन नगर इलाके में बदमाशों ने एक के बाद एक करीब दर्जनभर गाड़ियों के कांच तोड़ दिए थे। उस मामले में पुलिस ने ध्रुव और सावन नाम के आरोपियों को पकड़ा था। कार्रवाई के बाद लोगों ने अफसरों का स्वागत किया था। इस बार पुलिस के हाथ अभी तक कोई ठोस सीसीटीवी फुटेज नहीं लगे हैं। शुरूआती जांच में यह आशंका जताई जा रही है कि बदमाश नशे में वारदात कर रहे हैं।

जय माता दी
उज्जैन में नाकोडा हिल्स कॉलोनी देवास रोड पर 20X60 पश्चिम दिशा का रजिस्ट्री करा हुआ पूर्ण वैध प्लाट खरीदने के लिए संपर्क करें।
संपर्क करें
मो. 6262369656

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
• दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
• टूर गाइड सुविधा
• आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
• टेम्पो ट्रेवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
• आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
• प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
• दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
• तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
• चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
• पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
• छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800




पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

खुश खबर खुश खबर खुश खबर
उज्जैन व्यापार मेला
आइये और पाइये वर्ष 2026 की सबसे बेहतरीन डील
आर.टी.ओ. टैक्स पर 50% की छूट
इसके अलावा और भी अन्य लाभ प्राप्त करने के लिए आज ही अपनी मारुती सुजुकी कार मॉडल तय कर बुक करे, मेले का लाभ वाहन उपलब्ध होने पर ही दिया जायेगा, तो आज ही अपना वाहन बुक करे और मेले का लाभ प्राप्त करे।
युग कार्स (मारुति शो-रूम)
नागझिरी देवास रोड, उज्जैन
मोबाइल: 7389901262, 9755510100, 9752530200
मारुति ऑउटलेट उज्जैन तहसील
नागदा : नागदा बाईपास जावरा रोड 9009140508
तराना : तोतला मार्ग 9589090827
बड़नगर : रुनिजा रोड 9993566820
महिदपुर : घोंसला रोड, नारायण सिंह सोलंकी 9109107176
खाचरौद : पटेल नगर बड़नगर रोड 9993566910
घट्टिया : जगोटी रोड के पास, आगर रोड 8959600100
इंगोरिया : उज्जैन - नागदा रोड, इंगोरिया 9340294804

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com